
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# स्वतंत्र प्रभात

जो लिखेगा, वही टिकेगा



स्वतंत्र प्रभात दैनिक अख़बार तथा ऑनलाइन चैनल से सीधा जुड़ने के लिए संपर्क करें........
9511151254

@swatantraprabhatmedia | @swatantramedia | RNI.No. UPHIN/2019/79073 (epaper.swatantraprabhat.com ) | @SwatantraPrabhatonline | news@swatantraprabhat.com

लखनऊ से प्रकाशित एंव अयोध्या ,प्रयागराज ,मिर्जापुर ,गोरखपुर , बरेली ,बुंदेलखंड , उत्तराखंड , देहरादून

लखनऊ,शनिवार , 09 मई 2026
वर्ष 07, अंक 213, पृष्ट 12, मूल्यः 03 रुपया
www.swatantraprabhat.com

गाज़ियाबाद , दिल्ली , हरियाणा , चंडीगढ़ , झारखण्ड , बिहार , मध्य प्रदेश ,असम, तेलंगाना आदि जनपदो में प्रसारित

डिप्टी सीएम के निर्देश पर लापरवाह डॉक्टरों पर गिरी गाज............03

ग्रेटर नोएडा में डबल मर्डर से सनसनी! हॉस्टल में मिले 2 शव...........12

## गवाहों को धमकाया जा रहा', लखीमपुर खीरी हिंसा केस की शिकायतों पर सुप्रीम कोर्ट नाराज

**● लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में 3 अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित 8 लोग मारे गए थे. चार किसानों को एक गाड़ी ने कुचल दिया था**



दिसंबर 2021 में UP के लखीमपुर खीरी जिले में विरोध-प्रदर्शन कर रहे किसानों की गाड़ी से कुचलकर की गई हत्या के मामले में शुक्रवार को सुप्रीम कोर्ट में अहम सुनवाई हुई. इस मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री अजय मिश्रा टेनी के बेटे आशीष मिश्रा सहित अन्य के खिलाफ मामला दर्ज है। शुक्रवार को इस मामले की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने गवाहों को पेश नहीं किए जाने को लेकर गंभीर नाराजगी जताई। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने जो स्थिति रिपोर्ट सौंपी है जिसमें गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।

**गवाहों की पेशी में देरी पर सुप्रीम कोर्ट की नाराजगी**

गवाहों को कोर्ट में पेश नहीं किए जाने और स्टेटस रिपोर्ट में इसका कारण नहीं होने पर सुप्रीम कोर्ट ने 4 हफ्तों में डिटेल रिपोर्ट मांगी है। पीठ ने कहा कि लगभग दो महीने से इस मामले में किसी भी गवाह से पूछताछ नहीं की गई है। पीठ ने कहा, '' हम पीठासीन न्यायाधीश को गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनसम्मत कदम उठाने का निर्देश देते हैं.'' पीठ ने निचली अदालत के न्यायाधीश से मुकदमे को समयबद्ध तरीके से समाप्त करने का प्रयास करने और कोर्ट के सामने स्टेटस रिपोर्ट पेश करने को कहा।

**गवाह को पेश नहीं करने का कारण भी नहीं बताया गया**

सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा, 'हमें यह देखकर निराशा हुई कि तथाकथित स्टेटस रिपोर्ट में पिछली तारीखों पर गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है।' इस केस में मार्च में हुई प्रोग्रेस पर जस्टिस बागची ने कहा- गवाह पेश हुआ, सरकारी वकील ने कहा कि मैं इस गवाह को छोड़ रहा हूं. आपके जांच किए जाने वाले सरकारी गवाहों की संख्या अभी भी उतनी ही है।

**प्रशांत भूषण ने कहा- गवाहों को धमकाया जा रहा है, इसलिए नहीं हो रही पेशी**

मामले में वरिष्ठ वकील प्रशांत भूषण ने दलील देते हुए कहा कि स्टेटस रिपोर्ट से पता चलता है कि जो टेप हमने सौंपा था, वह सही पाया गया... लेकिन वे कह रहे हैं कि इस व्यक्ति की संलिप्तता की अभी भी जांच की जा रही है... मैं दिखाऊंगा कि गवाहों को क्यों छोड़ा जा रहा है. यह काफी परेशान करने वाली बात है. प्रशांत भूषण ने कहा कि पुलिस तारीख से पहले गवाहों को धमका रही है. इसीलिए वे नहीं आ रहे हैं।

**9 गवाहों की पेशी अब भी बाकी**

स्ट ने कहा कि दो ट्रायल चल रहे हैं। आज कोर्ट में दाखिल की गई लेटेस्ट स्टेटस रिपोर्ट में कहा गया है कि पहले ट्रायल में, केवल 44 गवाहों की जांच की गई है और 15 को बरी कर दिया गया है. दूसरा ट्रायल कुल 35 गवाहों की जांच होनी है, 26 ने गवाही दी है।केवल 9 बाकी हैं. हमें यह देखकर निराशा हुई कि तथाकथित स्टेटस रिपोर्ट में पिछली तारीखों पर गवाहों को पेश न करने का कोई कारण नहीं बताया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि ऐसा लगता है कि 2 महीनों से किसी भी गवाह की जांच नहीं की गई है। हम पीठासीन न्यायाधीश को निर्देश देते हैं कि वे दोनों मामलों में गवाहों की उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कानूनी उपाय करें. इसके बाद सुप्रीम कोर्ट ने आदेश में यह जोड़ा कि पीठासीन न्यायाधीश गवाह सुरक्षा योजना का पालन भी सुनिश्चित करें. दोनों ट्रायलों को समयबद्ध तरीके से पूरा करने का प्रयास करें।

**4 हफ्तों में मांगी रिपोर्ट**

तीसरे ट्रायल पर सुप्रीम कोर्ट ने कहा स्टेटस रिपोर्ट से पता चलता है कि चार्जशीट दाखिल कर दी गई है, लेकिन जहां तक याचिकाकर्ता का सवाल है, उसकी भूमिका की अभी भी जांच की जा रही है. जांच अधिकारी जांच पूरी करें और यह सुनिश्चित करें कि रिपोर्ट 4 सप्ताह के भीतर कोर्ट में दाखिल कर दी जाए।

**2021 में डिप्टी सीएम के दौरे के विरोध में भड़की थी हिंसा**

मालूम हो कि लखीमपुर खीरी हिंसा मामले से जुड़े दो मामलों की सुनवाई उत्तर प्रदेश की एक अदालत में चल रही है. लखीमपुर खीरी जिले के तिकुनिया में तीन अक्टूबर, 2021 को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के दौरे के विरोध में किसानों द्वारा किए गए प्रदर्शन के दौरान चार किसानों सहित आठ लोग मारे गए थे. चार किसानों को एक स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल (स्पोर्ट्स यूटिलिटी व्हीकल) ने कुचल दिया था. इसके बाद कथित तौर पर क्रोधित किसानों ने एक चालक और भाजपा के दो कार्यकर्ताओं की पीट-पीटकर हत्या कर दी थी. हिंसा में एक पत्रकार की भी मौत हो गई।

## बंगाल के नए मुख्यमंत्री होंगे शुभेंदु अधिकारी, अग्निमित्रा पॉल और निसिथ बनेंगे डिप्टी सीएम

**● पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत दर्ज करने के बाद बीजेपी ने आज सीएम फेस का ऐलान कर दिया है. शुभेंदु अधिकारी राज्य के नए और बीजेपी के पहले मुख्यमंत्री होंगे. बीजेपी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लगी. अब शनिवार को नई सरकार का शपथ-ग्रहण समारोह होगा।**



शुभेंदु अधिकारी पश्चिम बंगाल के नए सीएम होंगे. अग्निमित्रा पॉल और निसिथ प्रमाणिक डिप्टी सीएम होंगे फाइनल ऐलान हो गया है. बीजेपी विधायक दल की बैठक में उनके नाम पर मुहर लग गई है। अब कल शपथ लेंगे। इससे पहले आज शाम शुभेंदु राज्यपाल से मिलेंगे और सरकार बनाने का दावा पेश करेंगे.आज हुई विधायक दल की बैठक में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के साथ ही सुनील बंसल, अमित मालवीय, बिप्लब देब, निशित प्रमाणिक, अग्निमित्र पाल और शंकर घोष मौजूद रहे। अमित शाह ने कहा कि बंगाल की जनता ने पीएम मोदी पर भरोसा किया है। मैं हाथ जोड़कर राज्य की जनता को धन्यवाद देता हूं. हिंसा के बीच राज्य की जनता ने प्रचंड जनादेश दिया है. 321 देवतुल्य कार्यकर्ताओं ने बलिदान दिया है. आज गंगा से गंगासागर तक बीजेपी की सरकारें हैं. हमें विनम्रता से जिम्मेदारी निभानी होगी।

**ब्रिगेड परेड ग्राउंड में शपथ ग्रहण समारोह**

बता दें कि रवींद्र जयंती के मौके पर शनिवार सुबह 10 बजे ब्रिगेड परेड ग्राउंड में नई सरकार का शपथ ग्रहण समारोह होगा. इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, गृह मंत्री अमित शाह, रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी, बीजेपी अध्यक्ष नितिन नबीन और शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान मौजूद रहेंगे. साथ ही एनडीए शासित 20 राज्यों के मुख्यमंत्री मौजूद रहेंगे. रवींद्र जयंती के मौके पर होने वाले शपथ-ग्रहण समारोह में बंगाली रंग की झलक भी देखने को मिलेगी।

**कौन-कौन मंत्री बन सकता है?**

बताया जा रहा है कि दिलीप घोष, शंकर घोष, स्वपन दासगुप्ता, निशित प्रमाणमिक, जितेंद्र तिवारी और शरदवत मुखर्जी मंत्री बन सकते हैं. नीलाद्रि शेखर और प्रणत टुडू भी मंत्री पद की दौड़ में हैं. इसके साथ ही रुद्रनील घोष, दुधकुमार मंडल और बंकिम घोष भी मंत्री बन सकते हैं।

**बीजेपी की जीत में शुभेंदु का रोल**

कई नामों पर चर्चा होने के बावजूद शुभेंदु इस दौड़ में सबसे आगे थे. चुनाव परिणाम घोषित होने के बाद से ही कहा जा रहा था कि ममता बनर्जी के गढ़ भाबानीपुर से जीत दर्ज करने वाले शुभेंदु ही राज्य के नए सीएम होंगे। राज्य में पार्टी की जीत में उनका बड़ा योगदान है. इसके अलावा उन्हें कई वर्षों तक राज्य के मंत्री के रूप में काम करने का अनुभव भी है. इन सब तथ्यों को देखते हुए पार्टी आलाकमान ने उन्हें राज्य में सत्ता की कुर्सी सौंप दी है।

**अग्निमित्रा पॉल और निसिथ प्रमाणिक के बारे में**

अग्निमित्रा पॉल ने इस विधानसभा चुनाव में आसनसोल दक्षिण से जीत दर्ज की है. उन्हें 1 लाख 19 हजार 582 वोट मिले. उन्होंने 40 हजार से ज्यादा वोटों से इस सीट पर जीत का परचम लहराया. वहीं, निसिथ प्रमाणिक ने माथाभांगा विधानसभा सीट से जीत दर्ज की है. उन्हें 1 लाख 43 हजार 340 वोट मिले, उन्होंने 57 हजार 90 वोटों से जीत दर्ज की है।

## संक्षिप्त ख़बरें

### कोलकाताः विश्वभारती यूनिवर्सिटी में झालमुड़ी खाते हुए 'जय श्रीराम' का लगाया नारा, शोध छात्र से मंगवाई गई माफी




बंगाल में सत्ता परिवर्तन के माहौल के बीच विश्वभारती विश्वविद्यालय के एक शोध छात्र द्वारा 'जय श्रीराम' का नारा लगाते हुए इंटरनेट मीडिया पर रील पोस्ट करने को लेकर विवाद खड़ा हो गया। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्र को लिखित माफी और मुचलका देने का निर्देश दिया। छात्र ने निर्देश मानते हुए माफी मांग ली है और कथित विवादित रील भी इंटरनेट मीडिया से हटा दी गई है। विश्वविद्यालय प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया है कि एक शैक्षणिक संस्थान के रूप में विश्वभारती किसी भी राजनीतिक बयानबाजी का समर्थन नहीं करता।

**क्या है पूरा मामला?**

जानकारी के अनुसार, अर्थशास्त्र विभाग के एक शोध छात्र ने फेसबुक पर एक वीडियो पोस्ट किया था। वीडियो में वह विश्वविद्यालय परिसर में हाथ में झालमुड़ी लेकर 'जय श्रीराम' के नारे लगाते दिखाई दे रहा था। वीडियो में छात्र यह भी कहते सुनाई दे रहा था कि यह हमारे बंगाल की प्रसिद्ध झालमुड़ी है। इसी झालमुड़ी को खाकर सरकार बदली है। अब हम भी विश्वभारती में बदलाव का ट्रेंड शुरू कर रहे हैं।

**वीडियो वायरल होने के बाद शुरू हुआ विवाद**

वीडियो प्रसारित होने के बाद विश्वविद्यालय परिसर में विवाद शुरू हो गया। इसके बाद संबंधित छात्र को लिखित रूप से माफी मांगने और मुचलका देने को कहा गया। विभाग को दिए गए मुचलके में छात्र ने अपनी पोस्ट पर खेद जताया और भविष्य में विभाग या विश्वविद्यालय को लेकर कोई विवादित पोस्ट नहीं करने का आश्वासन दिया।

**नियम सभी के लिए समान होना चाहिए**

हालांकि, इस घटना को लेकर विश्वविद्यालय के भीतर अलग-अलग राय भी सामने आई है। अधिकारियों के एक वर्ग का कहना है कि पहले भी छात्र, शिक्षक और अधिकारी राजनीतिक गतिविधियों से जुड़े रहे हैं। ऐसे में नियम सभी के लिए समान होना चाहिए। इस पूरे मामले पर विश्वभारती के कार्यवाहक जनसंपर्क अधिकारी ने कहा कि यह पूरी तरह विभागीय स्तर का आंतरिक मामला है और इसका समाधान हो चुका है।

## ग्रेटर नोएडा में पिता बना हैवान! अपनों को फंसाने के लिए 13 साल के बेटे की गला दबाकर हत्या

**● ग्रेटर नोएडा में संपत्ति विवाद के चलते एक पिता ने अपने ही 13 वर्षीय बेटे की हत्या कर शव तालाब में फेंक दिया. पकड़े जाने के बाद आरोपी ने सड़क पर ब्लेड से गला काटकर आत्महत्या की कोशिश भी की. पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के ग्रेटर नोएडा में एक पिता ने संपत्ति विवाद में अपने ही परिवार को फंसाने की साजिश रचते हुए इकलौते बेटे की गला दबाकर हत्या कर दी. बाद में अपने परिवार के अन्य सदस्यों को फंसाने और इस घटना को हत्या का रूप देने की साजिश के तहत उसके शव को तालाब में फेंक दिया. पिता ने ऐसा इसलिए किया ताकि लोगों को यह लगे कि संपत्ति विवाद में दूसरे परिवार के सदस्यों ने उसकी हत्या कर दी है. इस घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया। गुरुवार को कासना थाने में 13 वर्षीय लड़के के लापता होने की सूचना दी गई. सूचना मिलते ही पुलिस ने गंभीरता दिखाते हुए तत्काल मुकदमा दर्ज कर बच्चे की तलाश के लिए दो टीमों का गठन किया. पुलिस टीम ने इलाके के सीसीटीवी कैमरे खंगालने शुरू किए और आसपास के लोगों व बच्चों से पूछताछ की. जांच के दौरान सामने आया कि आखिरी बार लड़का अपने पिता के साथ कार में जाता हुआ दिखाई दिया. बस यहीं से पुलिस की जांच की सुई पिता की ओर घूम गई। जब पुलिस ने पिता को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ की, तो वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा. पूछताछ के दौरान पिता बार-बार अपने बयान बदलता रहा. पुलिस को उसकी बातों पर शक हुआ और टीम ने उससे लगातार पूछताछ जारी रखी. वह हर बार अलग-अलग कहानी बनाकर जांच की दिशा भटकाने की कोशिश करता रहा, लेकिन पुलिस की सतर्कता और तकनीकी जांच के चलते उसकी साजिश ज्यादा देर तक नहीं चल सकी।

**जांच में खौफनाक खुलासा**

इस पूरे मामले में कासना थाना पुलिस को सूचना मिली कि सिरसा गांव स्थित 6 प्रतिशत कॉलोनी के पास एक तालाब में एक बच्चे का शव पड़ा हुआ है. सूचना मिलते ही पुलिस और उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे. जब शव की पहचान की गई, तो वह वही 13 वर्षीय बच्चा निकला जिसकी सुबह गुमशुदगी दर्ज कराई गई थी। शव मिलने के बाद परिवार और गांव में चीख-पुकार मच गई. पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू की. पुलिस जांच में धीरे-धीरे जो सच्चाई सामने आई, उसने सभी को हैरान कर दिया. जांच में पता चला कि बच्चे के पिता ने ही उसकी हत्या की थी। बताया जा रहा है कि आरोपी का अपने परिवार के अन्य सदस्यों से संपत्ति को लेकर विवाद चल रहा था. इसी विवाद में अपने परिजनों को फंसाने की नीयत से उसने अपने बेटे की हत्या कर दी, ताकि मामला परिवार के अन्य लोगों पर डाला जा सके. पुलिस के अनुसार, आरोपी ने पहले बच्चे की गला दबाकर हत्या की और बाद में शव को तालाब में फेंक दिया, ताकि मामला हादसा या अपहरण जैसा लगे।







**आरोपी ने की आत्महत्या की कोशिश**

पुलिस के मुताबिक, मामले में गिरफ्तारी के दौरान आरोपी पिता ने आत्महत्या करने की भी कोशिश की. आरोपी ने बीच सड़क पर धारदार ब्लेड से अपना गला काटने का प्रयास किया. इस दौरान का एक वीडियो भी सामने आया है, जिसमें आरोपी खुद को नुकसान पहुंचाते हुए दिखाई दे रहा है. हालांकि, मौके पर मौजूद स्थानीय लोगों ने किसी तरह उसे रोका और तुरंत अस्पताल पहुंचाया. इसके बाद पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लेकर गिरफ्तार कर लिया।

**इकलौते बेटे की हत्या से गांव में मातम**

मृतक बच्चा अपने माता-पिता का इकलौता बेटा बताया जा रहा है. गांव के लोगों का कहना है कि किसी ने कभी सोचा नहीं था कि एक पिता अपने बेटे के साथ इतनी बेरहमी कर सकता है. घटना के बाद गांव में मातम का माहौल है. लोग आरोपी पिता को कोसते नजर आए। ग्रामीणों का कहना है कि संपत्ति के लालच ने एक पिता को इतना अंधा बना दिया कि उसने अपने ही घर का चिराग बुझा दिया. इस पूरे मामले में ग्रेटर नोएडा के डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया कि आरोपी पिता ने बड़ी सोची-समझी साजिश के तहत इस पूरी वारदात को अंजाम दिया। वह लगातार पुलिस को गुमराह करता रहा. फिलहाल पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है और मामले में आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## बाढ़ सुरक्षा कार्यों में गड़बड़ी मिली तो होगी कठोर कार्रवाई

**● जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ बचाव कार्य 15 जून तक पूरे करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कार्य की गुणवत्ता और समयबद्धता में लापरवाही पर कठोर कार्रवाई की चेतावनी दी।**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने मानसून से पहले संवेदनशील और अति संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ बचाव के कार्य पूरे करने के निर्देश दिए हैं। मंत्री ने कहा कि ड्रेन की सफाई सहित अन्य कार्य 15 जून तक पूरे करा लिए जाएं। कार्य में सामग्री की गुणवत्ता और समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। मानक के विपरीत कार्य मिलने पर संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। शुक्रवार को लखनऊ स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय में आयोजित बैठक में जल शक्ति मंत्री ने कहा कि जनहित की परियोजनाओं में कोई लापरवाही या देरी न की जाए। सभी अभियंता अपने-अपने संगठन व परिक्षेत्र में वन ड्राप मोर क्राप के सिद्धांत पर आधारित कम से कम एक नई और नवाचारी परियोजना का खाका तैयार करें। बदलती जलवायु और घटते जल स्तर के बीच हमें सिंचाई की ऐसी तकनीकें विकसित करनी होंगी, जो कम पानी में किसानों को अधिकतम पैदावार दे सकें। उन्होंने मुख्य अभियंताओं से नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और साइफन की वर्तमान स्थिति की जानकारी ली। निर्देश दिए कि बैराज, फीडर और रेगुलेटरों के संचालन में तकनीकी खामियों को तत्काल दूर किया जाए। फील्ड अफसर मौके पर जाकर जल वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करें। लंबित परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने के लिए भी अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में प्रमुख सचिव सिंचाई एवं जल संसाधन अनिल गर्ग, प्रमुख अभियंता एवं विभागाध्यक्ष संदीप कुमार आदि उपस्थित रहे।

## लखनऊ में सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत

**● जहरीली गैस के प्रभाव में आने से हुए बेहोश**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखनऊ।** माल क्षेत्र में शुक्रवार को दिन में बड़ा हादसा होने से अफरा-तफरी मची है। माल थाना क्षेत्र के नबी पनाह गांव में सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे दो मजदूरों की मौत हो गई। बताया जा रहा है कि दोनों मजदूर जहरीली गैस के प्रभाव में आने से हुए बेहोश हो गए और थोड़ी देर में दम तोड़ दिया। इस घटना की जानकारी मिलने पर मलिहाबाद के उपजिलाधिकारी अंकित मौर्य व तहसीलदार केशव सिंह भी माल समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर पहुंचे। सेफ्टी टैंक की सफाई करने उतरे मजदूर रिंकू और राजेश की दम घुटने से मौत हो गई। दोनों बिना किसी सुरक्षा उपकरण के सेफ्टी टैंक में उतरे थे। जहां पर दम घुटने से दोनों ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने दोनों के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। इस दौरान दोनों मजदूरों के परिवार का लोगों के साथ ग्रामीण भी



अस्पताल के बाहर एकत्र थे।

**मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने व्यक्त किया दुख**

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मजदूरों के निधन का तत्काल संज्ञान लिया। उन्होंने गहरा दुःख व्यक्त किया और हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति संवेदना प्रकट करते हुए अधिकारियों को तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिए हैं। सीएम योगी आदित्यनाथ ने प्रशासन को राहत एवं बचाव कार्य में तेजी लाने के साथ-साथ घायलों को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि मृतक के परिवारीजन को जल्द से जल्द उचित मुआवजा देने का निर्देश दिया है।

## बुलंदशहर में बेकाबू ट्रक ने परिवार को कुचला, पति-पत्नी समेत 3 बच्चों की मौत

**● उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर में नेशनल हाईवे-34 पर तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार परिवार को कुचल दिया. हादसे में पति-पत्नी समेत तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई. दुर्घटना के बाद ट्रक चालक फरार हो गया, जबकि पुलिस CCTV फुटेज के आधार पर उसकी तलाश में जुटी है।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

उत्तर प्रदेश के बुलंदशहर जिले में नेशनल हाईवे-34 पर शुक्रवार को हुए भीषण सड़क हादसे ने हर किसी को झकझोर कर रख दिया. तेज रफ्तार बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार एक परिवार को कुचल दिया. हादसा इतना भयानक था कि पति-पत्नी और उनके तीन मासूम बच्चों की मौके पर ही मौत हो गई. घटना के बाद हाईवे पर अफरातफरी मच गई और मौके पर लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई. जिसने भी हादसे का मंजर देखा, उसकी आंखें नम हो गईं। जानकारी के मुताबिक, यह हादसा देहात कोतवाली क्षेत्र स्थित भंसोली कट के पास हुआ. परिवार बाइक पर सवार होकर कहीं जा रहा था, तभी तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से बाइक को टक्कर मार दी. टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि बाइक के परखच्चे उड़ गए और परिवार के सभी सदस्य सड़क पर दूर जा गिरे. मौके पर मौजूद लोगों ने तुरंत पुलिस और एंबुलेंस को सूचना दी।

**एक ही पल में उजड़ गया परिवार**

पुलिस के मुताबिक, मृतकों की पहचान खुर्जा क्षेत्र के रहने वाले उत्तम सिंह, उनकी पत्नी उर्मिला और उनके तीन बच्चों के रूप में हुई. बताया जा रहा कि पूरा परिवार किसी काम से बाइक पर सवार होकर जा रहा था, तभी हाईवे पर हादसे का शिकार हो गया. हादसे के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है. स्थानीय लोगों के मुताबिक, हादसा इतना भयानक था कि लोगों की चीखें निकल गईं. आसपास मौजूद लोगों ने तुरंत घायलों को बचाने की कोशिश की, लेकिन तब तक




काफी देर हो चुकी थी. परिवार के पांच सदस्यों ने मौके पर ही दम तोड़ दिया. इस हादसे के बाद हाईवे पर कुछ देर तक यातायात भी प्रभावित रहा।

**ट्रक चालक मौके से फरार**

हादसे के तुरंत बाद ट्रक चालक मौके से फरार हो गया. पुलिस को घटनास्थल से हरियाणा नंबर प्लेट का एक टूटा हुआ हिस्सा मिला. उसी के आधार पर पुलिस अब आरोपी ट्रक चालक की तलाश में जुट गई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि आसपास लगे CCTV कैमरों की फुटेज भी खंगाली जा रही है, ताकि ट्रक चालक की पहचान हो सके। इस हादसे की सूचना के बाद स्स्क दिनेश कुमार सिंह भी मौके पर पहुंचे. उनके साथ स्कसिटी अभिषेक प्रताप और सीओ सिटी प्रखर पांडे भी मौके पर पहुंचे और उन्होंने घटना स्थल का निरीक्षण किया. पुलिस ने शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया और आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी।

**क्या बोले SSP दिनेश कुमार सिंह?**

बुलंदशहर स्स्क दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि प्रथम दृष्टया मामला तेज रफ्तार और लापरवाही से वाहन चलाने का प्रतीत हो रहा है. उन्होंने कहा है कि मृतक पति-पत्नी और उनके तीन बच्चे थे, जो मोटरसाइकिल पर सवार होकर जा रहे थे. उन्होंने बताया कि हादसे के बाद ट्रक चालक फरार हो गया है, जिसकी तलाश के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है. जल्द ही आरोपी को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### के वाल्टरगंज मे 6 साल की बच्ची संग दो युवकों ने किया दुष्कर्म



**बस्ती।** बस्ती जिले के वाल्टरगंज थाना क्षेत्र में एक छह वर्षीय बच्ची के साथ दो युवकों ने दुष्कर्म किया। पुलिस को दिये तहरीर मे पीड़िता की मां ने बताया कि यह घटना शुक्रवार सुबह करीब 2.40 बजे की है। आरोप है कि गांव के ही विशाल उर्फ सौरभ और दीपक शर्मा ने बच्ची का मुंह दबाकर उसे घर के सामने बने छप्पर में ले जाकर दुष्कर्म किया। वर्षीय बेटी घर से बाहर निकली थी। वह काफी देर तक घर नहीं लौटी, तो मां उसे खोजने बाहर निकलीं। घर के सामने बने छप्पर के पास पहुंचने पर उन्होंने दोनों आरोपियों को बच्ची के साथ आपत्तिजनक हालत में देखा। विरोध करने पर मो को धकेल कर आरोपी मौके से फरार हो गए। तहरीर के आधार पर वाल्टरगंज पुलिस ने विशाल उर्फ सौरभ निवासी गंधार और दीपक शर्मा निवासी लाल कुआं हुसैनगंज, लखनऊ (हाल मुकाम गंधार) के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। सीओ सदर सत्येंद्र भूषण तिवारी ने बताया कि बच्ची को मेडिकल परीक्षण के लिए भेजा गया है और दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

### डीएम व जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा रक्तदान शिविर का शुभारंभ



**अम्बेडकरनगर।** आज दिन शुक्रवार को संयुक्त जिला चिकित्सालय अम्बेडकरनगर के ब्लड बैंक में विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का सफल आयोजन आरम्भ फाउण्डेशन के संयोजन में किया गया। रक्तदान शिविर का शुभारम्भ माननीय जिला पंचायत अध्यक्ष श्याम सुन्दर वर्मा एवं जिलाधिकारी महोदया ईशा प्रिया के द्वारा दीप प्रज्वलन कर एवं भारत माता की चित्र पर मल्यार्पण कर किया गया, उक्त कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी आनन्द कुमार शुक्ला, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा0 संजय कुमार शैवाल, विकास मुख्य मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डा0 पी0एन0 यादव व डा0 संजय वर्मा सहित अन्य अधिकारी एवं चिकित्सक उपस्थिति रहे। आज शिविर में 15 रक्तदाताओं द्वारा स्वैच्छिक रक्तदान किया गया। इस अवसर पर रक्तदाताओं को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह् प्रदान कर सम्मानित किया गया। वर्तमान में संयुक्त जिला चिकित्सालय अम्बेडकरनगर में क्रियाशील रक्त केन्द्र में कुल 53 यूनिट रक्त उपलब्ध है। जिसका प्रयोग गम्भीर रोगियों एवं जननी सुरक्षा सम्बन्धी गर्भवती महिलाओं की जीवन रक्षा हेतु किया जा सकेगा।

### गैस एजेंसियों की मनमानी से उपभोक्ता बेहाल, ट्रांसफर वाउचर के लिए दर-दर भटकने को मजबूर

**बलरामपुर** जनपद में गैस एजेंसियों की लापरवाही अब उपभोक्ताओं पर भारी पड़ रही है। जय भीम इंडियन गैस मल्दा, युग कृष्णा इंडियन गैस, सिद्दीकी गैस एजेंसी, भारत गैस पिपरा व बनघुसरी में ट्रांसफर वाउचर (टी.वी.) न बनाए जाने से दर्जनों उपभोक्ता परेशान हैं। गैस कनेक्शन स्थानांतरण कराने पहुंचे उपभोक्ताओं को एजेंसियों पर लगातार चक्कर कटवाए जा रहे हैं। आरोप है कि कर्मचारी न तो स्पष्ट जवाब दे रहे हैं और न ही समय पर वाउचर बना रहे हैं, जिससे लोगों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। सबसे ज्यादा परेशानी उन परिवारों को हो रही है, जिन्होंने स्थान बदल लिया है और नए स्थान पर गैस सुविधा के लिए ट्रांसफर जरूरी है। वाउचर न बनने से उनका कनेक्शन अधर में लटक गया है और रोजमर्रा की रसोई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। उपभोक्ताओं का कहना है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हो रही। एजेंसियों की इस उदासीनता से लोगों में आक्रोश बढ़ता जा रहा है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि तत्काल हस्तक्षेप कर ट्रांसफर वाउचर बनवाने की प्रक्रिया को सुचारू कराया जाए, साथ ही लापरवाह एजेंसियों पर कड़ी कार्रवाई की जाए, ताकि उपभोक्ताओं को राहत मिल सके।

## मरहा-करचौलिया में सागौन के पेड़ों की हुई थी अवैध कटान, 10 दिन बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

● चौकी प्रभारी फुटहिया व हल्का वन दरोगा ने जांच के नाम किया खेल लकड़ी माफिया से लेन - देन कर उक्त प्रकरण को रफा -दफा किया चौकी प्रभारी फुटहिया व हल्का वन दरोगा

तेज तर्रार डीएफओ के निर्देश के बाद भी वन रेंज बस्ती सदर में धड़ल्ले से जारी है अवैध पेड़ों की कटान




**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती सदर वन रेंज बस्ती सदर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मरहा-करचौलिया के बीच 10 दिन पहले भारी संख्या में सागौन के पेड़ों की कटान हुई थी लेकिन हल्का वन दरोगा और चौकी प्रभारी फुटहिया की मिलीभगत से कार्रवाई पूरी तरह ठप्प है। मरहा-करचौलिया में बिना परमिट की सागौन के पेड़ों की भारी कटान हुई थी । वन विभाग बस्ती सदर को अवैध पेड़ों के कटान की सूचना दी गई थी । वन रेंज बस्ती सदर के हल्का वन दरोगा अभिलाष ने जांच-कार्रवाई के नाम पर बड़ा खेल दिया हैं ।सूत्रों के अनुसार मरहा - फुटहिया में अवैध हो रहे कटान के समय चौकी प्रभारी फुटहिया मौके पर पहुंचे थे लेकिन लकड़ी ठेकेदार से लेन-देन कर चौकी प्रभारी ने मामले को रफा-दफा कर दिया था । अर्थात् 10 दिन बीतने के बाद भी न तो वन विभाग ने कार्रवाई की, न ही नगर पुलिस ने कार्यवाही की है । हल्का वन दरोगा अभिलाष पहले भी हरे पेड़ों की कटान मामले में जांच के नाम पर लीपापोती कर चुके हैं ठीक उसी तरीके से मरहा करचौलिया गांव में उल्टा सीधा रिपोर्ट लगाकर मामले को खत्म करने का प्रयास जारी हैं । बड़ा सवाल यह है कि जब वन विभाग और पुलिस दोनों की मिलीभगत होगी तो हरे पेड़ों की कटान कैसे रुकेगी? सागौन प्रतिबंधित प्रजाति का पेड़ है। बिना परमिट कटान पर प्रति पेड़ ?10 हजार जुर्माना और जेल का प्रावधान है। भारी संख्या में कटान मतलब लाखों का नुकसान सरकारी खजाने को हुआ है । अब देखना यह है कि मरहा करचौलिया में बड़े पैमाने पर कटे हरे सागौन के पेड़ मामले में लापरवाही बरतने वाले हल्का वन दरोगा अभिलाष के खिलाफ तेज तर्रार डीएफओ द्वारा क्या कार्यवाही की जाती हैमरहा-करचौलिया में सागौन के पेड़ों की हुई थी अवैध कटान, 10 दिन बाद भी नहीं हुई कोई कार्रवाई

## कमरे में बंद कर युवक को जलाने के मामले में महिला गिरफ्तार

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले केथाना मुण्डेरवा पुलिस ने युवक को कमरे में बंद कर आग लगाने के मामले में वांछित चल रही महिला अभियुक्ता को गिरफ्तार कर लिया है। घटना में गंभीर रूप से झुलसे युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई थी, जिसके बाद पुलिस ने मुकदमे में हत्या की धारा बढ़ाते हुए कार्रवाई तेज कर दी। पुलिस के अनुसार थाना मुण्डेरवा में दर्ज मु0अ0सं0-108/2026 धारा 103(1) बीएनएस से संबंधित अभियुक्ता क्रांति चौधरी पत्नी दयाशंकर निवासी थाल्हापार थाना लालगंज जनपद बस्ती को मुण्डेरवा रेलवे स्टेशन से गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी के बाद पुलिस द्वारा अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है। घटना के संबंध में मृतक की मां सरस्वती पत्नी सीताराम गुप्ता निवासी बरहुआ थाना मुण्डेरवा ने 02 मई 2026 को तहरीर देकर बताया था कि क्रांति चौधरी पिछले चार वर्षों से उनके बेटे रामचंद्र गुप्ता के साथ बिना शादी के पति-पत्नी की तरह रह रही थी और पिछले दो महीने से उनके घर में भी रह रही थी।यहां बताते चलेगी पुलिस को सूचना मिली कि 01 मई 2026 की रात करीब 11 बजे राम चंद्र के साथ लिव इन में रह रही क्रांति चौधरी ने कमरे में आग लगाकर बाहर से दरवाजा बंद कर दिया और मौके से फरार हो गई। कमरे में फंसे रामचंद्र गंभीर रूप से झुलस गए थे और किसी तरह व खिड़की के रास्ते बाहर निकले थे, जिन्हें इलाज के लिए मेडिकल कॉलेज गोरखपुर में भर्ती कराया गया था। इलाज के दौरान 06 मई 2026 की रात उनकी मौत हो गई। पहले इस मामले में थाना मुण्डेरवा में धारा 118(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था, लेकिन युवक की मृत्यु के बाद पुलिस ने मुकदमे में धारा 103(1) बीएनएस की बढ़ोतरी कर अभियुक्ता की तलाश शुरू की थी। गिरफ्तारी करने वाली पुलिस टीम में थानाध्यक्ष प्रदीप कुमार सिंह, वरिष्ठ उपनिरीक्षक अमरनाथ यादव, हेड कांस्टेबल पुनीत पाठक, कांस्टेबल कामोद कुशवाहा तथा महिला कांस्टेबल मौसम यादव शामिल रहीं।

## आंधी-तूफान से क्षतिग्रस्त 700 विद्युत पोलों को दुरुस्त करने में जुटा विभाग

● मुख्य अभियंता ने गैंसड़ी पहुंचकर लिया कार्यों का जायजा, कल तक आपूर्ति पूरी तरह बहाल करने का लक्ष्य



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बलरामपुर।** हाल ही में आई तेज आंधी एवं बारिश के चलते विकासखंड गैसड़ी और पचपेड़वा क्षेत्र में लगभग 700 विद्युत पोल क्षतिग्रस्त हो गए, जिससे दर्जनों गांवों की बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। विद्युत विभाग द्वारा युद्धस्तर पर राहत एवं बहाली कार्य जारी है। विभागीय टीमें लगातार क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने और नई लाइनें स्थापित करने में जुटी हुई हैं। विभाग की सतत मेहनत के चलते अधिकांश गांवों में बिजली आपूर्ति पुनः बहाल कर दी गई है, जबकि शेष क्षेत्रों में तेजी से कार्य कराया जा रहा है। विद्युत बहाली कार्य में गति लाने के लिए अतिरिक्त मैनपावर लगाया गया है। साथ ही पोल स्थापित करने वाली कंपनी द्वारा दो अतिरिक्त लोड ठेकेदारों की भी तैनाती की गई है, जिससे कार्य में तेजी आई है। विद्युत आपूर्ति को शीघ्र सुचारू कराने के उद्देश्य से मुख्य अभियंता देवी पाटन मंडल श्री यदुनाथ यथार्थ ने बुधवार को गैंसड़ी क्षेत्र पहुंचकर स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने क्षतिग्रस्त पोलों को बदलने एवं विद्युत लाइन बहाली कार्यों का जायजा लेते हुए संबंधित अधिकारियों को कार्य में और तेजी लाने के निर्देश दिए। विभागीय अधिकारियों के अनुसार शेष सभी क्षतिग्रस्त पोलों को स्थापित कर कल तक विद्युत आपूर्ति पूरी तरह सुचारू कर दिए जाने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लगातार चल रहे बहाली कार्यों से क्षेत्रीय लोगों को जल्द राहत मिलने की उम्मीद है।

## ए.एच.इंटरमीडिएट कालेज जगदीशपुर के टाप टेन मेधावियों को सम्मानित किया गया

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**जगदीशपुर अमेठी।** जनपद मे प्रतिष्ठित विद्यालयों मे शुमार ए.एच.इंटर कालेज जगदीशपुर के प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर द्वारा यूपी बोर्ड परीक्षा के तहत उत्तीर्ण हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट के मेधावियों हेतु सम्मान समारोह आयोजित किया गया उक्त अवसर पर विद्यालय शिक्षकों/शिक्षिका द्वारा हाईस्कूल के होनहार विद्यार्थियों का माल्यार्पण कर प्रतीक चिन्ह भेंट कर सभी होनहारों का सम्मान किया गया वहीं प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर ने अपने वक्तव्य मे शिक्षा एवं अनुशासन के बारे मे प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों का प्रोत्साहन करते हुए उनके उज्वल भविष्य की कामना की वहीं सामाजिक कार्यों के अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों मे उत्कृष्ट योगदान देने वाली संस्था कृष्णा जन कल्याण सेवा संस्थान रजि के प्रबंधक समाजसेवी पी के तिवारी भी उक्त अवसर पर शामिल हुए और हाईस्कूल के होनहार छात्र राज मिश्रा एवं इंटरमीडिएट की होनहार छात्रा अर्पणा शुक्ला को कालेज मे टाप करने हेतु बतौर संस्था प्रबंधक श्री राधाकृष्ण प्रतिमा एवं पेन भेंटकर प्रोत्साहित किया एवं उज्वल भविष्य की कामना की और अपने वक्तव्य मे कहा कि यह विद्यालय प्रधानाचार्य मानसिंह राठौर के कुशल नेतृत्व एवं अथक प्रयास तथा शिक्षकों/शिक्षिका राम बहादुर,जीत बहादुर,विक्रम सिंह,वीरेन्द्र,अमित सरोज,राम कुमार,शैलेन्द्र तिवारी,राजन मिश्रा,अशोक सिंह,रावेन्द्र सिंह,जितेन्द्र मौर्या,विजयेन्द्र श्रीवास्तव,मनोज कुमार सिंह,नाथू राम,प्रीती पाण्डेय,अंशू मौर्या एवं मुकेश तिवारी की कर्तव्यनिष्ठा एवं बेहतर पाठन शैली से शिक्षा क्षेत्र मे बहुत ही उत्कृष्ट योगदान दे रहा है जो कि क्षेत्र के लिए गौरवपूर्ण है वहीं होनहारों ने विद्यालय परिवार एवं समाजसेवी पी के तिवारी का धन्यवाद करते हुए कहा कि वह आगामी कक्षाओं मे और भी बेहतर करने का पूरा प्रयासरत रहेंगे।

## कामर्शियल गैस संकट से निजात व दाम घटाने को लेकर उद्योग व्यापार प्रतिनधि मण्डल ने राकेश सिंह के नेतृत्व में सौंपा ज्ञापन, फूंका पुतला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**बस्ती।** बस्ती जिले में उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल उत्तर प्रदेश के प्रदेश नेतृत्व के आह्वान पर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मण्डल बस्ती के जिला अध्यक्ष राकेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बड़े कमर्शियल गैस सिलेंडरों के अचानक बढ़े बेतहाशा मूल्य के वापस लेने की मांग और कालाबाजारी रोके जाने की मांग को लेकर गैस सिलेंडर का प्रतीकात्मक पुतला दहन कर विरोध जताया गया। जिलाध्यक्ष राकेश सिंह के नेतृत्व में बस्ती जिलाधिकारी के माध्यम से राष्ट्रपति भारत सरकार को ज्ञापन भेजा गया। जिला अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा कि कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम पूर्व की दर पर ही निर्धारित किये जायं और आवश्यकतानुसार उपलब्धता सुनिश्चित कराये जाने के आदेश पारित किये जायं। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं बस्ती मंडल प्रभारी डॉ. मनोज सिंह ने बताया कि व्यवसायिक गैस सिलेंडर की उपलब्धता न होने के कारण कुटीर घरेलू, मझौले उद्योग तथा होटल, ढाबा, रेस्टोरेंट, कैटरिंग का व्यापार करने वाले, हवाई, डेरी वाले तथा फेरी में ठेलों पर खाने पीने का सामान बेचने वाले व्यक्तियों का कारोबार बंदी के कगार पर होने से उनके सामने भारी आर्थिक संकट पैदा हो गया है। प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया एवं सुनीत पाण्डेय ने कहा कि केंद्र सरकार द्वारा 1 मई 2026 से कमर्शियल गैस का रेट अचानक 2080 से 977 रुपए प्रति सिलेंडर बढ़कर 31 71 रुपए प्रति सिलेंडर कर दिया है। जिला महामंत्री आलोक दुबे ने बताया कमर्शियल गैस सिलेंडर की बुकिंग घरेलू गैस सिलेंडर की भांति ऑनलाइन किये जाने की व्यवस्था की जानी चाहिए। जिला संगठन महामंत्री भरत राम गुप्ता बबलू ने कहा कि केंद्र सरकार गैस के वैकल्पिक संसाधनों के खोज के लिए लिए अनुसंधान कमेटी का गठन करें। जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह ने बताया कि महंगाई और कालाबाजारी को रोकने के लिए कमर्शियल गैस सिलेंडर की बढ़ाई गई दरें तुरंत वापस लेने हेतु आवश्यक खत्म उठाए जाने के लिए राष्ट्रपति द्वारा केंद्र सरकार को निर्देशित किया जाना चाहिए। नगर अध्यक्ष राना महेंद्र प्रताप ने बताया कि विवाह शादी व फंक्शन के लिए मांग अनुसार सिलेंडर उपलब्ध कराए जाने पर आदेश पारित हो। नगर महामंत्री धीरेंद्र चौधरी ने बताया अस्पतालों व स्कूलों को उनकी आवश्यकता अनुसार कमर्शियल गैस उपलब्ध कराई जाए। नगर संगठन महामंत्री महेंद्र गुप्ता ने बताया गोदाम से गैस डिलीवरी लेने पर कंपनियों द्वारा एजेंसी को दिया गया भाड़ा कमर्शियल गैस सिलेंडर के बिलों में कम करने के आदेश पारित करें, जिससे इसका लाभ उपभोक्ता को मिल सके। जिला युवा अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह ने बताया कि महंगाई को रोकने के लिए कामर्शियल गैस सिलेंडर पर जीएसटी की दरें 18% के स्थान पर 5% की जाए। उद्योग मंच जिला अध्यक्ष कमलेश चौधरी एवं जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना वर्मा ने बताया कमर्शियल गैस की कमी होने के कारण पुराने वैकल्पिक ईंधन को इस्तेमाल करने की अनुमति उद्योगों को दी जाए तथा इसके लिए पॉल्यूशन विभाग व एनजीटी के नियमों में 5 साल के लिए छूट प्रदान की जाए। देश के समस्त व्यापारी एवं उद्योग जगत को आपसे भारी उम्मीद है। व्यापारी नेताओं ने राष्ट्रपति से इस मांग पत्र पर शीघ्र व सहानुभूति पूर्वक निर्णय लेने का आग्रह किया है। पुतला दहन एवं ज्ञापन देने वालों में जिला महामंत्री आलोक कुमार दुबे, जिला कोषाध्यक्ष प्रदीप सिंह, मण्डल प्रभारी एवं प्रदेश उपाध्यक्ष हरि मूर्ति सिंह 'मनोज', प्रदेश उपाध्यक्ष परमात्मा प्रसाद मद्धेशिया, जिला संगठन महामंत्री भरत राम गुप्ता बबलू, नगर अध्यक्ष राणा महेंद्र प्रताप, नगर महामंत्री धीरेंद्र कुमार चौधरी, जिला युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष अवनीश कुमार सिंह, उद्योग मंच जिलाध्यक्ष कमलेश चौधरी, महिला मोर्चा अध्यक्ष वंदना वर्मा, महामंत्री गीता गौतम, कोषाध्यक्ष राजेश्वरी शर्मा, कविता प्रजापति, शुभावती प्रजापति, नमिता प्रजापति, प्रभावती प्रजापति, सुधा प्रजापति ने भागीदारी निभाई।

## मत्स्य CEO संदीप कुमार वर्मा 10 साल से एक ही कुर्सी पर जमे, स्थानांतरण नीति की उड़ रही धज्जियां अधिकारी हो रहे मालामाल

● 10 वर्षों की एक ही जिले में लगातार संदीप कुमार वर्मा की तैनाती मत्स्य विभाग में बना भ्रष्टाचार अधिकारी हो रहे मालामाल

आखिर क्यों संदीप कुमार वर्मा के स्थानांतरण में खुलेआम उड़ाई जा रही स्थानांतरण नीति की धज्जियां अधिकारियों की चांदी कट रही है

क्या जिम्मेदार अधिकारियों की मिली भगत से 10 वर्षों से मत्स्य विभाग में मलाई काट रहा संदीप कुमार वर्मा फिर भी अधिकारी क्यों नहीं ध्यान दे रहे हैंबना जांच का विषय



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**बस्ती।** बस्ती जिले के विभागों में 10 साल 15 साल से जमे एक ही पटल पर अधिकारी और कर्मचारी बस्ती जिला क्यों नहीं छोड़ना चाह रहे हैं या तो जमकर भ्रष्टाचार कर रहे हैं खुली छूट मिल रही है अधिकारियों की इसीलिए इनका ट्रांसफर दूसरे जिले में नहीं हो पा रहा है ताजा मामला मत्स्य पालन विकास अभिकरण बस्ती के मुख्य कार्यकारी अधिकारी संदीप कुमार वर्मा पर स्थानांतरण नीति का पालन न करने का आरोप लगा है । सूत्रों के अनुसार संदीप कुमार वर्मा लगभग 10 वर्षों से एक मत्स्य विभाग बस्ती में जमे हुए हैं । स्थानांतरण नीति के अनुसार कोई भी अधिकारी/कर्मचारी एक स्थान पर लगातार 03 वर्ष से अधिक तैनात नहीं रह सकता है लेकिन संदीप कुमार वर्मा की लंबी तैनाती के कारण जिले में तरह-तरह की चर्चाएं है आरोप है कि यह भी है कि संदीप कुमार वर्मा की मत्स्य विभाग में 10 वर्षों से तैनात रहकर मलाई काट रहे हैं । संदीप कुमार वर्मा खुलेआम स्थानांतरण नीति को चुनौती दे रहे हैं लेकिन जिम्मेदार अधिकारी कुंभकर्णी नींद में मस्त हैं और लेन देन करके मामले को रफा - दफा करने में सफल है । जब 03 साल से ज्यादा तैनाती पर ट्रांसफर अनिवार्य है तो संदीप कुमार वर्मा पर यह नीति लागू क्यों नहीं हो रही? जो पूरे जिले में चर्चा का विषय बना हुआ है । यदि संदीप कुमार वर्मा के कार्यों की निष्पक्ष जांच हो तो मत्स्य पालन विभाग में संदीप कुमार वर्मा के लूट-खसोट की पोल खुल सकती है। नाम न छापने की शर्त पर एक जिम्मेदार अधिकारी ने बताया कि 10 वर्षों से तैनात संदीप कुमार वर्मा मत्स्य विभाग के खिलाफ निदेशक, मत्स्य विभाग, लखनऊ ,प्रमुख सचिव, मत्स्य विभाग, क्क शासन को पत्र के माध्यम से ,ष्टरू हेल्पलाइन 1076 , ष्टरू बस्ती को शिकायत पत्र के माध्यम से जांच कराने के बाद मत्स्य विभाग के जिम्मेदार अधिकारियों के भ्रष्टाचार का भंडाफोड़ हो सकती है और लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है ?स्थानांतरण नीति जब सभी अधिकारियों व कर्मचारियों पर लागू होती है तो 10 साल से एक ही कुर्सी पर जमे रहना भ्रष्टाचार की आशंका को बढ़ाता है जिससे प्रदेश सरकार की साफ सुथरी छवि धूमिल हो रही है । अब देखना यह है कि नई स्थानांतरण नीति 2026 पर संदीप कुमार वर्मा भारी पड़ते हैं या नई स्थानांतरण नीति 2026 के अनुसार संदीप कुमार वर्मा का स्थानांतरण अन्य जिले में हो पाता या नही ?

## गाजे-बाजे व भव्य लव-लश्कर के साथ निकली कलश शोभा यात्रा, नौ दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**शुकुल बाजार, अमेठी।** विकासखंड शुकुल बाजार की ग्राम सभा मवैया रहमतगढ़ के पूरे शुक्लन में गुरुवार को नौ दिवसीय श्रीराम कथा के शुभारंभ के अवसर पर भव्य कलश शोभा यात्रा निकाली गई। गाजे-बाजे, ढोल-नगाड़ों और जय श्रीराम के उद्घोष से पूरा क्षेत्र भक्तिमय वातावरण में डूब गया। शोभा यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं, महिलाओं और युवाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कलश यात्रा पूरे शुक्लन से प्रारंभ होकर शुकुल बाजार कस्बा होते हुए आदि गंगा गोमती के रेछ घाट पहुंची, जहां वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने पवित्र जल से कलश भरे। इसके बाद श्रद्धा और भक्ति के साथ कलशों को व्यास मंडप में स्थापित किया गया। यात्रा के दौरान जगह-जगह ग्रामीणों ने पुष्प वर्षा कर श्रद्धालुओं का स्वागत किया।नौ दिवसीय श्रीराम कथा का वाचन प्रसिद्ध कथा व्यास निरमेश जी महाराज के मुखारविंद से किया जाएगा। कथा व्यास ने बताया कि 8 मई से 16 मई तक प्रतिदिन श्रीराम कथा का आयोजन होगा, जिसमें भगवान श्रीराम के आदर्श चरित्र, धर्म, मर्यादा और भक्ति पर विस्तार से प्रकाश डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि 17 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा, जिसमें क्षेत्र के हजारों श्रद्धालु प्रसाद ग्रहण करेंगे। कलश यात्रा में धार्मिक आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला। महिलाएं सिर पर कलश धारण कर भक्ति गीत गाते हुए चल रही थीं, वहीं युवा जयकारों के साथ वातावरण को भक्तिमय बना रहे थे। यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं ने श्रीराम कथा को समाज में संस्कार, सद्भाव और धर्म जागरण का माध्यम बताया। इस अवसर पर प्रमुख रूप से वरिष्ठ भाजपा नेता गिरीश शुक्ला, वरिष्ठ पत्रकार एवं भाजपा अमेठी मीडिया विभाग के जिला सहसंयोजक सुशील कुमार मिश्रा, अंकुर शुक्ला, आयुष शुक्ला, अनुज शुक्ला, अंकित शुक्ला, विकास शुक्ला, अरुण शुक्ला, राम प्रसाद शुक्ला सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। आयोजन समिति द्वारा कथा स्थल पर श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए व्यापक व्यवस्थाएं की गई हैं।

# संक्षिप्त खबरें

## सीआईआई अध्यक्ष ने उ प्र के मुख्यमंत्री से किया भेंट



**लखनऊ-** भारतीय उद्योग परिसंघ के अध्यक्ष राजीव मेमानी ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से लखनऊ में शिष्टाचार भेंट की। भेंट के दौरान मेमानी ने माननीय मुख्यमंत्री जी को उत्तर प्रदेश के समग्र विकास के लिए उनके नेतृत्व में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों के लिए बधाई दी। उन्होंने विशेष रूप से औद्योगिक विकास, आधारभूत संरचना, निवेश प्रोत्साहन, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस और राज्य के सामाजिक-आर्थिक विकास की दिशा में हो रही प्रगति की सराहना की। इस अवसर पर सुनील मिश्र, आलोक शुक्ला और सुकांत रॉय भी उपस्थित रहे। सीआईआई ने उत्तर प्रदेश सरकार के साथ मिलकर राज्य के विकास की यात्रा को और मजबूत बनाने तथा उत्तर प्रदेश को देश की अग्रणी आर्थिक शक्ति बनाने के प्रयासों में अपना सहयोग जारी रखने की प्रतिबद्धता दोहराई।

## हाइवे पर दो बाइकों की आमने सामने भिडतं युवक की मौत,भतीजा गंभीर



**लालगंज (रायबरेली)।** उन्नाव हाईवे पर सेमरी पुलिस चौकी के सामने शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं उसका 10 वर्षीय भतीजा गंभीर रूप से घायल हो गया। लालगंज सेमरी मार्ग पर चौकी के पास की है। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। आसपास के लोगों ने तुरंत एंबुलेंस को सूचना दी। मौके पर पहुंची एंबुलेंस दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लेकर पहुंची। डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद गोविंदपुर फतेहपुर निवासी रामू पुत्र फूलचंद (30) को मृत घोषित कर दिया। वहीं बंसीखेड़ा निवासी शिवांश पुत्र सर्वेश कुमार (10) की हालत गंभीर देखते हुए उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि शिवांश अपने मौसा रामू के साथ तकिया से सेमरी जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में यह दर्दनाक हादसा हो गया। घटना की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। परिवारीजनों का रो रोकर बुरा हाल है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## माता-पिता का सम्मान करने से पुत्र को मिलता है यश : देवमुरारी बापू



**तालबेहट।** कन्धारी कलां में चल रहे सतचंडी महायज्ञ के अंतर्गत चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठवें दिन कथा व्यास देवमुरारी बापू ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने पहुंचकर धर्म लाभ प्राप्त किया। कथा व्यास ने कहा कि माता-पिता का सम्मान करने से पुत्र को संसार में यश और प्रतिष्ठा प्राप्त होती है। उन्होंने भगवान श्रीकृष्ण और बलराम के नामकरण प्रसंग का वर्णन करते हुए बताया कि गर्गाचार्य द्वारा दोनों बालकों का नामकरण किया गया था। नाम के अनुसार ही व्यक्ति के भीतर गुण विकसित होते हैं, इसलिए माता-पिता को सोच-समझकर अपने बच्चों का नाम रखना चाहिए। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीकृष्ण गुरु संदीपन के आश्रम में विद्या अध्ययन के लिए गए और आचार संहिता का पालन करते हुए आदर्श विद्यार्थी का परिचय दिया।


**आवश्यकता है**

**श्री रामपाल महाविद्यालय**
**बहेरिया, सण्डीला, हरदोई**

**बी.एससी. कृषि संकाय-** सहायक आचार्य कृषि अर्थशास्त्र, सस्य विज्ञान योग्यता यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**बी.एससी. (गणित/ विज्ञान) संकाय-** सहायक आचार्य की आवश्यकता है वनस्पति विज्ञान योग्यता यू.जी.सी. मानक के अनुसार।

**संपर्क सूत्र-7408106605**
**प्रबंधक- श्री रामपाल महाविद्यालय, बहेरिया, सण्डीला, हरदोइ**


# डिप्टी सीएम के निर्देश पर लापरवाह डॉक्टरों पर गिरी गाज

**● पांच किए गए बर्खास्त; नपे सीएमओ-डिप्टी सीएमओ**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक में लापरवाही बरतने वाले चिकित्साधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है। पांच डॉक्टरों को बर्खास्त कर दिया गया है। अंबेडकर नगर के सीएमओ डा. संजय कुमार शैवाल और डिप्टी सीएमओ डा. संजय वर्मा सहित 16 चिकित्साधिकारियों के खिलाफ अनुशासनिक कार्रवाई शुरू की गई है। कई चिकित्साधिकारियों की वेतन वृद्धि रोक दी गई है। उप मुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने सभी जिलों से स्वास्थ्य विभाग की स्थिति पर रिपोर्ट मंगाई। विभिन्न जिलों से मिली रिपोर्ट और शिकायतों को देखते हुए उन्होंने सख्त कदम उठाए। चिकित्सकीय कार्यों से विरत रहने एवं अपने ड्यूटी से बिना सूचना अनधिकृत रूप से लंबे समय से अनुपस्थित रहने वाले पांच चिकित्साधिकारियों को बर्खास्त कर दिया है। निजी चिकित्सालयों में अल्ट्रासाउंड जांच सेंटरों के पंजीयन और नवीनीकरण में अनियमितता, लापरवाही बरतने पर अंबेडकर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय कुमार शैवाल एवं उप मुख्य चिकित्साधिकारी डा. संजय वर्मा के खिलाफ विभागीय कार्रवाई का आदेश दिया है। दोनों के खिलाफ मिली अन्य शिकायतों की जांच के लिए अपर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में तीन सदस्यीय कमेटी का गठन किया गया है। हरदोई के संडीला सीएचसी के अधीक्षक डा. मनोज कुमार सिंह जिले में अल्ट्रासाउंड सेंटरों की निगरानी का काम देखते है। इस पर जिले में अनाधिकृत रूप से चलने वाले निजी अस्पातलों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने का आरोप है। ऐसे में डा. मनोज कुमार के खिलाफ विभागीय जांच शुरू कराई गई है। साथ ही हरदोई के सीएमओ डा. भावनाथ पांडेय से स्पष्टीकरण मांगा गया है। प्रयागराज के मेजा सीएचसी के अधीक्षक डॉ. शमीम अख्तर पर कोरांव में कार्यरत रहते वक्त लापरवाही बरती थी। जांच रिपोर्ट आने के बाद उन्हें अन्य स्थान पर स्थानांतरित करने का आदेश दिया है। सुल्तानपुर के लंभुआ सीएचसी में कार्यरत रहते वक्त डा. अनिल कुमार सिंह पर महिला के इलाज में लापरवाही के आरोप लगे थे। डा. अनिल कुमार सिंह और डा. धर्मराज के खिलाफ विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। इसी तरह मथुरा के इमरजेंसी मेडिकल अफसर डा. देवेंद्र कुमार एवं सर्जन डॉ. विकास मिश्रा द्वारा गलत मेडिको लीगल करने के मामले में भी विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। बदायूं के राजकीय मेडिकल कॉलेज में कार्यरत अस्थिरोग विभाग के डा. रितुज अग्रवाल के खिलाफ महिला चिकित्साधिकारी से अभद्रता के मामले विभागीय कार्रवाई करने, स्टेट हेल्थ एजेंसी साचीज में प्रतिनियुक्ति पर कार्यरत डा. आदित्य पांडेय द्वारा अपने सहकर्मी से अमर्यादित भाषा का प्रयोग करते पर विभागीय कार्रवाई के आदेश दिए हैं। साथ ही डा. पांडेय की प्रतिनियुक्ति समाप्त कर मूल तैनाती स्थल सीएमओ रायबरेली के अधीन भेजने का आदेश दिया है।

**इन्हें किया गया बर्खास्त**

डॉ. अलकनंदा जिला चिकित्सालय, गोरखपुर,डॉ. रामजी भरद्वाज, अधीन सीएमओ कार्यालय कुशीनगर, डॉ. सौरभ सिंह, अधीन सीएमओ कर्यालय बलरामपुर, डॉ. विकलेश कुमार शर्मा, सीएचसी जगदीशपुर, अमेठी, डॉ. मोनिका वर्मा, सीएचसी दिबियापुर, औरैया।



**इनकी वेतन वृद्धि रोकी और परनिंदा दंड**

जिला महिला चिकित्सालय हमीरपुर में कार्यरत डॉ. लालमणि पर आजमगढ़ में तैनाती के दौरान प्रसूताओं से वसूली एवं अभद्रता के आरोप लगे थे। इनकी तीन वेतनवृद्धि स्थायी रूप से रोकते हुए परनिंदा दंड दिया है। बलरामपुर के सीएमओ के अधीन कार्यरत डा. संतोष सिंह की चार वेतन वृद्धि रोकी, सीएमओ झांसी के अधीन कार्यरत डॉ निशा बुन्देला की दो वेतनवृद्धि रोकते हुए परनिंदा दंड, झांसी के मोठ स्थित ट्रामा सेंटर में कार्यरत डॉ पवन साहू के प्राइवेट प्रैक्टिस में संलिप्त पाए जाने पर दो वेतन वृद्धि रोकी और परनिंदा दंड का आदेश दिया है। इसी तरह बहराइच की डॉ. प्रतिभा यादव और मथुरा के डॉ. राकेश सिंह को परनिंदा दंड दिया गया है।

# लालगंज में शुरू हुआ स्वगणना अभियान

**● नगर पंचायत अध्यक्ष ने परिवार का डेटा किया ऑनलाइन दर्ज**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लालगंज (रायबरेली)।** स्वगणना अभियान के तहत शुक्रवार को ब्लॉक कार्यालय और नगर पंचायत में कार्यक्रम आयोजित कर अभियान की शुरुआत की गई। इस दौरान अधिकारियों और कर्मचारियों ने ऑनलाइन पोर्टल पर अपनी जनगणना संबंधी जानकारी दर्ज की। लोगों से भी स्वगणना में बढ़ चढ़कर भाग लेने की अपील की गई। ब्लॉक कार्यालय में बीडीओ समेत कर्मचारियों ने स्वगणना प्रक्रिया शुरू की। बीडीओ ने कर्मचारियों से अपने परिवार और आसपास के लोगों को भी अभियान से जोड़ने की बात कही। उन्होंने कहा कि सही जनगणना आंकड़े देश की योजनाओं और विकास कार्यों के लिए बेहद जरूरी हैं। उधर नगर पंचायत अध्यक्ष सरिता गुप्ता ने अपने परिवार की जानकारी ऑनलाइन पोर्टल पर दर्ज कर अभियान की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने कहा कि स्वगणना अभियान नागरिकों को जागरूक और सशक्त बनाने का बड़ा माध्यम है। डिजिटल तकनीक के इस दौर में सभी लोगों को अपनी जिम्मेदारी समझते हुए भागीदारी निभानी चाहिए। नगर पंचायत अध्यक्ष ने सभासदों और कर्मचारियों से वार्ड स्तर पर लोगों को जागरूक करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक बिना किसी झिझक के स्वयं अपनी गणना करे। सही जानकारी देने से सरकार को विकास योजनाएं बनाने में मदद मिलती है। उन्होंने नगरवासियों से स्वगणना अभियान से जुड़कर अपनी जिम्मेदारी निभाने की अपील की। कार्यक्रम के दौरान ब्लॉक कार्यालय में वरिष्ठ लिपिक निर्मल अवस्थी, अरविंद, सीमा, हिमांशु, अनिल समेत अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।

# डीएम ने कलेक्ट्रेट परिसर का किया निरीक्षण

**● व्यवस्थाएं दुरुस्त रखने के दिए निर्देश**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने कलेक्ट्रेट परिसर में संचालित विभिन्न कार्यालयों के पटलों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने कार्यालयों में पेयजल व्यवस्था, साफ-सफाई एवं आमजन की सुविधाओं का जायजा लिया। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में आने वाले आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न हो, इसके लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुचारु एवं व्यवस्थित रखी जाएं। उन्होंने पेयजल की समुचित उपलब्धता सुनिश्चित करने, परिसर में नियमित साफ-सफाई बनाए रखने तथा कार्यालयों में कार्यों के त्वरित एवं पारदर्शी निस्तारण के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने विभिन्न पटलों पर



अभिलेखों के रख-रखाव एवं कार्यालयीन व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया तथा आवश्यक सुधारात्मक कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। उन्होंने कहा कि शासन की मंशानुरूप आमजन को बेहतर एवं सुगम प्रशासनिक सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है तथा इसमें किसी प्रकार की लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी प्रशासन सिद्धार्थ, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) अमृता सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट राम अवतार, जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्यशील सिंह सहित संबंधित अधिकारी व कार्मिक उपस्थित रहें।

## विश्व कल्याण हेतु हुआ विशेष यज्ञ



**नैनी, प्रयागराज।** श्री 108 बाबा बैजनाथ जी के नेतृत्व में चल रहे रुद्र महायज्ञ के दसवें दिन विश्व कल्याण हेतु विशेष यज्ञ का आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रयागराज के महापौर गणेश केसरवानी मुख्य रूप से उपस्थित रहे।कार्यक्रम में नरेंद्र श्रीवास्तव गौरव केसरवानी, ओम प्रकाश मिश्रा, सरदार पतिविंदर सिंह, राजेश, भाजपा नेता नरसिंह, पार्षद अनूप पासी,संजय श्रीवास्तव तथा राजेश केसरवानी सहित अनेक गणमान्य लोग मौजूद रहे। यज्ञ के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति भाव से आहुति देकर विश्व शांति, सुख-समृद्धि एवं जनकल्याण की कामना की। पूरे वातावरण में वैदिक मंत्रों और भक्तिमय माहौल से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार होता रहा।

# दरगाह हज़रत हाफ़िज़ असलम मियां में जलसा दस्तार बंदी सम्पन्न

**● अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी शिक्षा दिलाएं और एक अच्छा इंसान बनाएं :-सैय्यद फुरकान मियां हाशमी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**खैराबाद सीतापुर-** स्थानीय दरगाह हज़रत हाफ़िज़ असलम मियां में 6 मई से प्रारम्भ पांच दिवसीय उर्स के तीसरे दिन विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया जिसमें प्रातः काल क़ुरआन ख्वानी हुई तथा सांय काल मस्जिद में फतेहा का आयोजन हुआ तत्पश्चात लंगर खाना में हाफ़िज़ मोहम्मद हसन मियां के कुल शरीफ़ के अवसर पर विशेष फतेहा का आयोजन किया गया।इस अवसर पर सज्जादा नशीन सैय्यद गयास मियां सैय्यद मौलाना अज़हर मियां चिश्ती, मुतवल्ली दरगाह सैय्यद नवेद असलम हाशमी, सैय्यद फरजान मियां, सैय्यद फरहान मियां, सैय्यद फ़रमान मियां,क़ारी फय्याज चिश्ती, क़ारी इस्लाम अहमद आरफी, कारी मिसबाहुल हसन चिश्ती,सैय्यद हमीद चिश्ती हैदराबाद , चेन्नई के सज्जाद अली बावा,इमरान किरमानी, आदि मौजूद थे। इससे पूर्व इसी अवसर पर मदरसा जामिया हाफिजिया से इस वर्ष तीन बच्चों ने हाफ़िज़ा पूर्ण किया था जिन्हें पगड़ी बांध कर हाफ़िज़ की उपाधि देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन मदरसा के संस्थापक कारी फय्याज चिश्ती ने किया जबकि तिलावत कारी साहब ने और नात पाक युवा शायर सलमान सीतापुरी आदि ने पेश किया हाफ़िज़ा पूर्ण करने वाले छात्र हाफ़िज़ मोहम्मद अली, हाफ़िज़ मोहम्मद फिरोज़, हाफ़िज़ मोहम्मद फरहान मुख्य हैं।जबकि सज्जादानशीन हाजी सैय्यद फुरकान वहीद





हाशमी ने कहा कि उर्स में आकर कव्वाली सुनकर चले जाने से बात नहीं बनती है हमें चाहिए कि जिस आस्ताने पर आए हैं तो वहां के जिम्मेदार से उन बुजुर्गो के बारे में जानकारी हासिल करें उनकी क्या शिक्षा थी उनका क्या संदेश हुआ करता था उसको जानें और अपनी ज़िन्दगी में उसी पर अमल करें। अन्त में सैय्यद फरमान मियां चिश्ती हाशमी ने दुआ करवाई।

# डीएम ने ग्राम पंचायत भीख एवं जगतपुर का किया निरीक्षण

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**रायबरेली:-** जिलाधिकारी सरनीत कौर ब्रोका ने पंचायती राज विभाग द्वारा संचालित स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) 2.0 अन्तर्गत विकास खण्ड-जगतपुर की ग्राम पंचायत-भीख में निर्मित प्लास्टिक वेस्ट अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र एवं ग्राम पंचायत-जगतपुर में निर्मित ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र, आर0आर0सी0, कम्पोस्ट पिट तथा फिल्टर चैम्बर का स्थलीय निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला पंचायत राज अधिकारी सौम्य शील सिंह एवं खंड विकास अधिकारी प्रवीण कुमार त्रिपाठी को रोस्टर बनाकर प्लास्टिक अपशिष्ट एकत्रित करने की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए साथ ही अधिशासी अभियन्ता, लोक निर्माण विभाग को प्लास्टिक अपशिष्ट केन्द्रों से प्राप्त प्लास्टिक को सड़क निर्माण के कार्यों में उपयोग किए जाने हेतु निर्देशित किया गया।जिलाधिकारी ने पंचायत राज विभाग द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के प्रति संतोष व्यक्त करते हुए उन्होंने समस्त प्लास्टिक अपशिष्ट केंद्रों पर विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने हेतु जिला पंचायत राज अधिकारी को तत्काल शासन को प्रस्ताव भेजने हेतु निर्देशित किया गया।

जिलाधिकारी ने गांव का भ्रमण कर साफ-सफाई, पेयजल, सड़क एवं अन्य मूलभूत व्यवस्थाओं का भी निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से संवाद कर उनकी समस्याओं की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने कहा कि शासन की प्राथमिकता के अनुरूप गांवों में स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित वातावरण बनाए रखने हेतु सभी संबंधित विभाग समन्वय के साथ कार्य करें। निरीक्षण के दौरान जिला सलाहकार स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) राहुल सिंह, प्रेरित कटियार, सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) अनिल कुमार एवं अन्य ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## 18 मुठभेड़, 72 घंटे: उत्तर प्रदेश पुलिस की कार्रवाई में तीन की मौत, 15 घायल

उत्तर प्रदेश में पिछले तीन दिनों में 18 मुठभेड़ें हुई हैं, जिनमें तीन लोगों की मौत हो गई और 15 घायल हो गए। इन गोलीबारी की घटनाओं के पीछे के हालात एक जैसे थे – बदमाशों ने जवाबी गोलीबारी की और भागने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस की जवाबी कार्रवाई में उनके पैरों में गोली लगी।गुरुवार तड़के मथुरा में दो लोगों की मौत की खबर आई, जबकि बुधवार को हरदोई में एक व्यक्ति की मौत हुई। इंडियन एक्सप्रेस के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि इसी दौरान अलग-अलग मुठभेड़ों में 15 आरोपी घायल हुए। भागने की कोशिश के दौरान पुलिस के साथ हुई गोलीबारी में उनके पैरों में गोलियां लगीं।

# लखनऊ में कचहरी रोड से 12 मई को नगर निगम हटाएगा कब्जा

**● नगर निगम लखनऊ 12 मई को कैसरबाग कचहरी रोड से अवैध कब्जे हटाएगा। यह कार्रवाई हाईकोर्ट के आदेश और नाराजगी के बाद की जा रही है, जिसमें पहले पुलिस बल की कमी के कारण देरी हुई थी।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**लखनऊ।** नगर निगम ने कैसरबाग कचहरी रोड के आसपास किए गए कब्जों को हटाने के लिए अब 12 मई की तारीख तय की है। हाईकोर्ट के आदेश पर 23 अप्रैल को अतिक्रमण को हटाया जाना था, लेकिन पुलिस बल उपलब्ध न होने के कारण नगर निगम ने कार्रवाई को टाल दिया था। अभी तक कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए जिला प्रशासन को निर्देश दिया था कि अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम को पर्याप्त पुलिस बल उपलब्ध कराया जाए। कोर्ट ने 25 मई को कार्रवाई से जुड़ी रिपोर्ट भी तलब की है।

**72 कब्जेदारों के यहां नोटिस की थी चस्पा**

कचहरी रोड पर कई वकीलों ने कब्जा करके चैंबर बना रखें हैं। साथ ही कई अवैध दुकानें भी हैं। नगर निगम ने कोर्ट के आदेश पर छह अप्रैल को 72 कब्जेदारों के यहां नोटिस चस्पा की थी। कई कब्जे तो नाले के ऊपर पाए गए हैं। यहां तीस से अधिक वकीलों के चैंबर हैं। अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव ने बताया कि अतिक्रमण हटाने के लिए नगर निगम ने 12 मई की तारीख तय करते हुए जिलाधिकारी, संयुक्त पुलिस आयुक्त को भी इसकी जानकारी पत्र के माध्यम से दी है।

**वकील और उनकी मां की याचिका पर दिया था कोर्ट ने आदेश**

अवैध कब्जों से फैल रही अराजकता के खिलाफ महिला वकील और उनकी मां ने आवाज उठाई थी। उनकी याचिका पर इलाहाबाद हाईकोर्ट की लखनऊ खंडपीठ ने 24 मार्च को कैसरबाग स्थित जिला एवं सत्र न्यायालय (पुराना हाईकोर्ट परिसर) के आसपास से अवैध कब्जों को हटाने का आदेश दिया था। कोर्ट ने अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की रिपोर्ट सात अप्रैल को नगर निगम को देने को कहा था, लेकिन कोई कार्रवाई न होने पर कोर्ट ने नाराजगी जताई थी। न्यायमूर्ति राजेश सिंह चौहान और न्यायमूर्ति राजीव भारती की पीठ ने अधिवक्ता अनुराधा सिंह, अधिवक्ता देवांशी श्रीवास्तव और देवांशी की माता अरूणिमा श्रीवास्तव की तरफ से दाखिल याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश पारित किया था।

**शराब पीकर मचाते हैं हुड़दंग**

याचियों ने उनपर अधिवक्ता सुजीत कुमार वाल्मीकि की ओर से एससी/एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई गई प्राथमिकी को चुनौती दी थी। कहा था कि उनके घर के पास अधिवक्ता सुजीत कुमार वाल्मीकि के सीनियर श्रवण कुमार ने अवैध रूप से अपना चैंबर बना रखा है और शाम को कोर्ट बंद होने के बाद वहां पर शराब पीकर हुड़दंग किया जाता है।

विरोध करने पर कहासुनी करते हैं। कहा गया कि इसी के चलते उनके खिलाफ फर्जी रिपोर्ट लिखाई गई। मामले में गंभीर रुख अपनाते हुए कोर्ट ने याचियों के खिलाफ उक्त प्रथम सूचना रिपोर्ट के आधार पर किसी प्रकार की कार्रवाई करने से रोक लगाते हुए पुलिस को निर्देश दिया है कि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर रिपोर्ट दी जाए। सुनवाई के दौरान संज्ञान में आया कि पुराने हाई कोर्ट परिसर, जहां अब जिला एवं सत्र न्यायालय की अदालतें चलती हैं, उसके चारों ओर अतिक्रमण हो गया है। इसमें न केवल अधिवक्ताओं के चैंबर हैं, बल्कि पक्का निर्माण कर फोटो कापी, टाइपिंग और खानपान की दुकानें भी खुली हैं। कोर्ट ने नाराजगी जताते हुए नगर निगम से रिपोर्ट



मांगी थी।

**इनके हैं अवैध कब्जे**

सुरेंद्र नाथ रोड के दाहिनी पटरी पर नाले की स्लैब के ऊपर चकबस्त रोड की तरफ चैंबर व दुकान। अरूण कुमार साहू, ओम चैंबर (सीबी यादव), गीता रावत एवं एसपी वर्मा, यादव एडवोकेट, राजेंद्र चैंबर, रामनाथ एडवोकेट, सात नंबर चैंबर, शिव लीगल एडवोकेट, एसबी वर्मा, भारत कंप्यूटर, सर्वेश कुमार एडवोकेट, अधिवक्ता चैंबर (जनसेवा केंद्र) नारायण लीगल एसोसिएट बिस्मिल्लाह चैंबर (कोर्ट मैरिज रजिस्ट्रेशन केंद्र)। सैयद तौकीर रजा (कोर्ट मैरिज रजिस्ट्रेशन केंद्र), सोनू शर्मा, पार्थ लीगल एसोसिएटस, मनोज शुक्ला, सर्वसमाज सेवा समिति, अबरार अली चैंबर, पवन कुमार यादव, प्रकाश ला, सुचिता वर्मा, नूर फाातिमा, एम लीगल एसोसिएट, रानू चैंबर, लक्ष्मी कांत चतुर्वेदी, एसके यादव, शमीम जहां, पंकज शुक्ला, संतोष कुमार शर्मा, अरीबा ला चैंबर, रोड पर झोपड़ी में अज्ञात चैंबर, पांच अज्ञात चैंबर। निबंधन कार्यालय के आगे सुरेंद्र नाथ रोड के दाहिनी ओर नाले व सड़क पटरी पर चैंबर। अशोक इलेक्ट्रिकल, करूणेश तिवारी चैंबर, आफताब आलम चैंबर, फोटो कापी की दुकान, मेराज हुसैन, न्यू लाइट चैंबर, ओम साई श्याम लीगल चेंबर, मुजमुल, रोशनी ला चैंबर, धीरसेन चैंबर, गणेश कचौड़ी भंडार, गुप्ता लस्सी भंडार, पराग बूथ, समरेंद्र चैंबर, प्रदीप पाल, जमजम ला चैंबर, यूनीवर्सल लीगल एसोसिएट, सरस्वती लीगल एसोसिएट, राजधानी लीगल एसोसिएट, जयश्री लीगल एसोसिएट, नौ अज्ञात।

# चैट जीपीटी से बनाई जा रही IPL 2026 की फर्जी टिकटें

**● लखनऊ में पुलिस ने इकाना स्टेडियम के बाहर अंतरराज्यीय गैंग दबोचा**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**लखनऊ।** आईपीएल 2026 का जुनून लोगों में इस कदर चढ़ गया है कि लोग असली और फर्जी टिकट का अंतर तक नहीं पहचान पा रहे हैं। लोगों की इस अनभिज्ञता का लाभ के दौरान फर्जी टिकट बेचकर दर्शकों से ठगी करने वाले अंतरराज्यीय गिरोह के चार ठगों को शुक्रवार को सुशांत गोल्फ सिटी पुलिस ने साइबर सेल की मदद से गिरफ्तार किया। सभी आरोपित छत्तीसगढ़ के रहने वाले हैं। पुलिस की जांच में सामने आया कि गिरोह ने टिकट की साइज, डिजाइन और पेपर क्वालिटी तक की जानकारी चैट जीपीटी की मदद से जुटाई थी, ताकि टिकट बिल्कुल असली जैसे दिखें। इसके बाद असली टिकटों की फोटो लेकर कोरल ड्रा एप्लीकेशन के जरिए हूबहू नकली टिकट तैयार करते थे। अपर पुलिस उपायुक्त(एडीसीपी) दक्षिणी आर वसंत कुमार ने बताया कि जालौन के प्रदीप सिंह सात मई को आइपीएल मैच देखने इकाना स्टेडियम पहुंचे थे। स्टेडियम के बाहर उन्होंने दो टिकट खरीदे और एक हजार रुपये आनलाइन ट्रांसफर किए। जब वह गेट पर पहुंचे तो जांच में टिकट फर्जी निकले। इसके बाद उन्होंने थाना सुशांत गोल्फ सिटी में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर साइबर सेल के साथ जांच शुरू की और शाम करीब साढ़े चार बजे दोदनखेड़ा चौराहे के पास चारों आरोपितों को दबोच लिया। गिरफ्तार आरोपितों में छत्तीसगढ़ के दुर्ग के श्रीकांत बोरकर, नूतन कुमार साहू, राजेंद्र चौधरी और विश्वजीत साहू हैं। पूछताछ में आरोपितों ने बताया कि आर्थिक तंगी और नया आफिस खोलने के लिए पैसों की जरूरत थी। इसी कारण उन्होंने फर्जी आइपीएल टिकट बनाकर बेचने की योजना बनाई। विश्वजीत साहू 2डी और 3डी डिजाइनिंग का काम करता है और उसी ने कोरल ड्रा के जरिए टिकट डिजाइन किए। आरोपितों ने फेसबुक, इंस्टाग्राम और यूट्यूब से असली टिकटों की तस्वीरें डाउनलोड कर उन्हें एडिट किया। फिर चैट जीपीटी से सीखकर कोरल ड्रा की मदद से टिकट तैयार की थी।

**दिल्ली में हुए फेल तो लखनऊ पहुंचे**

पूछताछ में यह भी सामने आया कि आरोपित पहले दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में भी फर्जी टिकट बेचने पहुंचे थे, लेकिन वहां टिकट की क्वालिटी खराब होने और बारकोड मैच नहीं करने से सफल नहीं हो सके। इसके बाद उन्होंने टिकटों में सुधार किया और छह मई को लखनऊ पहुंचकर होटल में रुके। अगले दिन इकाना स्टेडियम के बाहर टिकट बेचने लगे।

**यह माल हुआ बरामद**

पुलिस ने आरोपितों के कब्जे से 15 जाली आइपीएल टिकट, 14 अधछपे फर्जी टिकट, लैपटाप, चार मोबाइल फोन, पेपर कटर, 170 जीएसएम पेपर शीट, पासबुक, एटीएम कार्ड और घटना में प्रयुक्त रिट्ज कार बरामद की है। पुलिस के अनुसार आनलाइन भुगतान मुख्य रूप से श्रीकांत बोरकर के बैंक खाते में लिया जाता था।

**गिरोह के अन्य ठगों के बारे पड़ताल जारी**

इंस्पेक्टर सुशांत गोल्फ सिटी राजीव रंजन उपाध्याय ने बताया कि अधिकारियों का कहना है कि आइपीएल मैचों के दौरान फर्जी टिकट बेचने वाले गिरोहों पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। साइबर सेल अब आरोपितों के डिजिटल नेटवर्क और अन्य राज्यों में उनकी गतिविधियों की भी जांच कर रही है।

## यूपी में रोजगार का सुनहरा मौका, सब्सिडी भी दे रही सरकार

**लखनऊ।** यूपीनेडा के वरिष्ठ परियोजना अधिकारी अजय कुमार-प्रथम ने कहा है कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को घर-घर पहुंचाने के प्रयास जारी हैं। शुरुआत में 425 वेंडरों को जोड़ा गया था, जिसकी संख्या अब छह हजार से अधिक हो चुकी है। पीएम सूर्य घर योजना के तहत यूपी में प्रतिदिन लगभग 2300 इंस्टालेशन किए जा रहे हैं। प्रदेश के 25 लाख घरों में रूफटाप सोलर संयंत्र स्थापित करने का लक्ष्य यूपी अन्य राज्यों से पहले हासिल करेगा। इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान में आयोजित यूपी एनर्जी एक्सपो 2026 के दूसरे दिन शुक्रवार को स्वच्छ ऊर्जा, सौर परियोजनाओं, बैटरी स्टोरेज और रूफटाप सोलर के भविष्य पर व्यापक चर्चा हुई। भारत के रूफटाप सोलर भविष्य का विस्तार विषय पर उन्होंने बताया, प्रदेश व केंद्र सरकारों अब तक सौर उपभोक्ताओं को 45 हजार करोड़ रुपये से अधिक की सब्सिडी दे चुकी है, इसके माध्यम से 70 हजार लोगों को प्रत्यक्ष और 35 हजार लोगों को अप्रत्यक्ष रोजगार मिला है। यूपी सौर ऊर्जा नीति 2022 वर्ष 2027 तक प्रभावी है, उसे आगामी वर्षों में और विस्तार दिया जा सकता है। सिगएनर्जी इंडिया के सीईओ अभिलाष बोराना ने कहा, उनकी कंपनी सोलर पावर, बैटरी स्टोरेज, एआई-संचालित एनर्जी मैनेजमेंट सिस्टम और ईवी चार्जिंग को एकीकृत कर स्मार्ट एवं उपयोगकर्ता-अनुकूल समाधान विकसित कर रही है। यूपीपीसीएल के निदेशक (कारपोरेट प्लानिंग) दीपक रायजादा ने कहा कि बिजली की बढ़ती मांग के दौरान ग्रिड पर दबाव बढ़ रहा है। सुझाव दिया कि दिन में उत्पादित अतिरिक्त सौर ऊर्जा को बैटरी एवं बड़े स्टोरेज सिस्टम में सुरक्षित रखने की दिशा में गंभीर प्रयास किए जाने चाहिए ताकि पीक आवर्स में बिजली ग्रिड पर दबाव कम किया जा सके।

# भारतीय अस्मिता के प्रतीकः वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप

भारतीय इतिहास की गौरवशाली परंपरा में महाराणा प्रताप का नाम एक ऐसे देदीप्यमान नक्षत्र के समान है जिसकी आभा शताब्दियों के पश्चात भी तनिक भी फीकी नहीं पड़ी है। उनका व्यक्तित्व साहस, त्याग, अद्वितीय स्वाभिमान और अटूट राष्ट्रभक्ति का एक ऐसा संगम है जो विश्व इतिहास में विरले ही देखने को मिलता है। राजस्थान की वीर प्रसूता भूमि पर अनेक योद्धाओं ने जन्म लिया, किंतु महाराणा प्रताप की विशिष्टता इस बात में निहित है कि उन्होंने उस समय की सबसे बड़ी वैश्विक शक्ति कहे जाने वाले मुगल साम्राज्य के सम्मुख सिर झुकाने के स्थान पर संघर्ष और अभावों से भरे जीवन को प्राथमिकता दी। उनका संपूर्ण जीवन केवल युद्धों का संकलन मात्र नहीं है, अपितु यह मनुष्य की उस अदम्य इच्छाशक्ति का प्रमाण है जो किसी भी भौतिक प्रलोभन या भय के आगे पराजित नहीं होती। मेवाड़ के सिसोदिया राजवंश के इस तेजस्वी राजा ने यह सिद्ध कर दिया कि स्वतंत्रता का मूल्य किसी भी सिंहासन या विलासिता से कहीं अधिक ऊंचा होता है। महाराणा प्रताप का जन्म 9 मई 1540 को राजस्थान के सुप्रसिद्ध कुंभलगढ़ दुर्ग में हुआ था। उनके पिता महाराणा उदयसिंह द्वितीय मेवाड़ के शासक थे और उनकी माता रानी जयवंता बाई एक अत्यंत धार्मिक और स्वाभिमानी महिला थीं। प्रताप के व्यक्तित्व निर्माण में उनकी माता का प्रभाव सर्वोपरि था जिन्होंने बचपन से ही उन्हें रामायण और महाभारत की वीर कथाएं सुनाकर धर्म और राष्ट्र की रक्षा के लिए प्रेरित किया। कुंभलगढ़ की पहाड़ियों में प्रताप का बचपन व्यतीत हुआ जहाँ उन्होंने स्थानीय भील जनजाति के साथ घनिष्ठ संबंध स्थापित किए। यही भील आगे चलकर उनकी सेना की रीढ़ बने और उन्हें प्यार से कीका कहकर पुकारते थे। बचपन से ही प्रताप अस्त्र शस्त्र के संचालन, घुड़सवारी और युद्ध कौशल में निपुण होने लगे थे। उनकी कद काठी अत्यंत प्रभावशाली थी और उनके चेहरे पर एक ऐसा तेज था जो उनके भावी नायक होने की पुष्टि करता था। जब प्रताप युवावस्था में पहुँचे तब भारत की राजनीतिक परिस्थितियाँ बड़ी तेजी से बदल रही थीं। मुगल सम्राट अकबर अपनी साम्राज्यवादी नीतियों के माध्यम से पूरे भारत को एक ध्वज के नीचे लाने का प्रयास कर रहा था। राजस्थान के अधिकांश शक्तिशाली राजपूत राजाओं ने मुगलों की अधीनता स्वीकार कर ली थी और उनके साथ वैवाहिक संबंध स्थापित कर लिए थे। किंतु मेवाड़ इस मार्ग में सबसे बड़ी बाधा था। चित्तौड़गढ़ पर 1568 में अकबर का भीषण आक्रमण हुआ जिसमें भारी रक्तपात हुआ और महाराणा उदयसिंह को सुरक्षित स्थानों की खोज में पहाड़ियों की ओर जाना पड़ा। इसी कठिन समय में 1572 में महाराणा उदयसिंह की मृत्यु के बाद प्रताप का राज्याभिषेक हुआ। उस समय मेवाड़ के पास न तो पर्याप्त धन था, न विशाल सेना और न ही चित्तौड़गढ़ जैसा अभेद्य दुर्ग, क्योंकि वह मुगलों के अधिकार में था। इसके बावजूद प्रताप ने हार मानने के स्थान पर मेवाड़ को पुनः स्वतंत्र कराने की प्रतिज्ञा ली। अकबर जानता था कि यदि मेवाड़ उसकी अधीनता स्वीकार कर लेता है तो पूरे भारत पर उसका निर्बाध शासन होगा। इसलिए उसने प्रताप को समझाने के लिए चार बार दूत भेजे। सबसे पहले जलाल खान को भेजा गया, उसके बाद आमेर के राजा मानसिंह, फिर राजा भगवंत दास और अंत में टोडरमल को भेजा गया। इन दूतों ने प्रताप को बड़े बड़े प्रलोभन दिए और युद्ध की विभीषिका से डराया, लेकिन प्रताप का उत्तर स्पष्ट था कि वे किसी भी स्थिति में मुगलों के दास बनकर जीवित रहने के स्थान पर स्वतंत्र रहकर मृत्यु को गले लगाना श्रेष्ठ समझते हैं। उन्होंने स्पष्ट कर दिया कि मेवाड़ की स्वतंत्रता का कोई सौदा नहीं हो सकता। यह निर्णय एक अत्यंत शक्तिशाली साम्राज्य के विरुद्ध सीधा संघर्ष मोल लेने जैसा था, जो किसी आत्मघाती कदम से कम नहीं जान पड़ता था, लेकिन प्रताप के लिए उनका आत्मसम्मान सर्वोपरि था। परिणामस्वरूप 18 जून 1576 को वह ऐतिहासिक युद्ध हुआ जिसे हम हल्दीघाटी के युद्ध के नाम से जानते हैं। अरावली की संकरी पहाड़ियों में स्थित इस स्थान की मिट्टी हल्दी जैसी पीली होने के कारण इसे हल्दीघाटी कहा जाता है। एक ओर मुगल सेना थी जिसका नेतृत्व राजा मानसिंह कर रहे थे और उनके पास आधुनिक अस्त्र शस्त्र, हाथियों का विशाल




दल और हजारों प्रशिक्षित सैनिक थे। दूसरी ओर महाराणा प्रताप की सेना थी जिसमें लगभग 20000 सैनिक थे जिनमें राजपूतों के साथ साथ हकीम खान सूरी के नेतृत्व में अफगान सैनिक और राणा पुंजा के नेतृत्व में भील धनुर्धारी सम्मिलित थे। युद्ध इतना भीषण था कि बनास नदी का जल सैनिकों के रक्त से लाल हो गया था। महाराणा प्रताप ने अपनी वीरता का ऐसा प्रदर्शन किया कि मुगल सेना के पैर उखड़ गए। उन्होंने अपने भाले के एक ही प्रहार से बहलोल खान को उसके घोड़े समेत दो टुकड़ों में चीर दिया था। हल्दीघाटी के युद्ध में महाराणा प्रताप का प्रिय घोड़ा चेतक भी अमर हो गया। चेतक की स्वामीभक्ति का उदाहरण आज भी जन जन की जुबान पर है। युद्ध के दौरान जब महाराणा प्रताप संकट में थे, तब गंभीर रूप से घायल होने के बावजूद चेतक उन्हें रणक्षेत्र से सुरक्षित बाहर निकाल ले गया। उसने अपने घायल पैरों के साथ एक चौड़े नाले को एक ही छलांग में पार कर लिया, जिसे मुगल सैनिक पार नहीं कर सके। अपने स्वामी की रक्षा करने के पश्चात चेतक ने प्राण त्याग दिए। चेतक की मृत्यु पर महाराणा प्रताप की आंखों में आंसू आ गए थे। इस युद्ध के बाद मुगलों को लगा था कि प्रताप की शक्ति समाप्त हो गई है, लेकिन यह तो उनके संघर्ष का केवल एक नया अध्याय था। हल्दीघाटी का युद्ध निर्णायक नहीं रहा क्योंकि अकबर न तो प्रताप को बंदी बना सका और न ही मेवाड़ को पूरी तरह जीत सका। युद्ध के पश्चात महाराणा प्रताप का जीवन अत्यंत संघर्षपूर्ण रहा। उन्होंने अपने परिवार के साथ जंगलों और पहाड़ों में निवास किया। उस समय की कथाएं बताती हैं कि कई बार उनके बच्चों को घास की रोटियां खाकर दिन बिताने पड़े। एक बार जब एक जंगली बिल्ली ने उनके बच्चे के हाथ से घास की रोटी छीन ली और बच्चा रोने लगा, तो प्रताप का हृदय विचलित हुआ, लेकिन उन्होंने तुरंत स्वयं को संभाला और स्वतंत्रता के मार्ग से पीछे नहीं हटे। उन्होंने प्रण लिया था कि जब तक वे चित्तौड़ को मुक्त नहीं करा लेंगे, वे सोने चांदी के बर्तनों में भोजन नहीं करेंगे और कोमल शय्या पर नहीं सोएंगे। उन्होंने अपने महलों का त्याग कर दिया और घास के बिछौनों पर सोने लगे। उनके इस धैर्य और संकल्प ने संपूर्ण मेवाड़ की जनता में देशभक्ति का ज्वार पैदा कर दिया था। कठिन समय में महाराणा प्रताप को उनके विश्वसनीय मंत्री और मित्र भामाशाह का सहयोग मिला। जब प्रताप के पास सेना को संगठित करने के लिए धन का अभाव था, तब भामाशाह ने अपनी जीवन भर की संपूर्ण संपत्ति महाराणा के चरणों में अर्पित कर दी। यह धनराशि इतनी अधिक थी कि इससे 25000 सैनिकों का खर्च 12 वर्षों तक उठाया जा सकता था। इस सहायता ने प्रताप के संघर्ष में नई जान फूंक दी। उन्होंने पुनः एक शक्तिशाली सेना का गठन किया और मुगलों के किलों पर आक्रमण करना प्रारंभ किया। प्रताप ने परंपरागत युद्ध पद्धति के स्थान पर छापामार युद्ध नीति अपनाई जिसे गुरिल्ला युद्ध कहा जाता है। पहाड़ियों के भूगोल से परिचित होने के कारण उनकी सेना अचानक मुगलों पर हमला करती और देखते ही देखते पहाड़ियों में ओझल हो जाती। मुगलों की विशाल सेना इस युद्ध पद्धति के आगे असहाय सिद्ध होने लगी। 1582 में दिवेर का युद्ध हुआ जो महाराणा प्रताप की एक बड़ी सामरिक विजय थी। इस युद्ध में प्रताप ने मुगल चौकियों को ध्वस्त कर दिया और मुगलों के मनोबल को पूरी तरह तोड़ दिया। इसके बाद उन्होंने धीरे धीरे मेवाड़ के अधिकांश क्षेत्रों को मुक्त करा लिया। उदयपुर, कुंभलगढ़ और गोगुंदा जैसे महत्वपूर्ण स्थान पुनः प्रताप के अधिकार में आ गए। मुगल सम्राट अकबर अपनी तमाम कोशिशों के बावजूद प्रताप को झुका नहीं सका। अंततः अकबर ने भी मेवाड़ की ओर अभियान भेजना बंद कर दिया। महाराणा प्रताप ने अपनी नई राजधानी चावंड में स्थापित की जहाँ उन्होंने कला, साहित्य और कृषि को बढ़ावा दिया। उनके शासनकाल में प्रजा अत्यंत सुखी थी और लोग उन्हें अपना रक्षक मानते थे। महाराणा प्रताप का अंत समय निकट आया जब 19 जनवरी 1597 को एक शिकार के दौरान उन्हें गहरी चोट लगी। 57 वर्ष की आयु में इस महान योद्धा ने अपनी अंतिम सांस ली। मृत्यु शय्या पर भी उन्हें केवल इस बात की चिंता थी कि कहीं उनके उत्तराधिकारी मुगलों के सामने झुक न जाएं। उनके पुत्र अमर सिंह और सामंतों ने उन्हें विश्वास दिलाया कि वे मेवाड़ की स्वतंत्रता की रक्षा करेंगे, तभी प्रताप की आत्मा को शांति मिली। कहा जाता है कि जब प्रताप की मृत्यु का समाचार अकबर को मिला, तो उसकी आंखों में भी आंसू आ गए थे। अकबर ने स्वयं स्वीकार किया था कि प्रताप जैसा महान और अडिग शत्रु मिलना असंभव है। यह एक विजेता की ओर से अपने प्रतिद्वंद्वी को दी गई सबसे बड़ी श्रद्धांजलि थी। आज भी महाराणा प्रताप का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणा का स्रोत है। वे केवल एक क्षेत्रीय राजा नहीं थे, बल्कि भारतीय अस्मिता और अखंडता के प्रतीक थे। उन्होंने यह संदेश दिया कि यदि आपके पास दृढ़ संकल्प और अदम्य साहस है, तो संसाधनों का अभाव आपकी सफलता में बाधक नहीं बन सकता। उनकी जयंती और पुण्यतिथि पर आज भी राजस्थान की गलियों में वीरता के गीत गूँजते हैं। साहित्यकारों ने उनकी वीरता पर अनेक काव्य रचे हैं जो आज भी युवाओं के भीतर जोश भर देते हैं।

**महेन्द्र तिवारी**

# महंगी किताबों के बोझ तले दबता मध्यम वर्ग



**संपादक/लेखकः राजीव शुक्ला**

भारत में शिक्षा को हमेशा सामाजिक परिवर्तन और समान अवसर का सबसे बड़ा माध्यम माना गया है। लेकिन आज निजी स्कूलों में महंगी किताबों और अनावश्यक शैक्षणिक सामग्री की अनिवार्यता ने इस मूल भावना को झकझोर दिया है। NCERT जैसी सस्ती और मानक पुस्तकों के स्थान पर निजी प्रकाशकों की हजारों रुपये की किताबें थोपना अब केवल 'शैक्षणिक विकल्प' नहीं, बल्कि अभिभावकों की जेब पर सुनियोजित आर्थिक हमला बनता जा रहा है। यह विडंबना ही है कि एक ओर सरकार नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के माध्यम से शिक्षा को सुलभ और समान बनाने की बात करती है, वहीं दूसरी ओर कई निजी स्कूल शिक्षा को खुले बाजार के उत्पाद की तरह बेच रहे हैं। किताबों से लेकर यूनिफॉर्म, स्टेशनरी और नोटबुक तक–सब कुछ 'निर्धारित दुकानों' से खरीदने का दबाव बनाया जाता है। इससे साफ संकेत मिलता है कि शिक्षा संस्थानों का एक वर्ग अब सेवा से अधिक 'व्यापार मॉडल' की तरह काम कर रहा है। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (NHRC) द्वारा केंद्र सरकार, CBSE और राज्यों को नोटिस जारी किया जाना इस समस्या की गंभीरता को दर्शाता है। जब एक आयोग को यह कहना पड़े कि निजी स्कूल अभिभावकों पर 'अत्यधिक वित्तीय बोझ' डाल रहे हैं, तो यह केवल प्रशासनिक मामला नहीं रह जाता, बल्कि सामाजिक न्याय का प्रश्न बन जाता है। राइट टू एजुकेशन (RTE) एक्ट की धारा 29 स्पष्ट रूप से NCERT/SCERT आधारित शिक्षा की बात करती है, ताकि देशभर में एक समान और सस्ती शिक्षा व्यवस्था सुनिश्चित हो सके। इसके बावजूद निजी स्कूलों द्वारा महंगी किताबें अनिवार्य करना कानून और नैतिकता–दोनों का उल्लंघन है। सबसे चिंताजनक पहलू यह है कि कई स्कूल हर वर्ष किताबों की नई एडिशन लागू कर पुरानी पुस्तकों को बेकार बना देते हैं। इससे न केवल अभिभावकों का खर्च बढ़ता है, बल्कि 'री-यूज़' की वह परंपरा भी समाप्त हो रही है, जिसमें बड़े भाई-बहनों की किताबें छोटे बच्चों के काम आ जाती थीं। शिक्षा अब ज्ञान का माध्यम कम और उपभोक्तावाद का हिस्सा अधिक बनती जा रही है। लखनऊ सहित कई शहरों से सामने आ रही शिकायतें बताती हैं कि अभिभावक मजबूरी में स्कूल द्वारा निर्धारित दुकानों से महंगे सेट खरीद रहे हैं। यह स्थिति तब और दुर्भाग्यपूर्ण हो जाती है जब वही NCERT किताबें बाजार में बेहद कम कीमत पर उपलब्ध हैं। स्पष्ट है कि इस व्यवस्था में 'कमीशन संस्कृति' ने गहरी पैठ बना ली है। हालांकि प्रशासन और कुछ संगठनों द्वारा उठाए गए कदम सकारात्मक संकेत हैं। लखनऊ प्रशासन की चेतावनी, PSA के आश्वासन और CBSE के संशोधित नियम स्वागतयोग्य हैं, लेकिन केवल आदेश जारी करना पर्याप्त नहीं होगा। जरूरत है जमीनी स्तर पर कड़ाई से निगरानी और पारदर्शिता सुनिश्चित करने की। यदि कोई स्कूल अभिभावकों को किसी विशेष दुकान या ब्रांड से खरीदारी के लिए बाध्य करता है, तो उसके खिलाफ तुरंत दंडात्मक कार्रवाई होनी चाहिए। इसके साथ ही अभिभावकों को भी जागरूक और संगठित होना होगा।


अक्सर डर या बच्चों के भविष्य की चिंता में वे स्कूल प्रबंधन की हर शर्त मान लेते हैं। लेकिन जब शिक्षा 'अधिकार' से 'लक्जरी' में बदलने लगे, तब आवाज उठाना आवश्यक हो जाता है। शिक्षा का उद्देश्य बच्चों को ज्ञान देना है, न कि अभिभावकों को आर्थिक दबाव में धकेलना। यदि स्कूल वास्तव में 'विद्या के मंदिर' हैं, तो उन्हें व्यापारिक मानसिकता से ऊपर उठना होगा। सरकार, नियामक संस्थाओं और समाज–तीनों की जिम्मेदारी है कि शिक्षा को फिर से सुलभ, समान और मानवीय बनाया जाए। वरना वह दिन दूर नहीं जब गुणवत्तापूर्ण शिक्षा केवल संपन्न वर्ग तक सीमित होकर रह जाएगी।

# क्यों टैगोर जयंती बनी 'नए बंगाल' की सांस्कृतिक पुनर्जागरण की तारीख?

**[ रवींद्रनाथ टैगोर-छाया में शपथः 'नए बंगाल' का प्रतीकात्मक सत्ता-विन्यास ]**

**[ टैगोर की जयंती और सत्ता की रणनीतिः पश्चिम बंगाल का बदलता परिदृश्य ]**

पश्चिम बंगाल की राजनीति में घटित होते क्षण अब केवल घटनाओं का क्रम नहीं, बल्कि एक सुनियोजित प्रतीकात्मक ढांचे का हिस्सा बन चुके हैं, जहाँ समय और सांस्कृतिक संदर्भ राजनीतिक संदेश बनते जा रहे हैं। रवींद्रनाथ टैगोर 165वीं जयंती के साथ संभावित शपथ ग्रहण की चर्चा ने इस परिदृश्य को गहराई दी है। 2026 के विधानसभा चुनाव में भाजपा के भारी बहुमत के साथ टीएमसी की 15 वर्षीय सरकार का अंत होने के बाद यह चर्चा और भी प्रासंगिक हो गई है। यह केवल सत्ता परिवर्तन की तैयारी नहीं, बल्कि ऐसी रणनीति है जिसमें हर सार्वजनिक क्षण और आयोजन सोच-समझकर चुना गया है, ताकि राजनीति और संस्कृति का संगम स्थापित हो सके। इसी ने 'नए बंगाल' की अवधारणा को नारे से आगे बढ़ाकर एक प्रतीकात्मक अभियान का रूप दे दिया है। इस रणनीति की असली धार यही है कि समय अब केवल पृष्ठभूमि नहीं, बल्कि सक्रिय राजनीतिक साधन बन चुका है। शपथ ग्रहण जैसे संवैधानिक क्षण को रवींद्रनाथ टैगोर की जयंती से जोड़ने का संकेत यह स्पष्ट करता है कि यहाँ सत्ता के साथ-साथ प्रतीकों और अर्थों की पूरी संरचना नए सिरे से रची जा रही है। हर तिथि एक संदेश बन गई है और हर आयोजन एक सुविचारित विमर्श का रूप ले चुका है। यह दृष्टिकोण राजनीति को प्रशासनिक प्रक्रिया से आगे ले जाकर उसे सांस्कृतिक स्मृति और जनभावनाओं के गहरे तंतुओं से जोड़ देता है, जिससे उसका प्रभाव और अधिक सघन व बहुआयामी हो जाता है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह को रणनीतिक शिल्पकार व संगठनात्मक वास्तुकार के रूप में देखा जाता है। मोदी जी राजनीति को केवल शासन नहीं, बल्कि सांस्कृतिक चेतना और राष्ट्रीय आत्मविश्वास के विस्तार के रूप में परिभाषित करते हैं, जबकि अमित शाह ने इस दृष्टि को बूथ स्तर तक सूक्ष्म संगठन में उतारा है। दोनों की संयुक्त रणनीति सुनिश्चित करती है कि कोई भी क्षण, तिथि या घटना अर्थहीन न रहे। प्रत्येक कदम ऐसा गढ़ा गया है कि वह तात्कालिक प्रभाव के साथ दीर्घकालिक राजनीतिक और सांस्कृतिक संदेश भी स्थापित करे। बूथ स्तर पर निर्मित रणनीति इस पूरी संरचना की सबसे सुदृढ़ नींव के रूप में उभरी है, जहाँ प्रत्येक मतदान केंद्र को केवल चुनावी इकाई नहीं, बल्कि जनसंपर्क और विचार-विस्तार के केंद्र में बदला गया। ग्रामीण क्षेत्रों से लेकर शहरी इलाकों तक समान संगठनात्मक अनुशासन दिखाई दिया, जिसमें स्थानीय समस्याओं को राष्ट्रीय परिप्रेक्ष्य से जोड़ा गया। बेरोजगारी, विकास में असमानता, सुरक्षा की चुनौतियाँ और सांस्कृतिक पहचान जैसे मुद्दों को सुनियोजित ढंग से उठाया गया। यह केवल प्रचार नहीं था, बल्कि एक निरंतर संवाद था, जिसने जनता और संगठन के बीच नई समझ को आकार दिया। इस रणनीति की एक और प्रमुख विशेषता यह है कि प्रत्येक राजनीतिक घटना को व्यापक सांस्कृतिक परिप्रेक्ष्य में स्थापित किया गया है। रवींद्रनाथ टैगोर की 'सोनार बांग्ला' की कल्पना को 'नए बंगाल' की आधुनिक दृष्टि से जोड़ने का प्रयास केवल भावनात्मक अपील नहीं, बल्कि वैचारिक पुनर्संरचना का संकेत है। यहाँ संस्कृति प्रतीक भर नहीं रही, बल्कि नीति और शासन का अभिन्न हिस्सा बन गई है। इसी कारण हर सार्वजनिक घोषणा, रैली और राजनीतिक संदेश को एक बड़े सांस्कृतिक आख्यान के भीतर समाहित किया जा रहा है, जिससे उसका प्रभाव केवल राजनीतिक नहीं, बल्कि सामाजिक स्तर तक विस्तृत हो जाता है। चुनावी चरणों के दौरान यह रणनीति और अधिक स्पष्ट रूप से उभरकर सामने आई, जहाँ मतदान की प्रत्येक प्रक्रिया को अत्यंत सूक्ष्म योजना के साथ संचालित किया गया। मतदान केंद्रों पर प्रबंधन, मतदाता संपर्क और संदेश प्रसार की व्यवस्था ने एक संगठित ढांचे को आकार दिया। हर चरण को इस तरह जोड़ा गया कि वह पिछले चरण से मिलकर एक सतत राजनीतिक कथा निर्मित करे। यह कथा केवल जीत-हार तक सीमित नहीं थी, बल्कि परिवर्तन, विकास और सांस्कृतिक पुनर्स्थापना की अवधारणा पर आधारित थी। इसने चुनाव को साधारण प्रक्रिया से आगे बढ़ाकर एक व्यापक सामाजिक घटना का रूप दे दिया। इस पूरे घटनाक्रम में समय का चयन एक निर्णायक रणनीतिक तत्व के रूप में सामने आया है। 9 मई की संभावित शपथ तिथि केवल प्रशासनिक निर्णय नहीं, बल्कि एक गहरे प्रतीकात्मक संदेश का हिस्सा प्रतीत होती है। रवींद्रनाथ टैगोर जैसी सांस्कृतिक विभूति की जयंती के साथ ऐसे आयोजन की योजना यह संकेत देती है कि राजनीति अब केवल वर्तमान तक सीमित नहीं, बल्कि स्मृति और प्रतीकात्मकता पर भी आधारित होती जा रही है। प्रत्येक क्षण को इस प्रकार चुना जा रहा है कि वह इतिहास, संस्कृति और राजनीति को एक साझा धागे में पिरो सके। 'नए बंगाल' अब महज राजनीतिक परियोजना नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और सामाजिक पुनर्गठन की प्रक्रिया बनता जा रहा है। टैगोर की 'सोनार बांग्ला' की कल्पना को आधुनिक दृष्टि से जोड़ते हुए शिक्षा, रोजगार, सांस्कृतिक गौरव और मानवीय मूल्यों को विकास के केंद्र में रखने का प्रयास किया जा रहा है। यह सोच केवल आर्थिक प्रगति तक सीमित नहीं, बल्कि पहचान और आत्मसम्मान को पुनः स्थापित करने पर भी केंद्रित है। इसी व्यापक ढांचे के तहत नीतियाँ और घोषणाएँ तय की जा रही हैं, जिससे परिवर्तन



की एक स्पष्ट और समग्र दिशा सामने आती है। राजनीतिक घटनाओं के बदलते स्वरूप पर नजर डालें तो पश्चिम बंगाल का यह परिदृश्य केवल सत्ता परिवर्तन की कहानी नहीं रह जाता, बल्कि समय, प्रतीक और संस्कृति के सूक्ष्म समन्वय पर आधारित एक जटिल रणनीति के रूप में सामने आता है। प्रत्येक क्षण का चयन, प्रत्येक तिथि का निर्धारण और प्रत्येक सांस्कृतिक संदर्भ का उपयोग एक व्यापक राजनीतिक एवं वैचारिक संदेश का हिस्सा बन चुका है। नरेंद्र मोदी और अमित शाह की यह संयुक्त रणनीति राजनीति को उस स्तर तक ले जाती है, जहाँ शासन केवल निर्णय नहीं, बल्कि अर्थ और प्रतीक के सृजन की प्रक्रिया भी बन जाता है। 'नए बंगाल' की यह यात्रा प्रारंभिक अवस्था में होते हुए भी यह संकेत देती है कि भविष्य की राजनीति घटनाओं से नहीं, बल्कि उनके चयनित समय और गहरे सांस्कृतिक अर्थों से आकार लेगी।

**प्रो. आरके जैन 'अरिजीत'**

# कविता, संजीव-नी



झिझकता रहता हूं मुस्कुराने से ।
छलक ना जाए गम इसी बहाने से
यूं ही झिझकता रहता मुस्कुराने से ।

रोज हिचकियां बहुत आती होगी
मैं कर रहा हूं याद इक जमाने से।

दुनिया में ऐसा कोई इंसान नहीं आज
जिसे परहेज न हो हमें गले लगाने से।

यहां पर मिलते हैं कद्र-दान बहुतेरे
टूटा दिल कहां जाए इस मयखाने से।

उसने कब समझा मेरे जज्बातों को
कब से लगा है वो मुझे आजमाने में।

हवा का रुख बदला हुआ है शहर में
पसीने से तर हूं अपना वजूद बचाने में।

तरक्की से परेशान है लोग दूसरों की
संजीव जमाने से लगा हूं पैर जमाने में।

**संजीव ठाकुर**

## विकास और शांति की नई उम्मीद : मुख्यमंत्री शुभेंदु अधिकारी

पश्चिम बंगाल सदैव आध्यात्म, शांति और नवचेतना की पावन धरती रहा है। यही कारण है कि भारत की स्वतंत्रता के लिए संघर्ष करने वाले अनेक क्रांतिकारियों और राष्ट्रभक्तों की यह कर्मभूमि बनी। इस भूमि ने ऐसे महान विभूतियों को जन्म दिया, जिन्होंने अपने विचारों, कर्मों और त्याग से न केवल बंगाल और भारत, बल्कि पूरे विश्व को राष्ट्रप्रेम, संस्कृति और मानवता का संदेश दिया। आज़ादी के बाद पश्चिम बंगाल जिस तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर हो सकता था, दुर्भाग्यवश वह राजनीतिक स्वार्थ, वैचारिक हठधर्मिता और सत्ता के दुरुपयोग के कारण संभव नहीं हो पाया। गुरुदेव रवीन्द्रनाथ टैगोर के 'सोनार बंगला' का स्वप्न आज़ादी के अठहत्तर वर्षों बाद भी पूर्ण रूप से साकार नहीं हो सका, जो अत्यंत पीड़ादायक और दुर्भाग्यपूर्ण है। पश्चिम बंगाल प्राकृतिक संसाधनों, समुद्री सीमाओं, सांस्कृतिक समृद्धि और व्यापारिक संभावनाओं से परिपूर्ण राज्य है। यदि दूरदर्शी नेतृत्व मिलता, तो यह राज्य आज गुजरात और महाराष्ट्र की तरह देश के अग्रणी विकसित राज्यों में शामिल हो सकता था। राज्य की भौगोलिक स्थिति अंतरराष्ट्रीय व्यापार और उद्योग के लिए अत्यंत अनुकूल रही है, जिससे लाखों युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराया जा सकता था। किंतु सत्ता में रही सरकारों ने विकास, उद्योग और रोजगार पर अपेक्षित ध्यान देने के बजाय जातीय राजनीति, तुष्टिकरण और अवैध घुसपैठ जैसे मुद्दों को बढ़ावा दिया, जिसके परिणामस्वरूप राज्य हिंसा, भय, भूख और भ्रष्टाचार की गिरफ्त में आता चला गया। जिस 'भय, भूख और भ्रष्टाचार' को मुद्दा बनाकर सादगी की प्रतीक कही जाने वाली ममता बनर्जी ने वामपंथी शासन को हटाकर सत्ता प्राप्त की थी, विडंबना यह रही कि उनके शासनकाल में भी यही समस्याएँ और अधिक गहराती चली गई। राजनीतिक हिंसा, भ्रष्टाचार और प्रशासनिक अव्यवस्था के कारण जनता में असंतोष लगातार बढ़ता गया। परिणामस्वरूप जनता ने उन्हें न केवल सत्ता से दूर किया, बल्कि उनके पारंपरिक राजनीतिक गढ़ में भी कड़ा संदेश दिया। ऐसे समय में पश्चिम बंगाल की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को व्यापक जनसमर्थन देकर नए मुख्यमंत्री के रूप में शुभेंदु अधिकारी पर विश्वास जताया है। राज्य के जनमानस को उनसे विकास, सुशासन और स्थायी शांति की बड़ी उम्मीदें हैं। जनता को विश्वास है कि वे पश्चिम बंगाल को उसके गौरवशाली अतीत से जोड़ते हुए एक नए युग की शुरुआत करेंगे, जहाँ शांति, रोजगार, अध्यात्म, नवचेतना, जनजागरण और राष्ट्रप्रेम की भावना मजबूत होगी। यदि नया नेतृत्व राज्य की वास्तविक समस्याओं पर गंभीरता से कार्य करता है और विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता देता है, तो वह दिन दूर नहीं जब 'सोनार बंगला' का सपना पुनः साकार होगा और पश्चिम बंगाल देश के सबसे विकसित एवं समृद्ध राज्यों में अपनी पहचान स्थापित करेगा।

**अरविंद रावल**

# एक नाम, जिसमें पूरा जीवन सिमट जाता है — माँ

**[ माँः जिम्मेदारियाँ उसे मोड़ती हैं, पर तोड़ नहीं पातीं ]**

**[ आँसू लिखते हैं, मुस्कानें पढ़ती हैं — ऐसी अमर किताब है माँ ]**

जब जीवन पहली बार ममता की छाया में सांस लेना सीखता है, तभी माँ का अर्थ समझ आता है। मई के दूसरे रविवार पर आने वाला यह दिन माँ के निस्वार्थ प्रेम और अथाह त्याग का वह उजाला है, जिसमें हमारे अस्तित्व का सच्चा अर्थ साफ दिखाई देता है। भारत समेत अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया में मई के दूसरे रविवार को मनाया जाने वाला मदर्स डे (मातृ दिवस) औपचारिक नहीं, उस मूल शक्ति का सम्मान है जो हर जीवन की नींव है। माँ वह दीप है, जो स्वयं जलकर अंधकार हरती है, और वह आसमान है, जो हर तूफान समेट लेता है। सूरज बाद में उगता है, पर माँ का स्नेह पहले ही रास्ता दिखा देता है। इसलिए यह दिन किसी रिश्ते का नहीं, उस दिव्यता का उत्सव है, जिसमें सृजन, संरक्षण और समर्पण एक साथ बसते हैं। जहाँ शब्द रुक जाते हैं और समझ की सीमाएँ छोटी पड़ जाती हैं, वहीं माँ के प्रेम की असली गहराई शुरू होती है। विज्ञान भले बहुत आगे बढ़ जाए, पर इस अनुभूति को पूरी तरह समझ नहीं पाता। गर्भ में शिशु की पहली हलचल के साथ ही माँ के तन-मन में अद्भुत बदलाव आते हैं। ऑक्सीटोसिन जैसे हार्मोन उसे पीड़ा सहने की शक्ति देते हैं, पर यह सिर्फ शरीर का विज्ञान नहीं, आत्मा का स्पंदन है। रात-रात जागकर बच्चे की देखभाल करना, अपने हिस्से का भोजन त्याग देना–ये सामान्य नहीं, प्रेम की चरम अभिव्यक्ति हैं। भारतीय परंपरा में 'माता' वही है जो सहेजती है, संरक्षण देती है और स्वयं को समर्पित कर देती है। रामायण की कौशल्या से महाभारत की कुंती तक और आज की हर माँ तक, यह त्याग और समर्पण की धारा अनवरत बहती रही है। जब प्रेम अपनी अंतिम सीमा पार कर त्याग में ढल जाता है, तब माँ की ममता इतिहास नहीं, अमर सत्य बन जाती है। 1952 के कोरिया युद्ध की वह घटना आज भी संवेदनाओं को झकझोर देती है, जब एक माँ ने अपने नवजात को ठंड से बचाने के लिए स्वयं को समर्पित कर दिया। बर्फ से जमे पुल के नीचे जन्मे उस शिशु को जीवित रखने के लिए उसने अपने शरीर की आखिरी गर्मी तक उसे ओढ़ा दी। वर्षों बाद जब उस बेटे को यह सच्चाई पता चली, तो उसकी पीड़ा हर संवेदनशील मन में गूंज उठी। यह कोई कथा नहीं, मातृत्व का वह कठोर सच है, जहाँ माँ खुद मिटकर भी जीवन बचा लेती है। इसलिए माँ की कोई तुलना संभव नहीं – वह हर उपमा से परे है। जब बाहरी जगमगाहट बढ़ती है और भीतर की गर्माहट कम होने लगती है, तब माँ का मौन संघर्ष और गहरा हो जाता है। वह घर की सीमाओं से परे, समय और समाज के हर दबाव से लड़ते हुए बच्चों का भविष्य गढ़ती है। कभी अपने सपनों और करियर को पीछे रखकर, तो कभी बीमारी में भी मुस्कान के साथ वह हर जिम्मेदारी निभाती है। कठिन परिस्थितियों में भी बच्चों की सुरक्षा उसका अडिग संकल्प रहता है। वर्षों की मेहनत से उन्हें सफलता दिलाना और अपनी पीड़ा छुपाकर उनके सपने पूरे करना–यही माँ की पहचान है। वह सच में ऐसी योद्धा है, जो बिना हथियार हर लड़ाई जीत लेती है। जब भावनाएँ बाज़ार की चमक में सिमटती हैं, तब मातृ-दिवस का अर्थ धुंधला पड़ जाता है। समय के साथ यह अवसर उपहारों, कार्डों और औपचारिकताओं तक सीमित हो गया है, जबकि इसकी आत्मा कहीं गहरी है। मातृ-दिवस की पहल करने वाली अन्ना जार्विस ने इसके व्यावसायीकरण पर खेद जताया था। उनका मानना था कि माँ के प्रति सच्चा सम्मान एक दिन नहीं, बल्कि रोज़मर्रा के व्यवहार में झलकता है। माँ के साथ बिताए गए सच्चे पल, उसकी बातों को ध्यान से सुनना और उसकी भावनाओं को समझना ही वास्तविक श्रद्धांजलि है। यह दिन हमें याद दिलाता है कि माँ के प्रति कृतज्ञता कोई क्षणिक भावना नहीं, बल्कि जीवनभर निभाया जाने वाला भाव है। जहाँ से भविष्य की दिशा तय होती है, वहाँ माँ की छाप सबसे गहरी होती है। वह सिर्फ परिवार की धुरी नहीं, बल्कि राष्ट्र की असली नींव है। एक शिक्षित और जागरूक माँ अपने बच्चों के साथ समाज को भी सही राह दिखाती है। खेतों से शहरों तक, अनगिनत माताएँ बिना वेतन और बिना विश्राम निरंतर राष्ट्र निर्माण में लगी हैं। उनका परिश्रम भले मौन हो, पर उसका प्रभाव असीम है। जब माँ अपनी बेटी को शिक्षित करती है, तो वह एक नहीं, कई पीढ़ियों को सशक्त बना देती है। इसलिए माँ की भूमिका इतनी विशाल है कि उसे शब्दों में पूरी तरह बाँध पाना संभव नहीं। जब कृतज्ञता शब्दों से आगे बढ़कर संकल्प बन जाती है, तभी मातृ-दिवस का अर्थ पूर्ण होता है। 10 मई 2026 हमें केवल उत्सव नहीं, बल्कि अपने कर्तव्यों को पहचानने का अवसर देता है। माँ के लिए एक स्नेहभरा फोन, उसके साथ बिताया गया थोड़ा-सा समय या एक सच्ची मुस्कान – ये छोटे कदम उसके जीवन में गहरी खुशी भर देते हैं। हमारा प्रयास होना चाहिए कि उसके चेहरे की मुस्कान कभी फीकी न पड़े और उसकी आँखों में आँसू



न आएँ। क्योंकि माँ की प्रसन्नता ही हमारी सबसे बड़ी उपलब्धि है, और उसकी संतुष्टि से बड़ा कोई पुरस्कार नहीं। जब हर रिश्ता समय के साथ बदलता है, तब भी एक सत्य अडिग रहता है – माँ। उसका प्रेम वह सूक्ष्म धागा है, जो टूटे सपनों को फिर से जोड़ देता है और बिखरे जीवन को संवार देता है। 10 मई 2026 का यह मातृ-दिवस हमें याद दिलाता है कि हम उसी के अंश हैं, उसके त्याग और स्नेह का विस्तार हैं; उसके बिना हमारा अस्तित्व अधूरा है। इसलिए यह दिन केवल स्मरण का नहीं, संकल्प का है – उसके आदर्शों पर चलने का, उसके त्याग का सम्मान करने का और उसके प्रेम को जीवन का मार्ग बनाने का। जय माता दी – हर उस माँ के लिए, जो न थकती है, न हारती है, और सदैव अपने बच्चों के लिए दीपक बनकर जलती रहती है।

**कृति आरके जैन**

स्वामी-स्वतंत्र प्रभात मीडिया, मुद्रक एवं प्रकाशक प्रीती शुक्ला द्वारा अनवर ऑफसेट एम- 58, 59 बेसमेंट विकासदीप बिल्डिंग स्टेशन रोड लखनऊ से मुदित ई-4 सेक्टर-एम/29 अपोजिट उमान एन्क्लेव अलीगंज लखनऊ 226024 से प्रकाशित संपादक-राजीव कुमार शुक्ला , मो0-9511151254 Mail: news@swatantraprabhat.com, RNI No: UPHIN/2019/79073 इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन हेतु पी आर वी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायीं। किसी भी कानूनी विवाद का निपटारा न्यायलय जनपद लखनऊ ही होगा।

## संक्षिप्त खबरें

### प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी पर कीचड़ उछालना महंगा पड़ेगा, 2027 में सपा का खत्म होगा वजूद - नरसिंह पाण्डेय



**नौतनवा / महराजगंज ।** हिंदू युवा वाहिनी के पूर्व जिलाध्यक्ष व पूर्व जिला पंचायत सदस्य नरसिंह पाण्डेय ने समाजवादी पार्टी पर तीखा हमला बोला। शुक्रवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर उन्होंने कहा कि संस्कारविहीन सपा एक बार फिर बेशर्मी पर उतर आई है। सपा के मीडिया सेल ने एक्स पर केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री और यूपी भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी के खिलाफ सांकेतिक रूप से कीचड़ उछाला है। पंकज चौधरी पर कीचड़ उछालना सपा को महंगा पड़ेगा यह चेतावनी देते हुए पाण्डेय ने कहा, 'इसी संस्कारहीनता के कारण 2017 में उत्तर प्रदेश की जनता ने सपा को सत्ता से बाहर कर दिया था। जो आज तक लौट कर सत्ता में नहीं आ सकी जिसका मुखिया संस्कारहीन हो, वह और उसकी पार्टी के लोग दूसरे की इज्जत कहां से करेंगे।' उन्होंने कहा कि 2027 में सपा का वजूद ही खत्म हो जाएगा। उत्तर प्रदेश की जनता विधानसभा चुनाव में एक बार फिर इन्हें सबक सिखाएगी। माननीय पंकज चौधरी की तारीफ करते हुए पाण्डेय बोले कि वे सबका सम्मान करना जानते हैं। उनकी सोच उच्च है और सबको समान भाव से देखना उनकी आदत व संस्कार है। यही वजह है कि महाराजगंज की जनता हमेशा उनके साथ रही है और आगे भी रहेगी। श्री पाण्डेय ने कहा कि पार्टी हाईकमान ने पंकज चौधरी को जो जिम्मेदारी सौंपी है, वे उसका बखूबी निर्वहन कर रहे हैं। कार्यकर्ता उनसे प्रभावित हैं। वे प्रदेश के विकास के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। 2027 में भाजपा फिर सत्ता में आएगी और समाजवादी पार्टी के लोगों को मुंह छुपाने की जगह नहीं मिलेगी।

### पशु चिकित्सा संघ देवरिया के कार्यकारिणी का गठन, डॉ. दिग्विजय यादव बने अध्यक्ष



**देवरिया।** उत्तर प्रदेश पशु चिकित्सा संघ, जनपद देवरिया इकाई की नई कार्यकारिणी का गठन शुक्रवार को पशु चिकित्सालय देवरिया सदर परिसर में डॉ श्रीनिवास प्रसाद मुख्य पशु चिकित्साधिकारी देवरिया के देखरेख में सर्वसम्मति से संपन्न हुई। यह प्रक्रिया महामंत्री उ.प्र.पशु चिकित्सा संघ, लखनऊ के निर्देश के क्रम में की गई। नव-निर्वाचित कार्यकारिणी में अध्यक्ष-डॉ. दिग्विजय यादव, पशु चिकित्साधिकारी बैतालपुर, उपाध्यक्ष-डॉ. अमित कुमार सिंह पशु चिकित्साधिकारी, लार ,महामंत्री-डॉ. कृष्ण प्रताप सिंह पशु चिकित्साधिकारी पकड़ी बाजार, संयुक्त मंत्री-डॉ. कंचन लता, पशु चिकित्साधिकारी पैना, कोषाध्यक्ष-डॉ. सुनील कुमार पशु चिकित्साधिकारी भटनी को चुना गया। सदस्य के रूप में डॉ. सुशील कुमार उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी भाटपार रानी,डॉ. वेद प्रकाश यादव उप मुख्य पशु चिकित्साधिकारी सलेमपुर, डॉ. राम श्याम सिंह पशु चिकित्साधिकारी मईल, डॉ. सतीश कुमार पशु चिकित्साधिकारी गौरी बाजार एवं डॉ. उदय भान वरूण पशु चिकित्साधिकारी पथरदेवा को सर्वसम्मति चुना गया। अध्यक्ष डॉ दीग्विजय यादव ने बताया कि नवगठित कार्यकारिणी जनपद में पशु चिकित्सकों की समस्याओं के निराकरण, पशु सेवा को बेहतर बनाने और विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सहयोग करेगी।

# वर्षों से फरार 25 हजार के इनामिया दंपत्ति गिरफ्तार, हत्या के मामले में थी पुलिस को तलाश

● विगत 08 वर्षों से विमला पत्नी दिनेश गिरी व दिनेश गिरि पुत्र सुन्दर उर्फ रमेश गिरि निवासीगण यशोधरा गांव पालिका वार्ड नं 03 बसंतपुर थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बृजमनगंज / महराजगंज ।** पुलिस अधीक्षक के द्वारा वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी अभियान के अंतर्गत क्षेत्राधिकारी फरेंदा दीपशिखा वर्मा के पर्यवेक्षण में विगत 8 वर्षो से वांछित चल रहे अभियुक्तगण विमला गिरी पत्नी दिनेश गिरी व दिनेश गिरि पुत्र सुन्दर उर्फ रमेश गिरि निवासीगण यशोधरा गांव पालिका वार्ड नं 3 बसंतपुर थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु राष्ट्र नेपाल की गिरफ्तारी हुई हैं । थानाध्यक्ष सत्य प्रकाश सिंह के नेतृत्व में गठित टीम द्वारा विगत 8 वर्षो से फरार चल रहे 25-25 हजार रुपये के इनामिया अभियुक्तगण विमला गिरी पत्नी दिनेश गिरी तथा दिनेश गिरी पुत्र सुन्दर उर्फ रमेश गिरी निवासी यशोधरा गांव पालिका वार्ड नं 3 बसंतपुर थाना तौलिहवा जनपद कपिलवस्तु, नेपाल को गिरफ्तार किया गया। मुखबिर की सूचना पर अभियुक्ता विमला गिरी को ग्राम सूर्यमानपुर कांछा चौराहा थाना बृजमनगंज क्षेत्र से तथा अभियुक्त दिनेश गिरी को लेदवा चौराहा थाना बृजमनगंज क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया।

**क्या हुई थी पूरी वारदात ?**

जानकारी के मुताबिक उल्लेखनीय है कि दिनांक 10.05.2019 को अभियुक्तगण द्वारा संपत्ति के लालच में अपने ही भाई घनश्याम गिरी की कुल्हाड़ी से हत्या कर दी गई थी। घटना के संबंध में थाना बृजमनगंज पर मुअसं 90/2019 धारा 302/201 भादवि पंजीकृत है। घटना के बाद से दोनों अभियुक्त नेपाल में छिपकर रह रहे थे।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम रही मौजूद**

बृजमनगंज थानाध्यक्ष सत्यप्रकाश सिंह , वरिष्ठ उपनिरीक्षक तारकेश्वर वर्मा , उपनिरीक्षक आलोक यादव ,कांस्टेबल हृदय नरायन यादव , हेड कांस्टेबल आलोक कुमार , कांस्टेबल संदीप गौतम , महिला कांस्टेबल छाया गौतम मौजूद रहें।

# करोड़ों खर्च होने के बावजूद ग्रामीणों को नहीं मिल रही सुविधा, खुले में शौच को मजबूर लोग; केयरटेकरों पर फर्जी भुगतान का आरोप




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** स्वच्छ भारत मिशन के तहत ग्रामीण क्षेत्रों में खुले में शौच मुक्त बनाने के उद्देश्य से करोड़ों रुपये खर्च कर सामुदायिक शौचालयों का निर्माण कराया गया, लेकिन विकासखंड रूपईडीह की कई ग्राम पंचायतों में यह व्यवस्था केवल कागजों तक सीमित नजर आ रही है। ग्रामीणों का आरोप है कि शौचालयों के संचालन के नाम पर हर माह हजारों रुपये खर्च किए जा रहे हैं, बावजूद इसके लोगों को आज भी खुले में शौच के लिए जाना पड़ रहा है। विकासखंड रूपईडीह की 106 ग्राम पंचायतों में सामुदायिक शौचालय संचालित होने का दावा किया जा रहा है। इनमें ग्राम पंचायत तेंदुआ चौखड़िया, बेलवा कर्मडीह भरियालाबेदपुर, पिपरा भोधर, फत्तेगढ,बीरपुर झलेहिया, जमुनहीहरदौ पट्टी, भवानीपुर उपाध्याय, भटपुरवा, भटपी,देवरिया कला, असिधा सहित विभिन्न ग्राम पंचायतें शामिल हैं। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकांश शौचालयों में न तो नियमित सफाई होती है और न ही पानी व अन्य मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि शौचालयों में तैनात केयरटेकर केवल कागजों पर अपनी भूमिका निभा रहे हैं। शासन द्वारा प्रत्येक शौचालय पर लगभग 9000 रूपये प्रतिमाह खर्च किए जाने के बावजूद धरातल पर व्यवस्था बदहाल है। कई स्थानों पर शौचालयों के दरवाजे बंद मिले, जबकि कुछ जगहों पर गंदगी का अंबार लगा हुआ है। स्थानीय लोगों का कहना है कि जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा नियमित निरीक्षण न किए जाने के कारण स्थिति लगातार खराब होती जा रही है। ग्रामीणों ने सामुदायिक शौचालयों की निष्पक्ष जांच कराकर फर्जी भुगतान और लापरवाही में शामिल जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। इस संबंध में ऐडीओ पंचायत गिरजेश पटेल से जानकारी ली गई तो उनके द्वारा बताया गया की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी

# अधिवक्ता की मौत पर न्याय की मांग, बरहज तहसील बार संघ का प्रदर्शन



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरहज,देवरिया।** तहसील बार संघ के अधिवक्ताओं ने शुक्रवार को अपने साथी अधिवक्ता विजेंद्र सिंह की मौत के मामले में न्याय की मांग को लेकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान अधिवक्ताओं ने काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य का बहिष्कार किया और उपजिलाधिकारी को ज्ञापन सौंपा। बताया गया कि 5 अप्रैल को थाना क्षेत्र के ग्राम लक्ष्मीपुर में चक नाली पर सीसी रोड निर्माण को लेकर विवाद हुआ था। आरोप है कि मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी विपिन द्विवेदी ने अधिवक्ता विजेंद्र सिंह को फटकार लगाई थी। इसके कुछ समय बाद उनकी हार्ट अटैक से मृत्यु हो गई। साथी अधिवक्ता की मौत से आक्रोशित बार संघ ने निर्णय लिया है कि न्याय की मांग को लेकर प्रत्येक शुक्रवार को अधिवक्ता काली पट्टी बांधकर न्यायिक कार्य से विरत रहेंगे। अधिवक्ताओं ने मामले की निष्पक्ष जांच कर जिम्मेदारों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# नवनियुक्त मंत्रियों के बीच हुआ बिभाग का बंटवारा

● प्त नीतीश कुमार के पुत्र निशांत को स्वास्थ्य विभाग की मिली जिम्मेदारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना,बिहार ब्यूरो-** बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने गुरुवार को शपथ लेने वाले मंत्रियों के बीच विभागों का बंटवारा कर दिया है। पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार को स्वास्थ्य मंत्रालय दिया गया है जबकि पूर्व डिप्टी सीएम विजय सिन्हा को कृषि मंत्रालय मिला है।

**बिहार में किसे मिला कौनसा मंत्रालय?**

बिहार मंत्रिमंडल विभाग सूची मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी सामान्य प्रशासन, गृह, मंत्रिमंडल सचिवालय, निगरानी, निर्वाचन, सिविल विमानन उपमुख्यमंत्री विजय कुमार चौधरी को जल संसाधन, संसदीय कार्य दूसरे उपमुख्यमंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव वित्त, वाणिज्य-कर दिया गया है जबकि श्रवण कुमार ग्रामीण विकास, सूचना एवं जन-संपर्क विजय कुमार सिन्हा को कृषि डॉ दिलीप कुमार जायसवाल राजस्व एवं भूमि बिभाग निशान्त कुमार स्वास्थ्य विभाग लेशी सिंह भवन निर्माण रामकृपाल यादव सहकारिता नितीश मिश्रा नगर विकास एवं आवास, सूचना प्रावैधिकी दामोदर रावत परिवहन ,संजय सिंह टाइगर उच्च शिक्षा, विधि अशोक चौधरी खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण , भगवान सिंह कुशवाहा योजना एवं विकास , अरुण शंकर प्रसाद श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण, युवा, रोजगार एवं कौशल विकास मदन सहनी मद्य निषेध उत्पाद एवं निबंधन डॉ. संतोष सिंह सुमन लघु जल संसाधन रेनू देवी पिछड़ा वर्ग एवं अति पिछड़ा वर्ग कल्याण रत्नेश सादा आपदा प्रबंधन, कुमार शैलेन्द्र पथ निर्माण, शीला कुमारी विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा केदार प्रसाद गुप्ता पर्यटन , लखन कुमार रोशन अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण सुनील कुमार ग्रामीण कार्य, उद्योग , सुश्री श्रेयसी सिंह खेल, मो. जमा खान अल्पसंख्यक कल्याण नन्दकिशोर राम डेयरी, मत्स्य पशु संसाधन शैलेश कुमार उर्फ बुलो मंडल ऊर्जा, डॉ. प्रमोद कुमार, खान एवं भूतत्व, कला एवं संस्कृति स्वेता गुप्ता, समाज कल्याण, मिथलेश तिवारी, शिक्षा ,डॉ रामचन्द्र प्रसाद, पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन, संजय कुमार सिंह, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण, संजय कुमार गन्ना उद्योग, दीपक प्रकाश पंचायती राज

# जनता दरबार में डीएम ने सुनीं 44 लोगों की समस्याएं

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सुपौल।** समाहरणालय, सुपौल में शुक्रवार को आयोजित जिला जनता दरबार में जिलाधिकारी ने आम लोगों की समस्याएं सुनीं। जनता दरबार में विभिन्न विभागों से संबंधित कुल 44 आवेदन प्राप्त हुए। जिलाधिकारी ने सभी आवेदनों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध समाधान प्रशासन की प्राथमिकता है। मौके पर उप विकास आयुक्त , अपर समाहर्त्ता , विशेष कार्य पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ऑनलाइन उपस्थिति के विरोध में सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**गोण्डा ।** शिक्षा क्षेत्र रूपईडीह के अध्यापकों ने शुक्रवार को ऑनलाइन उपस्थिति व्यवस्था के विरोध में उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ गोण्डा के जिला वरिष्ठ उपाध्यक्ष अवधेश कुमार त्रिपाठी के नेतृत्व में सैकड़ों शिक्षकों ने खंड शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में मानव सम्पदा पोर्टल पर जारी ऑनलाइन कारण बताओ नोटिस को समाप्त करने की मांग की गई। संघ के मंत्री राजेश तिवारी ने अपने संबोधन में कहा कि वर्तमान समय में विभागीय ऑनलाइन व्यवस्थाओं में सुचिता, समयबद्धता एवं तकनीकी दिक्कतों की अनेक समस्याएं बनी हुई हैं। उन्होंने कहा कि विभाग समय से गैस आपूर्ति, मध्याह्न भोजन योजना की परिवर्तन लागत, जन्म प्रमाण पत्र एवं आधार वैलिडेशन जैसी प्रक्रियाओं को सुचारु रूप से संचालित नहीं कर पा रहा है। कई मामलों में महीनों तक इंतजार करना पड़ता है। इसके अतिरिक्त अवशेष, सीसीएल, मेडिकल भुगतान, चयन वेतनमान तथा मानव सम्पदा पोर्टल की त्रुटियों के निस्तारण में भी अत्यधिक विलंब हो रहा है। संयुक्त मंत्री विवेक शुक्ला ने कहा कि पूर्व में विभिन्न जनपदों में कराई गई जांच रिपोर्टों में शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं की अनुपस्थिति का प्रतिशत अत्यंत कम पाया गया था। उन्होंने बताया कि कई मामलों में मानव सम्पदा पोर्टल तकनीकी रूप से कार्य न करने के कारण ऑनलाइन अवकाश दर्ज नहीं हो पाया, जबकि कुछ मामले स्वास्थ्य संबंधी परिस्थितियों से जुड़े थे। उन्होंने कहा कि वर्तमान निरीक्षण व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाकर उपस्थिति सुनिश्चित की जा सकती है। उन्होंने डिजिटल अटेंडेंस व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि यह शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं छात्र-छात्राओं की निजता के मौलिक अधिकार का उल्लंघन है। इससे डेटा चोरी एवं दुरुपयोग की आशंका बनी रहती है। जनवरी 2023 में दीक्षा ऐप से संबंधित डेटा लीक की खबरों का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा कि बिना अभिभावकों की सहमति के बच्चों की फोटो का डिजिटल उपयोग उचित नहीं है। शिक्षक संघ के प्रतिनिधियों ने स्पष्ट किया कि ऐसी परिस्थितियों में डिजिटल अटेंडेंस एवं फोटो आधारित उपस्थिति व्यवस्था व्यवहारिक नहीं है। इस पर खंड शिक्षा अधिकारी शशांक सिंह ने 26 अप्रैल 2026 को जारी समस्त प्रधानाध्यापकों, इंचार्ज प्रधानाध्यापकों एवं सहायक अध्यापकों के मानव सम्पदा पोर्टल पर ऑनलाइन कारण बताओ नोटिस समाप्त करने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर कोषाध्यक्ष चन्द्रभान वर्मा, सत्यम, उमा शंकर, मोहित, अजीत, देवेंद्र, अजय, अर्चना, रमेश शुक्ल, तेजभान, मुकेश, अमित, इंदुबाला सहित सैकड़ों शिक्षक उपस्थित रहे।

# ब्लॉक मुख्यालय से चल रहा शासन करोड़ों के पंचायत भवन वीरान, सचिवालय बने ब्लॉक तक सीमित गांव में ताले, ब्लॉक में पंचायत का खेल

● पंचायत भवन खंडहर में तब्दील, ग्रामीण काट रहे ब्लॉक के चक्कर गांवों में सन्नाटा, ब्लॉक परिसर में चल रही ग्राम पंचायतें

लाखों खर्च के बाद भी गांवों में नहीं खुल रहे पंचायत सचिवालय ग्राम सचिवालयों पर ताले, ग्रामीणों की परेशानी बेहाल ब्लॉक मुख्यालय से संचालित हो रही ग्राम पंचायतें, पंचायत भवन बन रहे खंडहर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोण्डा।** विकासखंड रूपईडीह में ग्राम पंचायतों को गांव स्तर से संचालित करने की शासन की मंशा अधूरी नजर आ रही है। सरकार ने पंचायत सचिवालयों के माध्यम से ग्रामीणों को गांव में ही सरकारी सुविधाएं उपलब्ध कराने का सपना देखा था, ताकि लोगों को छोटे-छोटे कार्यों के लिए ब्लॉक मुख्यालय का चक्कर न लगाना पड़े। इसके लिए लाखों रुपये खर्च कर पंचायत भवनों और सचिवालयों का निर्माण भी कराया गया था। विकासखंड रूपईडीह की 106 ग्राम पंचायतों से जुड़ा यह मामला अब चर्चा का विषय बना हुआ है। आरोप है कि अधिकांश ग्राम पंचायतों का संचालन गांवों के बजाय विकासखंड कार्यालय परिसर तथा एडीओ पंचायत कक्ष के आसपास बने सचिव कार्यालयों से किया जा रहा है। वहीं अधिकारी इस व्यवस्था से अनजान बने हुए हैं। नतीजतन गांवों में बने पंचायत भवन उपयोग के अभाव में धीरे-धीरे खंडहर में तब्दील होते जा रहे हैं। ग्रामीणों का कहना है कि ग्राम पंचायतों में तैनात अधिकारी और कर्मचारी शायद ही कभी गांव पहुंचते हैं। गांव में बैठकर लोगों की समस्याएं सुनने और उनका निस्तारण करने के बजाय अधिकांश कार्य ब्लॉक मुख्यालय से ही किए जा रहे हैं। इससे ग्रामीणों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। परिवार रजिस्टर की नकल, जन्म प्रमाण पत्र, मृत्यु प्रमाण पत्र सहित अन्य जरूरी दस्तावेज बनवाने के लिए ग्रामीणों को बार-बार ब्लॉक मुख्यालय जाना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि पंचायत सचिवालय गांवों में नियमित रूप से संचालित हों, तो समय और धन दोनों की बचत हो सकती है। गांवों में विकास की नई धारा बहाने के उद्देश्य से बनाए गए पंचायत भवन आज उपेक्षा का शिकार हैं। करोड़ों रुपये खर्च होने के बावजूद जब ग्राम पंचायतों का संचालन गांवों से नहीं हो पा रहा है, तो सरकारी धन के उपयोग और व्यवस्था की पारदर्शिता पर सवाल उठना स्वाभाविक है। ग्रामीणों ने पंचायत सचिवालयों के नियमित संचालन, अधिकारियों की जवाबदेही तय करने तथा गांव स्तर पर व्यवस्थाएं सुचारु करने की मांग की है। इस संबंध में एडीओ पंचायत गिरजेश पटेल ने बताया कि मामले की जांच कर उचित कार्रवाई की जाएगी।

# बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष हरेंद्र राय, शिक्षकों ने दी बधाई, शिक्षक संगठनों में खुशी

● प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र राय के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं व मांगों को मजबूती से उठाया जाएगाः मंजीत



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**एकमा।** बिहार राज्य प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष पद पर हरेंद्र राय के निर्वाचित होने पर एकमा समेत सारण जिले के शिक्षक नेताओं और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। राजधानी पटना में हाल ही में संपन्न चुनाव में हरेंद्र राय ने 9 वोटों के अंतर से जीत दर्ज कर अध्यक्ष पद पर कब्जा जमाया है। उनके निर्वाचन की घोषणा होते ही शिक्षक समुदाय में उत्साह देखा गया। सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के पदाधिकारियों ने इसे शिक्षक हितों की जीत बताते हुए हर्ष व्यक्त किया। बधाई देने वालों में सारण जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष अरविंद कुमार यादव, प्रधान सचिव सुरेंद्र कुमार सिंह, उप प्रधान सचिव तथा एकमा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय, गौसपुर के प्रधानाध्यापक मंजीत कुमार तिवारी, कोषाध्यक्ष सुमन यादव, वरीय उपाध्यक्ष संजय राय, अजीत सिंह, मीडिया प्रभारी उमेश यादव, अंचल सचिव ओम सिंह यादव, एकमा प्रखंड के शिक्षक गाजी हसन, कमल कुमार सिंह, चंद्रमणि सिंह, योगेश कुमार सिंह, आजाद तिवारी, भरत कुमार सिंह, प्रियंका द्विवेदी, सोनम मिश्रा, दिगविजय कुमार गुप्ता समेत कई अन्य शिक्षक शामिल रहे। संघ के जिला उप प्रधान सचिव व प्रधानाध्यापक व शिक्षक नेता मंजीत कुमार तिवारी ने शुक्रवार को एकमा में कहा कि प्रदेश अध्यक्ष हरेंद्र राय के नेतृत्व में शिक्षकों की समस्याओं और मांगों को मजबूती से उठाया जाएगा तथा संगठन को नई दिशा मिलेगी। साथ ही उन्होंने नवनिर्वाचित अध्यक्ष के सफल कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए शिक्षक हित में प्रभावी पहल की उम्मीद जताई है।

# 'ऑपरेशन दहन' के तहत मादक पदार्थों के शीघ्र विनष्टीकरण के लिए हुई समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में 'ऑपरेशन दहन' के तहत एक समीक्षा बैठक की। बैठक में क्षेत्राधिकारी ज्ञानपुर, अभियोजन अधिकारी, नारकोटिक्स सेल टीम, कोर्ट पैरोकार व कोर्ट मोहर्रिर उपस्थित रहे, जबकि सभी थाना प्रभारी और हेड मोहर्रिर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। बैठक में एनडीपीएस एक्ट से संबंधित मालखानों में लंबित मादक पदार्थों के शीघ्र विनष्टीकरण के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि न्यायालय के आदेश एवं विधिक प्रक्रिया का पालन करते हुए कार्रवाई समयबद्ध और पारदर्शी तरीके से पूरी की जाए। उन्होंने थाना प्रभारियों को मालखानों का भौतिक सत्यापन कर रिपोर्ट नारकोटिक्स सेल को भेजने तथा अभियोजन अधिकारियों के साथ समन्वय बनाकर लंबित मामलों का शीघ्र निस्तारण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए।

## संक्षिप्त खबरें

### बेहजम में एक ऐसी दुकान जहां पर कई ब्लाकों के विकास कार्य का निकलता फर्जी पैसा-आरोप

**एक व्यापारी द्वारा ग्राम प्रधान को दी गई जान से मारने की धमकी**

**लखीमपुर खीरी-** व्यापारी ग्राम प्रधान से फर्म पर फर्जी बिल से भुगतान कराने का बना रहा था। दबाव प्रधान के इनकार करने पर, गुस्साए व्यापारी ने प्रधान को गंदी गंदी गालियों से नवाजा और जान से मारने की धमकी दी। यहां तक कि हद तब पार हो गई जब व्यापारी ने शराब के नशे में ग्राम प्रधान को रोड पर निकलने की भी धमकी दे डाली बोला यदि एक बाप की औलाद हो रोड पर निकल कर दिखाओ तुम्हें मार ना दिया तो मैं व्यापारी नहीं।वहीं, ग्राम प्रधान का कहना है कि बेहजम ब्लाक की एक चर्चित दुकान जिस दुकान पर जनपद की कई ब्लाकों का होता है फर्जी भुगतान। व्यापारी पंचायतों से करोड़ों रुपये का करवाता है। फर्जी भुगतान ऑडियो में व्यापारी ने एक नहीं बल्कि 5 जैसे ब्लॉक बताए जहां के अधिकारी व्यापारी के आगे कमीशन के चलते फर्जी लेनदेन कराते हैं। ग्राम प्रधान के पास फर्म के सारे साक्ष्य मौजूद। जल्द हो सकती है जांच आडियो सुरक्षित।।

### आकस्मिक परिस्थितियों के दृष्टिगत दंगा/बलवा नियंत्रण हेतु किया गया अभ्यास

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

**लखीमपुर खीरी-** आकस्मित परिस्थितियों में सुरक्षा एवं शांति व्यवस्था व समाज में सुरक्षित/भयमुक्त वातावरण बनाने के लिये दिनाँक 08.05.2026 को पुलिस अधीक्षक खीरी, डा0 ख्याति गर्ग द्वारा जनपद खीरी के निर्देशन में व अपर पुलिस अधीक्षक पश्चिमी, अमित कुमार राय के कुशल नेतृत्व में रिजर्व पुलिस लाइन खीरी परेड ग्राउंड में अधिकारियों /कर्मचारियों द्वारा दंगा नियन्त्रण का पूर्वाभ्यास किया गया। ड्रिल का उद्देश्य पुलिस बल को किसी भी आपातकालीन स्थिति, कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने तथा बल्वाई परिस्थितियों से प्रभावी ढंग से निपटने हेतु प्रशिक्षित एवं सतर्क रखना था। ड्रिल के दौरान पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दंगा नियंत्रण उपकरणों के प्रयोग, भीड़ नियंत्रण, सुरक्षा उपायों तथा त्वरित कार्रवाई संबंधी आवश्यक जानकारियां एवं अभ्यास कराया गया। जवानों ने अनुशासन एवं तत्परता साथ ड्रिल में प्रतिभाग किया। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा बल को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए तथा किसी भी चुनौतीपूर्ण परिस्थिति में संयम, सतर्कता एवं टीम भावना के साथ कार्य करने हेतु प्रेरित किया गया। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ट्राफिक/मोहम्मदी, क्षेत्राधिकारी पलिया, क्षेत्राधिकारी निघासन, क्षेत्राधिकारी गोला व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

### लखीमपुर की बेटी ने राज्य स्तरीय एथलेटिक्स प्रतियोगिता में चमकाया जनपद का नाम




**मैगलगंज खीरी-** लखीमपुर खीरी की प्रतिभाशाली खिलाड़ी प्रतिष्ठा यादव ने प्रयागराज में आयोजित 29वीं उत्तर प्रदेश राज्य एथलेटिक्स चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन करते हुए तृतीय स्थान हासिल कर जनपद का गौरव बढ़ाया है। प्रतियोगिता का आयोजन उत्तर प्रदेश एथलेटिक्स एसोसिएशन (UPAA) द्वारा किया गया, जिसमें प्रदेश भर से खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया। प्रतिष्ठा यादव ने कड़े मुकाबले के बीच अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से कांस्य पदक अपने नाम किया। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, खेल प्रेमियों और जिले के लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई। प्रतिष्ठा के पिता देवेन्द्र कुमार उत्तर प्रदेश पुलिस में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात हैं और वर्तमान में लखीमपुर जनपद में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। बेटी की इस सफलता पर उन्होंने कहा कि मेहनत, अनुशासन और निरंतर अभ्यास से हर लक्ष्य हासिल किया जा सकता है। प्रतिष्ठा की इस उपलब्धि को जिले के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत माना जा रहा है। स्थानीय लोगों और खेल प्रेमियों ने उन्हें शुभकामनाएं देते हुए भविष्य में राष्ट्रीय स्तर पर बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई है।

# कर्ज में डूबी विवादित मिल में अवैध रूप से संचालित हो रहा सरकारी बीज गोदाम

**● बैंक और बिजली विभाग के 50 लाख दबाकर मालिक फरार, TDC शाहजहाँपुर ने नियमों को ताक पर रख भरा गेहूं का स्टॉक**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकर्णनाथ-** खीरी (उत्तर प्रदेश) भ्रष्टाचार और विभागीय मिलीभगत का एक ऐसा मामला सामने आया है जिसने सरकारी दावों की पोल खोल कर रख दी है। गोला गोकर्णनाथ के आबादी वाले इलाके में स्थित एक विवादित मिनी फ्लोर मिल, जो अपनी स्थापना के समय से ही विवादों में रही है, अब एक नए बड़े खेल का केंद्र बन गई है। इस बंद पड़ी मिल पर बैंक और बिजली विभाग का लगभग 50 लाख रुपये का बकाया है, इसके बावजूद यहाँ नियमों को ताक पर रखकर TDC (तराई डेवलपमेंट कॉरपोरेशन) शाहजहाँपुर का सरकारी गोदाम खोल दिया गया है।

**बिना NOC और रजिस्ट्रेशन के खुला गोदाम**

हैरानी की बात यह है कि इस परिसर में गोदाम संचालित करने के लिए न तो फायर स्टेशन से NOC ली गई है, न ही प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड या जीएसटी विभाग से कोई अनुमति ली गई है। बिना बिजली कनेक्शन और बिना किसी वैध रजिस्ट्रेशन के इस विवादित 'हाता' में लाखों रुपये का सरकारी गेहूं भरा जा रहा है। स्थानीय लोगों का सवाल है कि एक सरकारी बीज कंपनी (TDC) ने बिना कागजातों की जांच किए एक डिफॉल्टर की संपत्ति को किराये पर कैसे ले लिया?

**साजिश के तहत गायब की गई मशीनें**

सूत्रों के अनुसार, इस मिल को प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की अनुमति न होने के कारण बंद किया गया था। कार्रवाई के बाद मिल के मालिक ने बैंक का कर्ज हड़पने की नीयत से परिसर में लगी कीमती मशीनें और टिन शेड तक उखाड़कर बेच दिए। विभागीय चुप्पीः बैंक और बिजली विभाग के अधिकारियों ने अपनी आंखों के सामने संपत्ति को खुर्द-बुर्द होते देखा, लेकिन कर्ज वसूली के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया। संरक्षण का खेलः आरोप है कि जिम्मेदार अधिकारियों ने अपनी शक्ति का प्रयोग वसूली के बजाय कर्जदार को 'संरक्षण' देने में किया, जिससे राजस्व को भारी चपत लग रही है।

**अनुदान हड़पने के लिए बदला नाम**

जांच में यह भी तथ्य सामने आया है कि इंडस्ट्री मालिक ने प्रधानमंत्री उद्योग योजना के तहत मिलने वाले भारी अनुदान (Subsidy) को डकारने के लिए कई बार फर्म के नाम बदले। बाद में, बैंक को धोखा देने के उद्देश्य से एक व्यापारी के साथ बिक्री का एग्रीमेंट किया गया, लेकिन बिना बैनामा (Registry) कराए ही इसे TDC शाहजहाँपुर को किराये पर दे दिया गया।

**बाहर मिल का बोर्ड, अंदर सरकारी स्टॉक**

जमीनी हकीकत यह है कि परिसर के बाहर आज भी 'मिनी फ्लोर मिल' का पुराना साइन बोर्ड लगा हुआ है, ताकि बाहर से किसी को शक न हो। लेकिन अंदर अवैध रूप से सरकारी गेहूं का विशाल स्टॉक जमा किया गया है। यह पूरी प्रक्रिया सरकारी तंत्र की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवालिया निशान लगाती है।

**आम व्यापारियों में भारी रोष**

नगर के वरिष्ठ नागरिकों और छोटे व्यापारियों ने इस मामले पर तीखी प्रतिक्रिया दी है। व्यापारियों का कहना है कि: 'अगर एक छोटा दुकानदार मामूली कर्ज न चुका पाए तो बैंक उसकी कुर्की कर देता है, लेकिन यहाँ 50 लाख के कर्जदार के साथ सरकारी विभाग




कंधे से कंधा मिलाकर खड़े हैं। यह कानून का मजाक है।'

**प्रमुख अनुत्तरित सवालः**

बैंक और बिजली विभाग ने अपनी बकाया राशि वसूल किए बिना मशीनों की बिक्री कैसे होने दी?

TDC शाहजहाँपुर ने बिना फायर और जीएसटी एनओसी के गोदाम का संचालन कैसे शुरू किया?

क्या इस पूरे खेल में जिले के वरिष्ठ अधिकारियों की मौन सहमति शामिल है?

इस मामले में अब नगरवासी जिलाधिकारी से हस्तक्षेप की मांग कर रहे हैं ताकि सरकारी धन की वसूली हो सके और नियमों का उल्लंघन करने वालों पर कठोर कार्रवाई की जाए।

## किसान संगठन ने डीसीओ को सौंपा ज्ञापन, गन्ना भुगतान तेज करने की मांग

**● 90% चीनी बिक्री का भुगतान किसानों को देने का आदेश - डीसीओ**



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**गोला गोकरणनाथ खीरी।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संगठन के जिला अध्यक्ष अंजनी दीक्षित ने बृहस्पतिवार को जिला गन्ना अधिकारी से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। बजाज ग्रुप की गोला, पलिया, खंभारखेड़ा चीनी मिलों द्वारा गन्ना भुगतान की गति धीमी होने से किसानों की परेशानी से अवगत कराया। जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह ने बताया कि चीनी मिलों को लगातार नोटिस भेजे गए हैं। जिलाधिकारी के निर्देश पर अब चीनी बिक्री का 90% हिस्सा किसानों के खातों में भेजने का आदेश जारी कर दिया गया है, जिससे भुगतान में तेजी आएगी। सभी सचिवों को यूरिया वितरण तेज करने के निर्देश भी दिए गए हैं। अंजनी दीक्षित ने कहा कि किसान आर्थिक तंगी से जूझ रहे हैं और यूरिया की कमी से परेशान हैं। भुगतान में देरी हुई तो संगठन धरना-प्रदर्शन को बाध्य होगा। संगठन ने उप कृषि निदेशक गिरीश चंद्र से भी मुलाकात की। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा निःशुल्क मिनी किट दी जा रही है। बीजों पर 50% अनुदान है। कृषि यंत्रों पर अब लॉटरी से अनुदान मिलेगा। फार्मर रजिस्ट्री न कराने वाले किसानों को सरकारी लाभ नहीं मिलेगा। इस मौके पर ताराचंद शुक्ला, रणजीत मौर्य, राजेंद्र वर्मा, दुलीचंद वर्मा, बाल गोविंद वर्मा, श्रवण कुमार यादव आदि मौजूद रहे।

### अवैध खनन माफियाओं के आगे बौना साबित हो रहे जिम्मेदारी अधिकारी

**निघासन खीरी।** दरअसल आपको बता दें कि निघासन कोतवाली क्षेत्र कान्हा गौशाला के पास धड़ल्ले से चल रहा अवैध खनन धरती का सीना चीर कर उपजाऊ जमीन को बना रहे बंजर अगर ऐसा ही चलता रहा तो ये खनन माफिया किसान की जमीन को बंजर बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ेंगे।इन खनन माफियाओं का कहना है कि थाने व एसडीएम को देते हैं मोटी रकम जिससे हमारा कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता।सूत्र बता रहे हैं कि तीन रकेहटी के खनन माफिया व चार निघासन के दो लुधौरी के खनन माफिया दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉली से कर रहे लगातार अवैध खनन। फिर भी शासन प्रशासन पर मेहरबान नहीं कर रहा कोई कार्यवाही।

### भाजपा सुंदरी मंडल कार्य समिति की बैठक का आयोजन हुआ



**बरेली/** भाजपा सुंदरी मंडल में आज कार्य समिति की बैठक का आयोजन ग्राम पंचायत मुड़िया चौधरी के पंचायत घर पर किया गया इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री वीरपाल गंगवार विधायक डॉक्टर एमपी आर्य के साथ ही सुंदरी मंडल अध्यक्ष जयदीप सिंह महामंत्री वेदपाल सिंह कनौजिया पूर्व प्रधान रमेश चंद कनौजिया पार्टी सेक्टर संयोजक एवं बूथ अध्यक्ष व अन्य पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ विचार विमर्श किया गया इस कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को आगामी चुनाव के टिप्स दिए गए।

## ब्लॉक प्रमुख की अध्यक्षता में स्वगडना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/** विकासखंड भदपुरा के सभागार में स्वगडना कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया जिसमें भारत सरकार द्वारा 7 में से लेकर 21 तक स्वगडना का पोर्टल खुला हुआ है जिसमें क्षेत्र के समस्त प्रधानमंत्री को रोजगार सेवकों एवं पंचायत सहायक ऑन को आमंत्रित किया गया जिसमें सभी को प्रशिक्षण के रूप में जानकारी उपलब्ध कराई गई । जिसके तहत में अपने-अपने ग्रामों में स्वयं जनगणना कार्य करवा सकेंगे ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार ने सभागार में उपस्थित रोजगार सेवको एवं पंचायत सहायकों से अपील की और कहा जनगणना कार्य देश का सबसे महत्वपूर्ण काम है इसे ठीक से किया जाए किसी के भी साथ कोई भेदभाव न होकर जनगणना की जानी चाहिए इसी जनगणना के तहत सरकार द्वारा विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ दिया



जाएगा। इसलिए सभी को अहम जिम्मेदारी समझते हुए इसमें बढ़-चढ़कर भाग ले ग्राम प्रधानों को भी सहयोग करने की आवश्यकता है इस मौके पर उपस्थित ब्लॉक प्रमुख रवि शंकर गंगवार प्रधान संघ अध्यक्ष राम प्रताप गंगवार खंड विकास अधिकारी के के गुप्ता मास्टर ट्रेनर के रूप में तहसील से लेखपाल वीडियो पंचायत समस्त सचिव आदि उपस्थित थे।

## खाद वितरण में अव्यवस्था से किसान परेशान, कालाबाजारी के आरोप

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** फूलबेहड़ ब्लॉक की सैदपुर समिति में खाद वितरण को लेकर किसानों में भारी आक्रोश देखने को मिल रहा है। किसानों ने समिति पर खाद की कालाबाजारी और वितरण प्रक्रिया में भेदभाव के गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि समिति में पारदर्शिता पूरी तरह खत्म हो चुकी है, जिससे छोटे और सीमांत किसानों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। किसानों के अनुसार दूरदराज गांवों से आने वाले लोग रोज सुबह तड़के ही समिति पहुंचकर लंबी कतारों में खड़े हो जाते हैं। भीषण गर्मी और लू के बीच घंटों इंतजार करने के बावजूद जब उनकी बारी आती है तो कर्मचारियों द्वारा 'मशीन खराब है' या 'स्टॉक खत्म हो गया' जैसी बातें कहकर वापस लौटा दिया जाता है। इससे किसानों का समय और मेहनत दोनों बर्बाद हो रहे हैं, वहीं खेती का कार्य भी प्रभावित हो रहा है। स्थानीय किसानों का आरोप है कि समिति में खुलेआम मनमानी की जा रही है। छोटे किसानों को पूरे दिन लाइन में खड़ा रखा जाता है, जबकि बड़े और प्रभावशाली किसानों को सुबह जल्दी या देर रात बिना लाइन के खाद उपलब्ध करा दी जाती है। किसानों ने इसे प्रशासनिक लापरवाही और मिलीभगत का परिणाम बताया है। किसानों का कहना है कि वर्तमान समय फसलों में खाद डालने के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। समय पर खाद नहीं मिलने से फसल की पैदावार प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है, जिससे किसानों को भारी आर्थिक




नुकसान उठाना पड़ सकता है। आक्रोशित किसानों ने जिला प्रशासन से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने, दोषी अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने तथा खाद वितरण व्यवस्था को पारदर्शी और व्यवस्थित बनाने की मांग की है, ताकि सभी किसानों को समान रूप से खाद उपलब्ध हो सके।

## निघासन तहसील में भ्रष्टाचार का 'बोलबाला', आखिर कब तक मेहरबान रहेंगे आलाधिकारी?

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी।** जनपद खीरी की निघासन तहसील इन दिनों जनसेवा के लिए नहीं, बल्कि विवादों और भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों के लिए सुर्खियों में है। तहसील की कमान संभाल रहे उपजिलाधिकारी राजीव निगम के तीन वर्षीय कार्यकाल पर अब सवालिया निशान खड़े होने लगे हैं। विश्वसनीय सूत्रों का दावा है कि साहब की 'छत्रछाया' में तहसील के कुछ खास कर्मचारी भ्रष्टाचार की फसल लहलहा रहे हैं।

**किसान से वसूली और 'पैसे वापसी' का हाई-वोल्टेज ड्रामा**

मामले की जड़ में एक पीड़ित किसान की वो आपबीती है, जिसने प्रशासनिक गलियारों में हड़कंप मचा दिया है। बताया जा रहा है कि निघासन तहसील के एक किसान से काम के एवज में 30,000 की मोटी रकम वसूल ली गई थी। आरोप है कि इस वसूली में स्ठरू राजीव निगम और कानूनगो देशराज वर्मा की कथित मिलीभगत रही थी। जैसे ही इस वसूली की खबर सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हुई और पत्रकारिता जगत में इसकी चर्चा शुरू हुई, तहसील प्रशासन के हाथ-पांव फूल गए। कार्रवाई के डर से आनन-फानन में पीड़ित किसान को बुलाकर उसके पैसे वापस कर दिए गए। अब सवाल यह उठता है कि यदि लेनदेन नहीं हुआ था, तो पैसा वापस क्यों किया गया क्या पैसा वापस करना ही अपराध की स्वीकारोक्ति नहीं है?

**तीन साल का 'मोह' और प्रशासनिक मौन**

निघासन की जनता और राजनैतिक गलियारों में यह चर्चा आम है कि आखिर क्या वजह है कि एसडीएम राजीव निगम तीन वर्षों से एक ही तहसील में अंगद की तरह पैर जमाए बैठे हैं नियमों की अनदेखी से सामान्यतः प्रशासनिक अधिकारियों के तबादले निश्चित अंतराल पर होते हैं, लेकिन यहाँ नियम बौने नजर आ रहे हैं। उच्चाधिकारियों की चुप्पी से जिले के बड़े अधिकारियों (DM/ADMP) के पास मामला पहुंचने के बावजूद अभी तक किसी भी प्रकार की जांच टीम गठित नहीं की गई है और न ही दोषियों पर कोई कार्रवाई हुई है। सूत्र बताते हैं कि तहसील के कई अन्य कर्मचारी भी इस 'सुरक्षा कवच' का फायदा

स्वतंत्र प्रभात ब्रेकिंग न्यूज़

उठा रहे हैं। दाखिल-खारिज से लेकर पैमाइश तक के मामलों में बिना 'सुविधा शुल्क' के फाइलें आगे नहीं बढ़तीं। किसान से 30,000 की वसूली तो महज एक बानगी है, पर्दे के पीछे के खेल और भी गहरे हो सकते हैं। जनता के जबाब अभी तक सवालों के घेरे मे है कि क्या मुख्यमंत्री की 'जीरो टॉलरेंस' नीति निघासन तहसील की सीमा पर आकर खत्म हो जाती है? क्या पैसा वापस कर देने से भ्रष्टाचार का अपराध शून्य हो जाता है? आखिर किसके संरक्षण में एसडीएम और कानूनगो पर कार्रवाई करने से कतरा रहे हैं जिले के आला अफसर? निघासन तहसील में चल रहा यह घटनाक्रम जिले की छवि को धूमिल कर रहा है। यदि जल्द ही इस पर उच्च स्तरीय जांच नहीं हुई, तो ग्रामीणों का प्रशासन से भरोसा उठना तय है।

### खबर का हुआ असर, बनाये गये खराब नल व ठंडे पानी का कूलर



**गोला गोकर्णनाथ खीरी-** गोला तहसील क्षेत्र के गांव मुड़ा विष्णु मे प्राथमिक विद्यालय व विलहरी मे रामजानकी मंदिर तेन्दुआ मे शिव मंदिर पर कूलर व सरकारी हैंडपंप खराव होने की खबर को पेपर मे प्रमुखता से छापा था। जिसका गोला ब्लाक कुंभी के एडीओ पंचायत अवनीश त्रिपाठी ने स्वतः संज्ञान लिया, जिनके आदेशानुसार फौरन ही इन खराब नलों को बनवाया गया,।जिससे क्षेत्र वासियो व मंदिर मे पूजा करने आने बाले लोगो ने राहत की सांस ली है।

## राजश्री कालेज में ऑपरेशन सिंदूर की वर्षगांठ मनाई

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**बरेली/रिठौरा।** राजश्री संस्थान में एन0 सी0 सी0 के कैडेट ने मनायी ऑपरेशन संदूर की प्रथम वर्षगांठ डायरेक्टर जनरल सीसी और अच्छा मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश अनुसार राजश्री इंस्टीट्यूट आफ मैनेजमेंट एंड टेक्नोलॉजी बरेली में एन0सी0सी0 के कैडेट के द्वारा ऑपरेशन संदूर के प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य देश की रक्षा में योगदान देने वाले वीर सैनिकों के शौर्य और बलिदान को नमन करना था। कार्यक्रम की शुरुआत झंडा फराना वह राष्ट्रगान एवंएनसीसी गीत के साथ हुआ। निदेशक प्रो0 डॉ पंकज कुमार शर्मा ने 22 अप्रैल 2026 की घटना का विवरण समझते हुए युवा कैडेट् को अनुशासन साहस, समर्पण और अपने काम के प्रति ईमानदार रहने सीख दी। इसके बाद क्रेडिट स्कोर ऑपरेशन सिंदूर पर आधारित डॉक्यूमेंट्री फिल्म दिखाई गई। जिससे उन्हें




भारतीय सेवा के उसे वीरतापूर्ण अभियान से परिचित होने का ऑप्शन मिला। इसी क्रम में संस्थान के अध्यक्ष राजेंद्र कुमार अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि एनसीसी युवाओं में देशभक्ति और नेतृत्व की भावना जागृत करने का एक सशक्त माध्यम है। उन्होंने क्रेडिट को सदैव तत्पर और अनुशासित रहने का संदेश दिया कार्यक्रम के अंत में झंडा रोहण किया गया और सभी उपस्थित जनों ने सामूहिक रूप से राष्ट्रगान गाकर देश के प्रति अपनी निष्ठा व्यक्त की। इस पूरे आयोजन लगभग 60 कैडेट्स की उत्साह पूर्ण रही ।

## प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2025 का अवार्ड एवं सर्टिफिकेट वितरण के कार्यक्रम का किया गया आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**अलीगंज गोला-खीरी।** दिनांक 8 मई को ट्रस्ट जंगल लाइफ द्वारा आयोजित प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2025 का पुरस्कार और प्रमाणपत्र छात्रों को वितरित किया गया। इस प्रतियोगिता में 17 विद्यालय के 200 छात्रों से अधिक ने भाग लिया था। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता 2025 का पुरस्कार और प्रमाण पत्र छात्रों को प्रदान किया गया जिसके अंतर्गत प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले छात्र आयुष्मान दीक्षित, इंडियन हेरिटेज एकेडमी गोला, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्रा सूची प्रजापति एस डी इंटरनेशनल स्कूल घरथनिया, तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र धर्मवीर अब्दुल रहीम पब्लिक स्कूल भूडवारा को प्रदान किया गया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में मदरसा कादिरी चिश्ती विलियम गंज भूडवारा, ग्लोबल पब्लिक इंटर कॉलेज गोला, ब्राइटलैंड अकादमी गोला, बाबूराम बाल उद्यान स्कूल भूतनाथ, गोला, चिल्ड्रंस अकैडमी गोला, कृषक समाज इंटर कॉलेज गोला, सरस्वती




विद्या मंदिर इंटर कॉलेज गोला, गुरु नानक कन्या इंटर कॉलेज गोला, दशमेश खालसा इंटर कॉलेज पचतोड़, जयराम सिंह इंटर कॉलेज बघमरा आदि समेत लगभग 17 विद्यालय के 200 से अधिक छात्रों ने प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यालयों को भागीदारी प्रमाण पत्र और बेस्ट टीचर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया।जिसके अंतर्गत मानवी गुप्ता, अंजलि अवस्थी और चंदा दीक्षित को बेस्ट टीचर प्रमाण पत्र प्रदान किया गया। प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का आयोजन जंगल लाइफ ट्रस्ट के संरक्षक एवं आयोजक रवींद्र कुमार सिंह तथा ट्रस्ट के अध्यक्ष पुष्पेंद्र सिंह के संरक्षण में किया गया।

### छात्रवृत्ति में कटौती के विरोध में एनएसयूआई का हस्ताक्षर अभियान

**भदोही।** छात्रवृत्ति में कटौती के विरोध में शुक्रवार को सेवा सदन इंटरमीडिएट कॉलेज मोढ़ के सामने एनएसयूआई कार्यकर्ताओं ने हस्ताक्षर अभियान चलाकर विरोध प्रदर्शन किया। कार्यक्रम प्रदेश अध्यक्ष ऋषभ पांडेय के निर्देश पर जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा के नेतृत्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राओं ने भाग लेते हुए सरकार की छात्र विरोधी नीतियों के खिलाफ आवाज बुलंद की। मुख्य अतिथि जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष वसीम अंसारी ने कहा कि छात्रवृत्ति में कटौती गरीब, पिछड़े एवं मध्यम वर्ग के छात्रों के भविष्य के साथ अन्याय है। कांग्रेस छात्रों के अधिकारों की लड़ाई लगातार लड़ती रहेगी। जिला अध्यक्ष शक्ति मिश्रा ने कहा कि छात्रवृत्ति छात्रों का अधिकार है और इसे छीने जाने नहीं दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि युवाओं की आवाज को दबाने के हर प्रयास का लोकतांत्रिक तरीके से विरोध जारी रहेगा। इस दौरान गुड़िया, प्रिया, सोनी, काजल, किसान गौतम, विवेक, अयान अंसारी, इम्तियाज और अखिलेश यादव सहित अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में तैनात बाबू के अजब गजब खेल

**● भाई और चाचा की फर्मो पर खासा मेहरबान होने के बाबू पर गंभीर आरोप**

**लोक निर्माण खंड-1में मेट के पद पर तैनात रहते अपनी पत्नी के नाम फर्म रजिस्ट्रेशन कराकर प्रांतीय खंड में कर रहे ठेकेदारी--सूत्र**

**बाबू के भाई की पत्नि के नाम पर मेसर्स हिन्दुस्तान कांट्रेक्टर एंड सप्लायर फर्म पर की जा रहीं जमकर ठेकेदारी, नियम कानून ताक पर, जिम्मेदार मौन**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**लखीमपुर खीरी-** जनपद खीरी में लोक निर्माण विभाग के प्रांतीय खंड में तैनात बाबू के कारनामे आजकल चर्चा का विषय बने हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार बाबू जी की कृपा से केवल दो खास फर्मो को ही सबसे ज्यादा काम दिया गया जाता है अन्य ठेकेदारों को नाम मात्र का काम मिल पा रहा है ।भले ही सूबे के मुखिया भ्रष्टाचार के विरूद्ध जीरो टरलेंस नीति लागू कर रहे हो पर जनपद खीरी के पीडब्ल्यूडी विभाग के अंतर्गत प्रांतीय खंड के जिम्मेदारों पर इसका असर पड़ता नजर नहीं आ रहा है।सूत्र बताते हैं कि प्रांतीय खंड में तैनात इन बाबूजी पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगाए जा रहे हैं बताया जाता है कि अधिशासी अभियंता प्रांतीय खंड कार्यालय में तैनात यह बाबू दो खास फर्म पर ही ज्यादा मेहरबान दिखाई देते हैं और विभाग की अधिकांश कार्य योजनाएं इन्हीं दो फर्मो को दिए जाने के चर्चा आम है। यह दोनों फर्म बाबूजी के ब्लड रिलेशन की बताई जाती हैं। सूत्रों के मुताबिक इन फर्मो में से एक बाबूजी के भाई की पत्नी के नाम पंजीकृत है इसकी प्रोपराइटर नफीस बानो बताई जाती है। और वहीं दूसरी फर्म बाबूजी के चाचा की पत्नी के नाम पंजीकृत है जबकि चाचा लोक निर्माण विभाग खंड एक में मेट के पद पर तैनात हैं ।और पत्नी के नाम फर्म पंजीकृत कराकर प्रांतीय खंड में ठेकेदारी किए जाने के आरोप इन पर भी लगाये जा रहे हैं।आरोप है कि शायद यही कारण है कि अन्य ठेकेदारों को मौका ही नहीं मिल पाता है ।नाम उजागर न करने के शर्त पर एक विभागीय सूत्र ने बताया कि जिन दो खास फर्मो को लगातार ठेके मिल रहे हैं वह बाबूजी के ब्लड रिलेशन के लोगों की फर्म हैं यही कारण है नियम कानून से इतर अपने लोगों को लाभ पहुंचाया जा रहा है ।जानकार सूत्रों की माने तो यह बाबूजी फाइलों तक ही सीमित नहीं है बल्कि ठेका दिलाने से लेकर भुगतान प्रक्रिया तक प्रभावी दिखाई देते हैं ।यदि इन दोनों फर्मो द्वारा अब तक कराए गए कार्यो की करा ली जाए उच्च स्तरीय निष्पक्ष जांच तो काफी अनियमितताएं खुलकर सामने आएंगी ऐसा जानकार सूत्रों का आरोप है।

**बड़ा सबाल-** जानकार लोग बताते हैं कि नियम तो यह है कि कर्मचारियों के ब्लड रिलेशन का कोई भी व्यक्ति उस विभाग में ठेकेदारी नहीं कर सकता है और इसके लिए संबंधित द्वारा शपथ पत्र भी दिया जाता है कि मेरा कोई भी ब्लड रिलेशन का व्यक्ति कार्य संलग्न नहीं है अथवा ठेकेदारी नहीं करता है तो फिर यह चाचा और भाई की फर्मो को किस आधार पर दिए गए ठेके? आखिर किसके आदेश से बाबू के भाई की पत्नी के नाम पंजीकृत फर्म और मेट चाचा की पत्नी के नाम पंजीकृत फर्म को दिए गए ठेके? कहीं अपनों को अनुचित तरीके से लाभ पहुंचाने की योजना के तहत तो नहीं दिया गया शपथ पत्र की मेरा कोई ब्लड रिलेशन का व्यक्ति ठेकेदारी नहीं करता है।लोगों का आरोप है कि यह सारा खेल अधिशासी अभियंता की नाक के नीचे चल रहा है और साहब को इसकी भनक नहीं है। जो अब तक कोई कार्रवाई अमल में नहीं लाई जा सकीं है। कार्रवाई न होना जिम्मेदारों की लापरवाही और मिलीभगत की ओर इशारा करती नजर आ रहीं हैं। फिलहाल मामले से संबंधित सूचना अधिकार अधिनियम से सूचना चाही गई है , वांछित सूचनाएं मिलने के बाद ही कुछ स्पष्ट होगा औरभ्रस्टाचारकापर्दाफाश होपाएगा।अब देखना यह है कि जिम्मेदार अधिकारी द्वारा उक्त मामले पर क्या रुख अख्तियार किया जाएगा? होगी जांच और कार्रवाई या फिर अन्य मामलों की तरह ही यह मामला भी फाइलों में दफन कर दिया जाएगा?

## संक्षिप्त खबरें

### अब प्रीपेड नहीं पोस्टपेड मोड में मिलेगा बिजली बिल:सांसद



**भदोही।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर, जो अभी तक प्रीपेड मोड में संचालित हो रहे थे, उन्हें अब तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जा रहा है। इसके तहत उपभोक्ताओं को मई 2026 की बिजली खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने बताया कि अब स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए बिजली निगम द्वारा व्हाट्सएप चैटबॉट और 1912 हेल्पलाइन की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 30 मई 2026 तक के बकाये का भुगतान 10 आसान किस्तों में करने की सुविधा प्रदान की गई है। वहीं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को तीन किस्तों में भुगतान की सुविधा मिलेगी। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय से बिल उपलब्ध कराया जाए तथा शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

### अब प्रीपेड नहीं पोस्टपेड मोड में मिलेगा बिजली बिल:सांसद

**भदोही।** स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं के लिए बड़ी राहत भरी खबर सामने आई है। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने जानकारी देते हुए बताया कि आरडीएसएस योजना के अंतर्गत लगाए गए सभी स्मार्ट मीटर, जो अभी तक प्रीपेड मोड में संचालित हो रहे थे, उन्हें अब तत्काल प्रभाव से पोस्टपेड मोड में परिवर्तित किया जा रहा है। इसके तहत उपभोक्ताओं को मई 2026 की बिजली खपत का बिल जून 2026 में पोस्टपेड प्रणाली के अनुसार उपलब्ध कराया जाएगा। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरूद्ध त्रिपाठी, विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी सहित अन्य अधिकारी एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने बताया कि अब स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को बिजली बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से भेजा जाएगा। जिन उपभोक्ताओं के मोबाइल नंबर पंजीकृत नहीं हैं या गलत दर्ज हैं, उनके लिए बिजली निगम द्वारा व्हाट्सएप चैटबॉट और 1912 हेल्पलाइन की विशेष व्यवस्था की गई है। उन्होंने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए 30 मई 2026 तक के बकाये का भुगतान 10 आसान किस्तों में करने की सुविधा प्रदान की गई है। वहीं अन्य श्रेणी के उपभोक्ताओं को तीन किस्तों में भुगतान की सुविधा मिलेगी। स्मार्ट मीटर से संबंधित शिकायतों के समाधान के लिए 15 मई से 30 जून 2026 तक अधिशासी अभियंता एवं उपखंड अधिकारी कार्यालयों पर विशेष कैंप लगाए जाएंगे, जहां उपभोक्ताओं की समस्याओं का निस्तारण किया जाएगा। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि उपभोक्ताओं को समय से बिल उपलब्ध कराया जाए तथा शिकायतों का त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए।

## जनहित और पारदर्शिता के साथ विकास कार्यों में तेजी लाने के निर्देश, जिला समन्वय समिति की बैठक सम्पन्न

- विकास कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं, समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण कार्य करें: सांसद डॉ. विनोद बिंद

जनप्रतिनिधियों ने उठाईं क्षेत्रीय समस्याएं, सड़क, अंडरपास और पार्क निर्माण सहित कई प्रस्ताव प्रस्तुत

जिला समन्वय समिति की बैठक में विकास योजनाओं की समीक्षा, अधिकारियों को जवाबदेही के साथ कार्य करने के निर्देश



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** जनपद के समग्र विकास, जनहितकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा को लेकर शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता सांसद डॉ. विनोद बिंद, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, मा. विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाधिकारी शैलेष कुमार, पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी की अध्यक्षता में की गई। इस दौरान जनप्रतिनिधियों एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ विभिन्न विकास परियोजनाओं, जनसमस्याओं और योजनाओं की प्रगति पर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में मा. सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता जनहित से जुड़े कार्यों को समयबद्ध, गुणवत्तापूर्ण और पारदर्शी तरीके से पूरा करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता से सीधे जुड़े विकास कार्यों और योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर तेजी से पूर्ण कराया जाए, ताकि आमजन को शीघ्र लाभ मिल सके। उन्होंने स्पष्ट कहा कि विकास कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता या अनावश्यक देरी स्वीकार नहीं की जाएगी। सांसद ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी परियोजनाओं की जमीनी स्तर पर नियमित समीक्षा की जाए तथा फील्ड विजिट कर वास्तविक स्थिति का आकलन किया जाए। उन्होंने कहा कि यदि किसी परियोजना में कोई बाधा उत्पन्न हो रही है तो उसका त्वरित समाधान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही उन्होंने जनसंपर्क व्यवस्था को और अधिक मजबूत करने तथा जनता की शिकायतों का समयबद्ध निस्तारण करने पर विशेष बल दिया। बैठक में विधायक दीनानाथ भास्कर ने क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं और विकास कार्यों को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने ग्राम पंचायत उत्सव भवन हेतु भूमि चिन्हांकन, महराजगंज अंडरपास पर लगने वाले जाम की समस्या के समाधान के लिए पुलिस व्यवस्था, माधव सिंह ग्राम पंचायत में सफाई कर्मचारियों की तैनाती तथा द्वारिकापुर और परानापुर से दुखरनपुर तक सड़क निर्माण की मांग रखी। इसके अतिरिक्त उन्होंने शहीद शीतल पाल वेदपुर ग्राम पंचायत में पार्क हेतु भूमि चिन्हांकन तथा शहीद धीरज गुप्ता के परिवार को कृषि योग्य भूमि उपलब्ध कराने संबंधी विषय भी बैठक में उठाए। उन्होंने विभिन्न विकास कार्यों से संबंधित प्रस्ताव भी प्रशासन को सौंपे। मा. विधायक विपुल दुबे ने वित्तीय वर्ष 2024-25 के अंतर्गत स्वीकृत आठ सड़कों के कार्यों को शीघ्र पूर्ण कराने की आवश्यकता जताई। उन्होंने धनापट्टी पुल के दोनों ओर एप्रोच रोड की पैमाइश कराने, ज्ञानपुर से नथईपुर-अकोढ़ मार्ग पर नाली के ऊपर ढक्कन लगाने तथा सिंहपुर नहर की पटरी एवं संबंधित सड़कों के कार्यों को जल्द पूरा कराने की मांग की। विधायक ने क्षेत्रीय विकास से जुड़े कई अन्य प्रस्ताव भी बैठक में प्रस्तुत किए। बैठक के दौरान विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रमों की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। सांसद डॉ. विनोद बिंद ने कहा कि प्रत्येक विभाग परिणाम आधारित कार्यप्रणाली अपनाए और यह सुनिश्चित करे कि योजनाओं का लाभ पात्र व्यक्तियों तक समय से पहुंचे। उन्होंने कहा कि जिन परियोजनाओं में किसी प्रकार की बाधा उत्पन्न हो रही है, वहां विभागीय समन्वय को मजबूत करते हुए त्वरित कार्रवाई की जाए। सांसद ने अधिकारियों को यह भी निर्देशित किया कि सभी कार्य निर्धारित समयसीमा के भीतर पूर्ण किए जाएं तथा गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने कहा कि विकास कार्यों में पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करना अत्यंत आवश्यक है, ताकि शासन की मंशा के अनुरूप जनपद का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित हो सके। बैठक के अंत में जिलाधिकारी शैलेष कुमार ने सभी अधिकारियों को निर्देश दिया कि जनप्रतिनिधियों द्वारा दिए गए सुझावों एवं शिकायतों का गंभीरता से संज्ञान लेकर उनका गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रशासन जनहित के कार्यों को प्राथमिकता देते हुए विकास योजनाओं को प्रभावी ढंग से धरातल पर उतारने के लिए प्रतिबद्ध है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संतोष कुमार चक, जिला विकास अधिकारी ज्ञानप्रकाश, एवं जनप्रतिनिधिगण, एवं संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर एवं पोषण आहार वितरण कार्यक्रम आयोजित

- रेडक्रॉस शासन और जनता के बीच सेतु का कार्य कर रही है : जिलाधिकारी शैलेष कुमार



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:** इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी, भदोही शाखा द्वारा विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर महाराजा चेत सिंह चिकित्सालय, ज्ञानपुर में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में कुल 12 यूनिट रक्तदान किया गया। इसके उपरांत रेडक्रॉस सोसाइटी कार्यालय पर विश्व रेडक्रॉस दिवस समारोह का आयोजन संपन्न हुआ। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार ने कहा कि युद्ध एवं आपदा के समय रेड क्रॉस की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। रेडक्रॉस संस्था सेवा भावना के साथ आपदा एवं संकट की परिस्थितियों में निरंतर कार्य करती रही है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस को आर्थिक एवं सामाजिक रूप से पिछड़े वर्गों तक शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु और अधिक सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए तथा उनके सामाजिक उत्थान के लिए आगे आना चाहिए। जिलाधिकारी ने कहा कि रेडक्रॉस शासन और जनता के मध्य एक सशक्त सेतु के रूप में कार्य कर रही है तथा जनपद में संस्था द्वारा किए जा रहे कार्य अत्यंत प्रशंसनीय हैं। इस अवसर पर जिलाधिकारी श्री शैलेष कुमार द्वारा रेडक्रॉस सोसाइटी की ओर से 100 क्षय रोग पीड़ितों को पोषण आहार वितरित किया गया तथा उनके शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना की गई। उन्होंने कहा कि नियमित दवा एवं संतुलित पोषण आहार से क्षय रोग से शीघ्र मुक्ति संभव है। जिलाधिकारी ने बताया कि जनपद में रेडक्रॉस सोसाइटी एवं अन्य स्वयंसेवी संस्थाओं के सहयोग से अब तक 2000 से अधिक पोषण पोटलियों का वितरण किया जा चुका है। कार्यक्रम के दौरान पोषण पोटली वितरण में आर्थिक सहयोग प्रदान करने वाले आर डी डायग्नोस्टिक, सौरभ डायग्नोस्टिक, कान्हा अल्ट्रासाउंड एवं सुभद्रा डायग्नोस्टिक के प्रतिनिधियों को सम्मानित किया गया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. संतोष कुमार चक ने कहा कि चिकित्सा विभाग रेडक्रॉस सोसाइटी के सभी जनकल्याणकारी कार्यों में पूर्ण सहयोग प्रदान करेगा। इस अवसर पर श्री हरेंद्र प्रताप सिंह ने रेडक्रॉस भदोही की उपलब्धियों पर प्रकाश डाला, जबकि मोहम्मद इरशाद खान ने रेडक्रॉस की स्थापना एवं उद्देश्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों का स्वागत श्री हरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा बैज लगाकर किया गया। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी श्री बाल गोविंद शुक्ला, डॉ. ओ.पी. शुक्ला, डॉ. विवेक श्रीवास्तव, अभय श्रीवास्तव, एम.आई. खान, सौरभ जायसवाल, डॉ. आर.एन. सिंह, डॉ. राजेश कुमार, श्वेता जायसवाल, डॉ. जया त्रिपाठी, मनीष मिश्रा, अखिलेश शुक्ला, मुकेश कुमार, मनोज कुमार यादव, प्रमोद दुबे, डॉ. जयप्रकाश, रामपाल, अनिल कुमार दुबे, सुषमा, संध्या मौर्य, डॉ. घनश्याम दास गुप्ता अध्यक्ष नगर पंचायत, माबूद खां सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ तथा अंत में धन्यवाद ज्ञापन कोषाध्यक्ष श्री हरेंद्र प्रताप सिंह द्वारा किया गया।

## मा. सांसद, जिला पंचायत अध्यक्ष, मा. विधायकगण ने स्वयं मोबाइल से किया स्व-गणना कार्य, जनपदवासियों से की जनगणना 2027 में सक्रिय सहभागिता की अपील

- 'स्वयं करें स्व-गणना, दूसरों को भी करें जागरूक '



स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही:-** भारत की जनगणना 2027 को डिजिटल, पारदर्शी एवं सरल बनाने की दिशा में जनपद प्रशासन द्वारा व्यापक जन जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में मा. सांसद डॉ विनोद बिंद, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, मा. विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में स्वयं अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्व-गणना (Self Enumeration) की प्रक्रिया पूर्ण कर जनपदवासियों को जागरूक करने का संदेश दिया। मा. सांसद डॉ विनोद बिंद ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को मोबाइल के माध्यम से जनगणना पोर्टल पर पंजीकरण एवं स्व-गणना की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए उनका भी स्व-गणना कार्य कराया। उन्होंने कहा कि भारत सरकार द्वारा पहली बार आम नागरिकों को स्वयं अपने मोबाइल के माध्यम से जनगणना करने की सुविधा प्रदान की गई है, जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, पारदर्शी एवं समयबद्ध बनेगी। प्रमुख जनगणना अधिकारी शैलेष कुमार ने बताया कि स्व-गणना का कार्य 21 मई 2026 तक किया जा सकेगा। इसके लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल पर अपने मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। इसके उपरांत 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक दल घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य संपन्न करेंगे। मा. सांसद डॉ विनोद बिंद ने जनपदवासियों, युवाओं, कर्मचारियों, जनप्रतिनिधियों एवं सामाजिक संगठनों से अपील की कि वे स्वयं स्व-गणना करें तथा अपने परिवार, पड़ोस एवं ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को भी इसके प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं, बल्कि देश की विकास योजनाओं की आधारशिला है। शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, रोजगार एवं आधारभूत सुविधाओं से जुड़ी योजनाओं के निर्माण में जनगणना की महत्वपूर्ण भूमिका होती है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक नागरिक की सहभागिता से ही जनगणना 2027 को सफल बनाया जा सकता है। प्रशासन द्वारा जनपद में व्यापक प्रचार-प्रसार अभियान चलाकर लोगों को डिजिटल जनगणना से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान राजस्व विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अवसर पर मा. विधायक औराई दीनानाथ भास्कर, मा. विधायक ज्ञानपुर विपुल दुबे, मा. जिला पंचायत अध्यक्ष अनिरुद्ध त्रिपाठी, मुख्य विकास अधिकारी बाल गोविन्द शुक्ल, अपर जिलाधिकारी वि0 रा0 कुंवर वीरेन्द्र मौर्य, एवं संबंधित जनप्रतिनिधिगण एवं सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## एएसपी ने थानों के रजिस्टरों का किया निरीक्षण, शिकायतकर्ताओं से लेकर जाना फीडबैक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** पुलिस अधीक्षक अभिनव त्यागी के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने शुक्रवार को पुलिस कार्यालय में सर्किल भदोही के समस्त थानों के महत्वपूर्ण अभिलेखों एवं रजिस्टरों की समीक्षा की। निरीक्षण के दौरान अपर पुलिस अधीक्षक ने महिला हेल्प डेस्क रजिस्टर, जनसुनवाई रजिस्टर तथा समाधान रजिस्टर का बारीकी से अवलोकन किया। उन्होंने शिकायतों के निस्तारण की गुणवत्ता परखने के लिए रजिस्टर में दर्ज मोबाइल नंबरों पर स्वयं शिकायतकर्ताओं से वार्ता कर पुलिस कार्यवाही के संबंध में फीडबैक लिया। अपर पुलिस अधीक्षक ने निर्देश दिए कि महिला हेल्प डेस्क पर आने वाली शिकायतों का त्वरित एवं निष्पक्ष निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही जनसुनवाई से संबंधित सभी मामलों में गुणवत्तापूर्ण कार्रवाई की जाए ताकि फरियादियों को बार-बार थाने का चक्कर न लगाना पड़े। उन्होंने सभी संबंधित कर्मचारियों को रजिस्टरों को अद्यतन रखने तथा कार्यवाही में पारदर्शिता बनाए रखने के निर्देश दिए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि समय-समय पर इस प्रकार की समीक्षा और फीडबैक प्रक्रिया जारी रहेगी, जिससे आमजन को बेहतर एवं पारदर्शी पुलिसिंग का लाभ मिल सके।

## आज आयोजित होगी राष्ट्रीय लोक अदालत, अधिक से अधिक लोग उठाएं लाभ

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**भदोही।** जनपद न्यायालय परिसर सरपतहा, ज्ञानपुर में आज राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। जनपद न्यायाधीश अखिलेश दुबे ने जनपदवासियों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर अपने लंबित मामलों का आपसी सहमति के आधार पर निस्तारण कराएं और लोक अदालत की सुविधा का लाभ उठाएं। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित होने वाली इस लोक अदालत में दीवानी, राजस्व, पारिवारिक, बैंक ऋण, मोटर दुर्घटना प्रतिकर, विद्युत बिल, चेक बाउंस, बीमा दावा एवं शमनीय आपराधिक मामलों सहित विभिन्न वादों का त्वरित निस्तारण किया जाएगा। परिवार न्यायालय में मुकदमा संख्या 166/2024 राकेश कुमार गौतम बनाम राधा एवं मुकदमा संख्या 393/2024 शिवचरन बनाम रंजना के मामलों में सुलह समझौते के बाद सफल विदाई भी कराई गई। अधिकारियों ने बताया कि लोक अदालत न्याय पाने का सरल, सस्ता एवं प्रभावी माध्यम है, जहां मामलों का निस्तारण आपसी सहमति से होने पर अपील की आवश्यकता नहीं पड़ती तथा न्यायालय शुल्क भी वापस किया जाता है।

## आईजीआरएस शिकायतों के निस्तारण को लेकर एएसपी ने की समीक्षा बैठक

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**भदोही।** अपर पुलिस अधीक्षक शुभम अग्रवाल ने पुलिस कार्यालय में जनपद के समस्त थानों के आईजीआरएस कर्मचारियों एवं नोडल अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। बैठक में ऑनलाइन जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निस्तारण के निर्देश दिए गए। अपर पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जांच अधिकारी शिकायतकर्ताओं से व्यक्तिगत रूप से संपर्क कर प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें तथा निस्तारण के बाद आवेदकों से फीडबैक भी लिया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों का समाधान केवल कागजों तक सीमित न होकर धरातल पर दिखाई देना चाहिए। बैठक में आईजीआरएस सेल प्रभारी सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।

## जनगणना 2027 ग्राम पंचायत ककरूआ में स्व-गणना को लेकर जागरूकता बैठक आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** भारत की आगामी जनगणना 2027 को सुचारू रूप से संपन्न कराने और डिजिटल इंडिया की दिशा में एक कदम और बढ़ाते हुए विकास खण्ड जखौरा की ग्राम पंचायत ककरूआ में एक महत्वपूर्ण जागरूकता बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य उत्तर प्रदेश शासन के निर्देशों के क्रम में ग्रामीणों को जनगणना के महत्व और स्व-गणना की प्रक्रिया से अवगत कराना था। बैठक में उपस्थित अधिकारियों ने ग्रामीणों को जानकारी दी कि शासन द्वारा जनगणना के प्रथम चरण (मकान सूचीकरण एवं मकान गणना) के लिए 22 मई, 2026 से 20 जून, 2026 तक का समय निर्धारित किया गया है। इससे पूर्व आमजन के लिए 15 दिनों की अवधि हेतु स्व-गणना की सुविधा प्रदान की गई है। ग्रामीण अब स्वयं जनगणना पोर्टल पर जाकर अपने परिवार की सूचनाएं सुरक्षित और सटीक रूप से दर्ज कर सकते हैं। ग्राम विकास अधिकारी हिमांशु कुशवाहा ने कहा कि स्व-गणना से डेटा के संकलन में तेजी आएगी और मानवीय त्रुटियों की संभावना कम होगी। लेखपाल अतुल गुप्ता ने बताया कि जनगणना राष्ट्र के विकास की नींव है, इसी के आधार पर भविष्य की कल्याणकारी योजनाओं का खाका तैयार किया जाता है। बैठक की अध्यक्षता ग्राम प्रधान पप्पू अहिरवार ने की। उन्होंने समस्त ग्रामवासियों से इस राष्ट्रीय कार्य में बढ़-चढ़कर सहयोग करने की अपील की। कार्यक्रम में भारी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे, जिन्हें पोर्टल चलाने और जनगणना संबंधी शंकाओं के समाधान के बारे में विस्तार से बताया गया। बताया गया कि 22 मई से 20 जून 2026 तक मकान सूचीकरण का कार्य होगा। मोबाइल या कंप्यूटर के माध्यम से स्व-गणना पर जोर, प्रगणकों के आने पर सही जानकारी उपलब्ध कराना अनिवार्य को लेकर चर्चा की गयी। इस दौरान ग्राम पंचायत के सम्मानित नागरिक और स्थानीय जनप्रतिनिधियों ने संकल्प लिया कि वह न केवल स्वयं अपनी गणना पूरी करेंगे, बल्कि अन्य ग्रामीणों को भी इसके प्रति जागरूक करेंगे।

## कालपी सड़क हादसे के पीड़ितों के लिए उठी मदद की मांग

- ब्राह्मण महामण्डल ने डीएम को सौंपा ज्ञापन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ललितपुर।** अयोध्या धाम से दर्शन कर लौट रहे महरौनी के एक ही परिवार के सदस्यों की सड़क हादसे में हुई दर्दनाक मृत्यु के बाद अब उनके आश्रितों को सरकारी मदद दिलाने की मांग तेज हो गई है। शुक्रवार को ब्राह्मण महामण्डल ने जिलाधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार के लिए आर्थिक सहायता और मृतक की मेधावी पुत्री को सरकारी नौकरी देने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया कि बीते 4 मई को जालौन के कालपी थाना क्षेत्र के अंतर्गत हाईवे पर एक अज्ञात डम्पर चालक ने लापरवाही से गाड़ी चलाते हुए टवेरा को टक्कर मार दी थी। इस भीषण दुर्घटना में महरौनी निवासी बृजभूषण तिवारी, स्वामी प्रसाद, मनोज, कृष्णकान्त, शशिकान्त, अंशुल, दीपक, उमेश और देशराज की असामयिक मृत्यु हो गई थी। ये सभी मृतक एक ही परिवार से संबंधित थे और आर्थिक रूप से कमजोर थे। महामण्डल जिलाध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया और महामंत्री परमानन्द तिवारी ने विशेष रूप से उल्लेख किया कि मृतक बृजभूषण तिवारी की पुत्री कु.वैष्णवी ने हाल ही में इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद में टॉप कर जिले का नाम रोशन किया है। पिता के निधन के बाद अब परिवार के सामने जीविकोपार्जन का संकट खड़ा हो गया है। ज्ञापन में मांग की गई है कि पीड़ित परिवार को शासन स्तर से तत्काल आर्थिक सहायता प्रदान की जाए। बिना पिता के हो चुकी मेधावी छात्रा वैष्णवी को योग्यता के अनुसार किसी विभाग में सरकारी नौकरी दी जाए ताकि परिवार को भुखमरी से बचाया जा सके। परिवार में मौजूद एक दिव्यांग/बीमार बच्ची की देखभाल के लिए विशेष मदद सुनिश्चित की जाए। ब्राह्मण महामण्डल ने इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए कहा कि पूरा जनपद इस दुख की घड़ी में परिवार के साथ है। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष अशोक कुमार पटैरिया, महामंत्री परमानन्द तिवारी, मदन मोहन शर्मा, विनोद भौंड़ेले, वरिष्ठ पत्रकार पं.दिनेश कुमार संज्ञा, प्रदीप रिछारिया, डा.एस.पी.पाठक, पवन संज्ञा, शिवनारायण संज्ञा, पूर्व कार्यालय अधीक्षक नपा रमाकान्त तिवारी, अरविन्द कुमार, संतोष शर्मा, स्वामी प्रसाद, सिद्धार्थ शर्मा, अनिल शुक्ला, बृजमोहन शर्मा, चंद्रशेखर दुबे, रामदास श्रोती, रविनारायण चौबे एड. के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### हंसार तिराहे के पास दो बाइकों की भिड़ंत, दो गंभीर




**तालबेहट।** पूराकलां मार्ग हंसार तिराहे के पास गुरुवार की देर रात दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई, जिसमें दोनों बाइक सवार गंभीर रूप से घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और राहगीरों की भीड़ जुट गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने स्थानीय लोगों की मदद से घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद हालत गंभीर होने पर दोनों को जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। घायलों में रोहित (25) पुत्र दामोदर निवासी सुकुवां-डुकुवां तथा दयाराम (40) पुत्र सुखराम निवासी ग्राम अचर्रा थाना मोहनगढ़ मप्र शामिल हैं। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहनों को कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### भीषण गर्मी में पक्षियों के लिए तखत ग्रुप बना सहारा, छठवें दिन भी बांटे जलपात्र

**ललितपुर।** भीषण गर्मी के बीच बेजुबान पक्षियों, विशेष रूप से गौरैया के संरक्षण और संवर्धन के उद्देश्य से तखत ग्रुप द्वारा चलाया जा रहा जलपात्र वितरण अभियान लगातार गति पकड़ रहा है। अभियान के छठवें दिन भी ग्रुप के सदस्यों ने शहर के सरायंपुरा, लक्ष्मीपुरा और आजाद चौक क्षेत्रों में घर-घर पहुंचकर जलपात्र वितरित किए और लोगों को पक्षियों के लिए पानी एवं दाना रखने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान तखत ग्रुप सदस्यों ने कहा कि पर्यावरण संतुलन बनाए रखने में पक्षियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। बदलते परिवेश, बढ़ते शहरीकरण और भीषण गर्मी के कारण पक्षियों के सामने पानी और भोजन का संकट खड़ा हो गया है। ऐसे में समाज के प्रत्येक व्यक्ति का दायित्व है कि वह अपने घर, दुकान या प्रतिष्ठान पर पक्षियों के लिए पानी और दाने की व्यवस्था करे। ग्रुप सदस्यों ने लोगों से अपील करते हुए कहा कि छोटी-सी पहल से हजारों पक्षियों की जिंदगी बचाई जा सकती है। अभियान को स्थानीय लोगों का भी भरपूर सहयोग और समर्थन मिल रहा है। इस अवसर पर मज्जू सोनी, अशोक अनौरा, हृदेश हुण्डैत टिंकल, आशीष चौबे, मिन्टू सिंघई, पार्षद अफजुल रहमान, पार्षद अशोक पंथ, मनीष पटाखा, पूर्व पार्षद रूपेश श्रीवास्तव, मादौन प्रधान सुदामा मिश्रा, विजय शर्मा कुक्कन, रामकोटि तिवारी, राजीव चौबे बुढ़वार, सुमेर जैन, पप्पू पटवा, जितेन्द्र गोस्वामी गप्पू, नीलेश तिवारी, अमित तिवारी, राजीव शर्मा, बृजेश जैन बलची, विद्या मालवीय, जगदीश सोनी, गोल्डी चौबे, अमित लखेरा के अलावा अनेकों लोग मौजूद रहे। तखत ग्रुप का यह अभियान शहर में सामाजिक जागरूकता और जीव संरक्षण का प्रेरणादायक उदाहरण बनता जा रहा है।

### 14 मई तक बढ़ी मुफ्त राशन वितरण की तिथि

पात्र उपभोक्ताओं को मिलेगा गेंहू-चावल


ललितपुर। जनपद के राशन कार्ड धारकों के लिए राहत भरी खबर है। उत्तर प्रदेश खाद्य एवं रसद विभाग के निर्देशानुसार मई 2026 के लिए आवंटित निःशुल्क खाद्यान्न वितरण की अवधि बढ़ाकर अब 14 मई 2026 तक कर दी गई है। पहले यह वितरण 8 मई तक प्रस्तावित था। शासन के इस निर्णय से ऐसे उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी जो किसी कारणवश अब तक राशन प्राप्त नहीं कर सके थे।

जिला पूर्ति अधिकारी उमेशचन्द्र मिश्र ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद की सभी उचित दर दुकानों पर पात्र उपभोक्ताओं को निर्धारित मात्रा में मुफ्त खाद्यान्न उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि शासन का उद्देश्य है कि जनपद का कोई भी पात्र कार्ड धारक राशन से वंचित न रहे। जानकारी के अनुसार अन्त्योदय कार्ड धारकों को प्रति कार्ड 14 किलोग्राम गेंहू एवं 21 किलोग्राम चावल, कुल 35 किलोग्राम खाद्यान्न दिया जाएगा। वहीं पात्र गृहस्थी कार्ड धारकों को प्रति यूनिट 2 किलोग्राम गेंहू एवं 3 किलोग्राम चावल, कुल 5 किलोग्राम खाद्यान्न निशुल्क उपलब्ध कराया जाएगा। राशन वितरण की प्रक्रिया ई-पॉस मशीन के माध्यम से आधार प्रमाणीकरण के जरिए पूरी की जाएगी। जिन उपभोक्ताओं को अंगूठे के निशान के माध्यम से प्रमाणीकरण में समस्या आ रही है, उनके लिए मोबाइल ओटीपी वेरिफिकेशन की वैकल्पिक व्यवस्था भी की गई है। जिला पूर्ति अधिकारी ने सभी पात्र उपभोक्ताओं से अपील की है कि वह निर्धारित समय सीमा के भीतर अपनी उचित दर की दुकान पर पहुंचकर निशुल्क राशन प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

# मौजूदा कानून यह पक्का करता है कि 'प्रधानमंत्री का आदमी' ही मुख्य चुनाव आयुक्त बने

**● सीइसी कानून को चुनौती देने वालों की दलील**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रयागराज।** याचिकाकर्ताओं ने सुप्रीम कोर्ट के सामने दलील दी कि चुनाव आयुक्त कानून, 2023 यह पक्का करता है कि प्रधानमंत्री द्वारा सुझाए गए लोगों को ही चुनाव आयुक्त के तौर पर नियुक्त किया जाएगा। इससे किसी भी दूसरे उम्मीदवार का चुना जाना नामुमकिन हो जाता है और चुनाव आयोग की आज़ादी कमज़ोर होती है। जस्टिस दीपांकर दत्ता और जस्टिस सतीश चंद्र शर्मा की बेंच 2023 के कानून की संवैधानिक वैधता को चुनौती देने वाली याचिकाओं के समूह की सुनवाई कर रही थी। इस कानून में यह प्रावधान है कि मुख्य चुनाव आयुक्त और दूसरे चुनाव आयुक्तों की नियुक्ति के लिए बनी चयन समिति में प्रधानमंत्री, प्रधानमंत्री द्वारा नामित एक मंत्री और विपक्ष के नेता (LoP) शामिल होंगे। यह मामला इस बेंच के सामने तब आया, जब चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया (CJI) सूर्यकांत ने सुनवाई से खुद को अलग कर लिया, क्योंकि याचिकाकर्ता एक ऐसे कानून को चुनौती दे रहे हैं, जो CJI को चयन पैनल से हटाता है। सुनवाई के दौरान, याचिकाकर्ताओं में से एक की ओर से सीनियर वकील विजय हंसारिया ने दलील दी कि कानून की धारा 7 कार्यपालिका को ज़्यादा अहमियत देती है और यह 'अनूप बरनवाल बनाम भारत संघ' मामले में संविधान पीठ के फैसले के खिलाफ है। उस फैसले में एक ऐसी प्रक्रिया तय की गई, जिसके तहत नियुक्तियां एक ऐसी समिति द्वारा की जानी थीं, जिसमें प्रधानमंत्री, विपक्ष के नेता और चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया शामिल हों। कोर्ट ने यह प्रक्रिया तब तक अपनाए जाने का निर्देश दिया था, जब तक कि संसद नियुक्तियों को नियंत्रित करने के लिए कोई कानून नहीं बना लेती। हंसारिया ने साफ किया कि याचिकाकर्ता यह दलील नहीं दे रहे हैं कि CJI का चयन पैनल में होना ज़रूरी है, बल्कि वे यह कह रहे हैं कि चयन पर सत्ताधारी पार्टी का नियंत्रण नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, 'इसका मकसद यह है कि वह 'प्रधानमंत्री का आदमी' न हो। जिस कानून को चुनौती दी गई, उसके तहत अगर प्रधानमंत्री किसी 'X' व्यक्ति की नियुक्ति का सुझाव देते हैं तो फिर किसी और व्यक्ति की नियुक्ति होने का कोई रास्ता ही नहीं बचता। संविधान सभा के सदस्यों ने यह बात ज़ाहिर की थी कि यह संस्था आज़ाद और निष्पक्ष होनी चाहिए। उस समय की सरकार के अधीन नहीं होनी चाहिए।' उन्होंने दलील दी कि संविधान सभा ने लगातार इस बात पर ज़ोर दिया था कि चुनाव आयोग आज़ाद और निष्पक्ष होना चाहिए। उस समय की सरकार के नियंत्रण में नहीं होना चाहिए। डॉ. बी.आर. अंबेडकर और दूसरे सदस्यों के भाषणों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि चुनाव एक ऐसी संस्था द्वारा कराए जाने चाहिए, जो कार्यपालिका के नियंत्रण से बाहर हो। हंसारिया ने दलील दी कि संसद भले ही CEC और ECs की नियुक्ति को नियंत्रित करने के लिए कानून बना सकती है, लेकिन वह किसी संवैधानिक अदालत के फैसले को प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से रद्द नहीं कर सकती। उन्होंने तर्क दिया कि नियुक्तियों में कार्यपालिका को अंतिम निर्णय का अधिकार देना, 'अनूप बरनवाल' मामले में स्थापित सिद्धांत का उल्लंघन करता है। उन्होंने कहा कि सत्ताधारी दल का चुनाव परिणामों में सीधा हित होता है, इसलिए नियुक्तियों पर कार्यपालिका का नियंत्रण 'हितों का टकराव' पैदा करता है। न्यायिक स्वतंत्रता के साथ तुलना करते हुए उन्होंने तर्क दिया कि जिस तरह न्यायिक नियुक्तियों को कार्यपालिका के नियंत्रण से बाहर रखा जाना चाहिए, ठीक यही बात चुनाव आयोग पर भी लागू होती है। उन्होंने इस बात पर ज़ोर दिया, 'जिस तरह न्यायपालिका को अपनी स्वतंत्रता बनाए रखने के लिए जजों की नियुक्ति के मामले में कार्यपालिका के नियंत्रण से बाहर रहना ज़रूरी है, उसी तरह चुनाव आयुक्त की नियुक्ति की प्रक्रिया भी कार्यपालिका के नियंत्रण से बाहर होनी चाहिए; क्योंकि चुनाव आयोग के कामकाज और सत्ताधारी दल के बीच हितों का टकराव होता है। भारत के चुनाव आयोग द्वारा कराए गए चुनावों के परिणामों में सत्ताधारी दल का एक स्वाभाविक और सीधा हित जुड़ा होता है।' जस्टिस दत्ता इस बात से सहमत थे कि चुनावों को सरकार के हाथों से बाहर रखा जाना चाहिए। हालांकि, उन्होंने यह सवाल उठाया कि क्या संविधान सभा की बहसों में यह ज़रूरी था कि चुनाव आयुक्तों को चुनने की प्रक्रिया भी कार्यपालिका के नियंत्रण से पूरी तरह मुक्त हो।

# संजय कपूर संपत्ति विवाद में सुप्रीम कोर्ट का हस्तक्षेप

**● पूर्व सीजेआई चंद्रचूड़ को बनाया मध्यस्थ**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**ब्यूरो प्रयागराज।** दिवंगत उद्योगपति और सोना ग्रुप के मालिक संजय कपूर की मौत के बाद शुरू हुआ करोड़ों की संपत्ति और फैमिली ट्रस्ट का विवाद अब एक नए मोड़ पर पहुंच गया है। लंबे समय से अदालतों में चल रही इस कानूनी लड़ाई को सुलझाने के लिए सुप्रीम कोर्ट ने बड़ा कदम उठाया है। अदालत ने देश के पूर्व सीजेआई डी. वाई. चंद्रचूड़ को इस मामले में मध्यस्थ नियुक्त किया है। इस मध्यस्थता प्रक्रिया के लिए परिवार के सभी पक्षों ने अपनी सहमति दी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अगर यह मामला इसी तरह अदालतों में चलता रहा, तो इसे सुलझने में कई दशक लग सकते हैं, इसलिए अब अदालत चाहती है कि परिवार आपसी बातचीत और समझौते के जरिए इस विवाद को खत्म करने की कोशिश करे। सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान सभी पक्षों को सख्त निर्देश भी दिए। अदालत ने कहा कि अब इस विवाद को लेकर कोई भी पक्ष मीडिया में बयान नहीं देगा और न ही सोशल मीडिया पर इस मामले से जुड़ी कोई बात पोस्ट करेगा। कोर्ट अब इस मामले की अगली सुनवाई अगस्त में करेगा। दरअसल, यह पूरा मामला संजय कपूर की मौत के बाद उनकी संपत्ति, फैमिली ट्रस्ट और विरासत को लेकर शुरू हुआ था। संजय कपूर की मां रानी कपूर ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर फैमिली ट्रस्ट को रद्द करने की मांग की। उनका आरोप है कि यह ट्रस्ट उनकी जानकारी और अनुमति के बिना बनाया गया था। रानी कपूर का कहना है कि इस ट्रस्ट के जरिए परिवार की संपत्तियों और विरासत पर कब्जा करने की कोशिश की गई। उन्होंने अदालत से मांग की कि जब तक मामले का अंतिम फैसला नहीं हो जाता, तब तक संपत्तियों के ट्रांसफर और किसी भी तरह की बिक्री पर यथास्थिति बनाए रखी जाए। इससे पहले की सुनवाई में भी सुप्रीम कोर्ट ने संजय कपूर की पत्नी प्रिया कपूर को नोटिस जारी किया था। उस सुनवाई में भी अदालत ने दोनों पक्षों को सलाह दी थी कि वे मध्यस्थता के जरिए समाधान निकालने की कोशिश करें। इस विवाद में प्रिया कपूर और रानी कपूर के अलावा अभिनेत्री करिश्मा कपूर और उनके बच्चों समायरा कपूर और कियान कपूर का नाम भी सामने आ चुका है। करिश्मा कपूर ने अपने बच्चों की ओर से उत्तराधिकार से जुड़ा मामला दायर किया था। रानी कपूर ने यह भी आरोप लगाया था कि जब वह स्वास्थ्य समस्याओं से जूझ रही थीं, तब उनसे कई दस्तावेजों पर हस्ताक्षर करवाए गए, जिनमें कुछ दस्तावेज खाली थे और उन्हें पूरी जानकारी दिए बिना साइन करवाए गए। उन्होंने अपने बेटे संजय कपूर और बहू प्रिया कपूर पर बीमारी का फायदा उठाकर संपत्ति ट्रांसफर करने का आरोप लगाया था।

## तेज रफ्तार पल्सर ने बाइक सवार को मारी टक्कर, पैर फ्रैक्चर




स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**रतनपुर/महराजगंज।** परसामलिक थाना क्षेत्र के सेखुआनी चौराहे के पास शुक्रवार को एक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। अनियंत्रित रफ्तार से आ रही एक पल्सर बाइक ने पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहे बाइक सवार को पीछे से जोरदार टक्कर मार दी। इस दुर्घटना में युवक का दाहिना पैर फ्रैक्चर हो गया है। जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र के ग्राम पंचायत रेहरा टोला बेलभार निवासी लाल सिंह (46) पुत्र राम बहादुर सिंह शुक्रवार को अपनी बाइक में पेट्रोल भरवाने के लिए सेखुआनी चौराहे के पास स्थित भारत पेट्रोल पंप की ओर मुड़ रहा था। इसी दौरान नौतनवा-ठूठीबारी मुख्य मार्ग पर पीछे से आ रही एक तेज रफ्तार पल्सर बाइक ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि लाल सिंह सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गया। आस-पास मौजूद लोगों ने तत्काल घटना की सूचना परिजनों को दी। परिजन मौके पर पहुंचे और घायल को आनन-फानन में गोरखपुर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। डॉक्टरों के अनुसार युवक के दाहिने पैर की हड्डी टूट गई है और उपचार जारी है। इस मामले में थानाध्यक्ष अभय नारायण सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी मिली है। अभी तक कोई लिखित तहरीर प्राप्त नहीं हुई है, तहरीर मिलने पर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जाएगी।

## बॉम्बे हाईकोर्ट ने सोहराबुद्दीन एनकाउंटर केस में सभी 22 आरोपियों की रिहाई को सही ठहराया

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** बॉम्बे हाईकोर्ट ने गुरुवार को 2018 के एक स्पेशल कोर्ट के फैसले को सही ठहराया। इस फैसले में सोहराबुद्दीन शेख और तुलसीराम प्रजापति के कथित फ़र्ज़ी एनकाउंटर, और 2005-06 में शेख की पत्नी कौसर बी की हत्या के मामले में सभी 22 आरोपी पुलिसकर्मियों को बरी कर दिया गया था। इन आरोपियों में गुजरात, राजस्थान और आंध्र प्रदेश के 21 पुलिसकर्मी शामिल थे। चीफ़ जस्टिस चंद्रशेखर और जस्टिस गौतम ए. अंखड की बेंच ने सोहराबुद्दीन के भाइयों, रुबाबउद्दीन शेख और नायबउद्दीन शेख द्वारा स्पेशल कोर्ट के फैसले के खिलाफ दायर अपीलों को खारिज कर दिया। ये अपीलें लगभग सात सालों से लंबित थीं। बेंच ने एक संक्षिप्त मौखिक आदेश जारी करते हुए कहा कि अपीलें खारिज कर दी गई हैं और विस्तृत फैसला बाद में सुनाया जाएगा। अभियोजन पक्ष ने दावा किया था कि सोहराबुद्दीन को नवंबर 2005 में गुजरात में एक 'मनगढ़ंत' एनकाउंटर में मार दिया गया था; उसी महीने उसकी पत्नी की भी हत्या कर दी गई थी, और प्रजापति को दिसंबर 2006 में मार दिया गया था। इस मामले की जांच शुरू में गुजरात की आतंकवाद निरोधक दस्ते (ATS) और CID (अपराध शाखा) ने की थी। बाद में सुप्रीम कोर्ट ने जांच केंद्रीय जांच ब्यूरो (CBI) को सौंप दी, और मुकदमे को मुंबई की एक स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। स्पेशल कोर्ट ने इससे पहले 16 आरोपियों को आरोपमुक्त कर दिया था। इनमें तत्कालीन गुजरात के गृह मंत्री अमित शाह, वरिष्ठ IPS अधिकारी दिनेश एम.एन., राजकुमार पांडियन और डी.जी. वंजारा, तथा राजस्थान के पूर्व गृह मंत्री गुलाब चंद कटारिया शामिल थे। स्पेशल कोर्ट के जज एस.जे. शर्मा ने 21 दिसंबर, 2018 को अपने फैसले में कहा था कि अभियोजन पक्ष साजिश को साबित करने में विफल रहा है। उन्होंने यह भी टिप्पणी की थी कि CBI ने जांच 'पहले से तय सिद्धांत और एक ऐसी पटकथा के आधार पर की थी, जिसका मकसद किसी भी तरह से राजनीतिक नेताओं को फंसाना था।' जज शर्मा ने यह भी कहा कि जो गवाह अपने बयान से पलट गए थे (होस्टाइल हो गए थे), उन्होंने कोर्ट के सामने 'सच' बोला था। उन्होंने कहा कि CBI ने उनके बयान गलत तरीके से दर्ज किए थे। हालांकि, ट्रायल कोर्ट के फैसले के खिलाफ अपीलें अप्रैल 2019 में दायर की गई थीं, लेकिन हाई कोर्ट ने अंतिम सुनवाई दिसंबर 2025 में शुरू की और 16 जनवरी को इसे पूरा किया। इसी दिन कोर्ट ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था, जिसे गुरुवार को सुनाया गया।

अपनी अपील में, सोहराबुद्दीन के भाइयों ने, जिनका प्रतिनिधित्व वकील गौतम तिवारी कर रहे थे, सीबीआई ने, जिसका प्रतिनिधित्व अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल (ASG) अनिल सिंह कर रहे थे, हाई कोर्ट को बताया कि उसने 2018 के फैसले को 'स्वीकार' कर लिया है और उसके खिलाफ अपील दायर करने का फैसला नहीं किया है। बरी हुए लोगों के बचाव पक्ष के वकीलों ने, जिनमें वरिष्ठ वकील अमित देसाई भी शामिल थे। सुनवाई के दौरान केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने पिछले वर्ष नवंबर में अदालत को बताया था कि उसने विशेष अदालत के फैसले को 'स्वीकार' कर लिया। यह मामला लंबे समय तक राजनीतिक और कानूनी हलकों में चर्चा का विषय बना रहा। मुकदमे के दौरान कुल 210 अभियोजन गवाहों में से 92 गवाह अपने पूर्व बयानों से मुकर गए।

## मानव जीवन की रक्षा को लेकर पुलिस की संवेदनशीलता अब भी बेहद कम

**● हाईकोर्ट ने बदायूं स्स्ककको लगाई फटकार**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

इलाहाबाद हाईकोर्ट ने नागरिकों की सुरक्षा को लेकर पुलिस के रवैये पर कड़ी नाराजगी जताते हुए कहा कि राज्य की पहली जिम्मेदारी मानव जीवन बचाना है केवल अपराध होने के बाद अपराधियों को सजा दिलाना नहीं। जस्टिस जे.जे. मुनीर और जस्टिस तरुण सक्सेना की खंडपीठ ने तीखी टिप्पणी करते हुए कहा कि कानून-व्यवस्था एजेंसियों की मानव जीवन की रक्षा को लेकर संवेदनशीलता हमेशा कम रही है और आज भी वैसी ही बनी हुई है। अदालत ने ये टिप्पणियां बदायूं की सीनियर पुलिस अधीक्षक द्वारा दाखिल हलफनामे पर असंतोष जताते हुए कीं। याचिकाकर्ता ने हाइकोर्ट को बताया कि पारिवारिक जमीन विवाद को लेकर उसे पांच लोगों से जान का गंभीर खतरा है। उसने पहले सीनियर पुलिस अधीक्षक से सुरक्षा मांगी थी लेकिन पुलिस की ओर से कथित तौर पर उदासीन रवैया अपनाया गया। इसके बाद उसने हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सुरक्षा और आरोपियों के खिलाफ स्त्रढ्ढक्र दर्ज करने की मांग की। अदालत ने 6 अप्रैल को सुनवाई के दौरान स्स्ककको व्यक्तिगत हलफनामा दाखिल कर यह बताने का निर्देश दिया कि याचिकाकर्ता की खतरे की आशंका का आकलन करने और सुरक्षा देने के लिए क्या कदम उठाए गए। हालांकि, 4 मई को जब अदालत ने हलफनामे का अवलोकन किया तो उसे टालमटोल वाला बताया। कोर्ट ने कहा कि हलफनामे में केवल विवाद की पृष्ठभूमि और दोनों पक्षों के खिलाफ भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता (BNSS) की धाराओं 170, 126 और 135 के तहत की गई निवारक कार्रवाई का जिक्र है। अदालत ने कटाक्ष करते हुए कहा कि लगता है मामले की गंभीरता को समझने का काम किसी दरोगा की बुद्धिमत्ता पर छोड़ दिया गया। हलफनामे में यह भी कहा गया कि आरोपियों के खिलाफ स्त्रढ्ढक्र दर्ज कर आरोपपत्र दाखिल किया जा चुका है और गांव में बीट कांस्टेबलों को गश्त के निर्देश दिए गए। पुलिस ने यह भी कहा कि गांव में शांति है और विवाद केवल जमीन बंटवारे और पारिवारिक दुश्मनी का है। इस पर हाईकोर्ट ने कहा, 'अपराध का होना एक अलग बात है, शांति व्यवस्था बनाए रखना दूसरी, लेकिन याचिकाकर्ता द्वारा जताया गया जान का खतरा बिल्कुल अलग मुद्दा है। इस संबंध में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक का रवैया उदासीन दिखाई देता है।' कोर्ट ने आगे कहा, 'यदि कल याचिकाकर्ता को गोली मार दी जाए या उसके साथ कोई गंभीर हमला हो जाए तो BNSS के तहत शुरू की गई कार्यवाही उसे वापस जीवन नहीं दे सकती।' इलाज से बेहतर रोकथाम का सिद्धांत यहां लागू होता है। अदालत ने कहा कि अपराध होने के बाद अपराधियों के खिलाफ मुकदमा चलाना केवल प्रतिशोधात्मक कार्रवाई है, जिससे पीड़ित की जान वापस नहीं आ सकती। कोर्ट ने टिप्पणी की, 'अपराधियों को सजा देना अलग बात है। सिद्धांत रूप में कहा जा सकता है कि इससे भविष्य के अपराध रुकेंगे लेकिन अनुभव बताता है कि ऐसा शायद ही होता है।' अदालत ने कहा कि बदायूं एसएसपी की प्रतिक्रिया अपेक्षित स्तर से 'काफी नीचे' रही। इसके बाद कोर्ट ने उन्हें नया हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया, जिसमें यह बताया जाए कि याचिकाकर्ता की सुरक्षा के लिए क्या ठोस कदम उठाए जाएंगे। हाईकोर्ट ने कहा कि यदि पुलिस उचित कदम उठाए तो अदालत को सुरक्षा संबंधी आदेश जारी करने जैसी अप्रिय स्थिति से बचाया जा सकता है। मामले की अगली सुनवाई 13 मई को होगी।

## सरकारी चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने सम्बंधी शिकायतों के सम्बंध में बैठक

**● सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए पाया जायेगा, तो एफआईआर होगी- जिलाधिकारी।**

**सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते पाया गया तो सम्बंधित प्राइवेट अस्पताल व नर्सिंग होम का रजिस्ट्रेशन होगा निरस्त।**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज-** जिलाधिकारी मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में शुक्रवार को संगम सभागार में सरकारी चिकित्सकों के प्राइवेट प्रैक्टिस किए जाने सम्बंधी शिकायतों के सम्बंध में बैठक आयोजित की गयी बैठक में जिलाधिकारी ने सख हिदायत देते हुए कहा कि यदि कोई भी सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए पाया जायेगा, तो उसके विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए कड़ी कार्रवाई की जायेगी। उन्होंने प्राइवेट अस्पतालों एवं नर्सिंग होम को भी सख्त हिदायत दी है कि कोई भी सरकारी चिकित्सक उनके यहां प्रैक्टिस न करने पाये। उन्होंने कहा कि यदि औचक निरीक्षण में किसी भी प्राइवेट अस्पताल या नर्सिंग होम में कोई चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस करते हुए पाया गया तो सम्बंधित सरकारी चिकित्सक के विरूद्ध कार्रवाई की ही जायेगी, इसके साथ ही साथ सम्बंधित प्राइवेट अस्पताल एवं नर्सिंग होम के विरूद्ध भी कड़ी कार्रवाई करते हुए उनके रजिस्टेªशन को भी निरस्त किया जायेगा। उन्होंने मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज एवं सरकारी अस्पतालों के सीएमएस को ऐसे सरकारी चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराये जाने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने मुख्य चिकित्साधिकारी, प्रधानाचार्य मेडिकल कालेज एवं सीएमएस सहि अपर जिलाधिकारी एवं अपर नगर मजिस्टेªटों के माध्यम से भी औचक निरीक्षण कराये जाने का निर्देश दिया है। उन्होंने एलआईयू को भी अपने स्तर से निरीक्षण कर जानकारी प्राप्त करने तथा प्राइवेट प्रैक्टिस करने वाले सरकारी चिकित्सकों की सूची उपलब्ध कराये जाने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि दोनो कार्य एक साथ नहीं हो सकते, यदि कोई सरकारी चिकित्सक प्राइवेट प्रैक्टिस ही करना चाहता है, तो पहले उसको त्यागपत्र देना होगा। उन्होंने आल इंडिया मेडिकल एसोसिएशन एवं नर्सिंग होम एसोसिएशन के पदाधिकारियों को भी इसकी निरंतर निगरानी करने तथा इसको प्रोत्साहित न करने के निर्देश दिए है। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी हर्षिका सिंह, प्रधानाचार्य मोती लाल नेहरू मेडिक कालेज डॉ0 वी0के पाण्डेय, तेज बहादुर सप्रू चिकित्सालय बेली की सीएमएस सहित अन्य सरकारी अस्पतालों के सीएमएस तथा मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारीगणों के अलावा अन्य लोग उपस्थित रहे।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ सैन्य गरिमा एवं राष्ट्रभक्ति के साथ आयोजित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ब्यूरो प्रयागराज।** 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज के तत्वावधान में 'ऑपरेशन सिंदूर' की प्रथम वर्षगांठ चार दिवसीय कार्यक्रम श्रृंखला के अंतर्गत अत्यंत उत्साह, सैन्य अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति के वातावरण में मनाई गई। बटालियन मुख्यालय सहित विभिन्न विद्यालयों, महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में एनसीसी कैडेट्स, एएनओ, पीआई स्टाफ तथा समस्त कॉम्बैटेंट एवं नॉन-कॉम्बैटेंट स्टाफ ने पूर्ण समर्पण एवं राष्ट्रीय गौरव के साथ सहभागिता की। कार्यक्रम के प्रारम्भ में अप्रैल 2025 में हुए पहलगाम आतंकी हमले में शहीद हुए निर्दोष नागरिकों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उल्लेखनीय है कि 22 अप्रैल 2025 को पहलगाम में पर्यटकों एवं निहत्थे नागरिकों को निशाना बनाकर एक वीभत्स आतंकी हमला किया गया था, जिसमें अनेक भारतीय न शहीदों की पुण्य स्मृति, दिवंगत आत्माओं की शांति तथा राष्ट्र की सुख- समृद्धि हेतु बटालियन परिसर में वैदिक मंत्रोच्चार के मध्य हवन-पूजन का आयोजन किया गया। उपस्थित कैडेट्स एवं स्टाफ ने राष्ट्र की सुरक्षा, एकता एवं शांति के लिए सामूहिक संकल्प भी लिया। 15 यूपी बटालियन एनसीसी प्रयागराज की कमान अधिकारी कर्नल ऋतु श्रीवास्तव ने कैडेट्स को संबोधित करते हुए कहा कि 'ऑपरेशन सिंदूर' भारतीय सैन्य शक्ति, साहस एवं राष्ट्र की अखंडता के प्रति अटूट प्रतिबद्धता का प्रतीक है।

उन्होंने युवाओं को अनुशासन, नेतृत्व, साहस एवं राष्ट्रसेवा की भावना को जीवन में आत्मसात करने हेतु प्रेरित किया तथा कहा कि एनसीसी राष्ट्र निर्माण की वह सशक्त धारा है, जो युवाओं में कर्तव्यनिष्ठा एवं देशभक्ति का संचार करती है। कार्यक्रम के अंतर्गत चित्रकला एवं पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया, जिसमें इलाहाबाद विश्वविद्यालय, नेहरू ग्राम भारती मानित विश्वविद्यालय, नेशनल इंटर कॉलेज हंडिया, हंडिया पी जी कॉलेज एवं गोमती इण्टर कॉलेज फूलपुर के कैडेट्स एवं एएनओ ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग किया। प्रतिभागियों ने अपनी कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से देशभक्ति, राष्ट्रीय एकता, वीर सैनिकों के पराक्रम एवं मातृभूमि के प्रति समर्पण को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया। कर्नल ऋतु श्रीवास्तव ने प्रतिभागियों की रचनात्मक प्रतिभा एवं उत्साह की सराहना करते हुए कहा कि एनसीसी केवल प्रशिक्षण का माध्यम नहीं, बल्कि राष्ट्रहित के प्रति समर्पित, अनुशासित एवं उत्तरदायी नागरिकों के निर्माण का सशक्त मंच है।

## पुरानी रंजिश में युवक पर कुल्हाड़ी से हमला, हालत गंभीर

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**तालबेहट।** थाना क्षेत्र के ग्राम करेंगा में पुरानी जमीनी रंजिश को लेकर एक युवक पर कुल्हाड़ी से हमला कर गंभीर रूप से घायल कर दिया गया। घायल को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। मामले में पुलिस को तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की गई है। ग्राम करेंगा निवासी पूजा पत्नी वचनलाल ने थाना तालबेहट में दी तहरीर में बताया कि उनके पति बचनलाल पुत्र दलपति 7 मई की शाम करीब तीन बजे मजदूरी करने झांसी जा रहे थे। आरोप है कि गांव के पास पुलिया पर भगवानदास पुत्र चुखर निवासी करेंगा, रज्जू निवासी नेहरू नगर कोतवाली ललितपुर तथा दो अज्ञात लोगों ने पुरानी जमीन विवाद को लेकर गाली-गलौज शुरू कर दी। विरोध करने पर आरोपियों ने कुल्हाड़ी से बचनलाल के सिर पर हमला कर दिया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। चीख-पुकार सुनकर गांव के उनवा और संजू मौके पर पहुंचे और बीच-बचाव कराया। इसके बाद आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीड़िता ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

## संक्षिप्त खबरें

### सुप्रिया नायक बनीं टॉपर, आरके स्टडी पॉइंट ने फिर बढ़ाया मान



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** आरके स्टडी पॉइंट ने कक्षा 12वीं सत्र 2025-26 में लगातार 10वीं बार 100 प्रतिशत रिजल्ट देकर एक बार फिर सफलता का परचम लहराया है। संस्थान की छात्रा सुप्रिया नायक ने 423 अंक प्राप्त कर टॉपर बनने का गौरव हासिल किया। वहीं मुस्कान कुमारी ने 419 तथा मरियम परवीन ने 416 अंक प्राप्त कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। संस्थान के कई अन्य छात्र-छात्राओं ने भी बेहतर अंक हासिल कर संस्थान एवं क्षेत्र का नाम रोशन किया। विद्यार्थियों की इस सफलता पर अभिभावकों और शिक्षकों में खुशी का माहौल है। संस्थान के निदेशक आर.के. गुप्ता ने विद्यार्थियों की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि यह उपलब्धि छात्रों की मेहनत, अभिभावकों के विश्वास और शिक्षकों के समर्पण का परिणाम है। उन्होंने बताया कि संस्थान में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, नियमित टेस्ट एवं कमजोर विद्यार्थियों पर विशेष ध्यान दिया जाता है, जिससे हर वर्ष बेहतर परिणाम प्राप्त हो रहे हैं।

### नारायणपुर में हुई मनरेगा और आवास योजना की समीक्षात्मक बैठक



**नारायणपुर, जामताड़ा, झारखंडः-** शुक्रवार को नारायणपुर बीडीओ देवराज गुप्ता के कार्यालय कक्ष में आवास और मनरेगा योजना की समीक्षात्मक बैठक हुई। बैठक में बीडीओ ने कहा कि पीएम और अबुआ आवास समय पर बनकर तैयार हो इसके लिए पहल करें। बैठक में मनरेगा की पुरानी योजना क्लोज करने, योजना स्थल का जियोटेक करने, मनरेगा मजदूरों की केवाइसी करने आदि पर बल दिया गया? इस अवसर पर पीएम आवास योजना के प्रखंड समन्वयक शैलेश सिंह ने कहा कि पंचायत सचिवों को पेंडिंग आवासों की सूची दी गई है, उस पर पहल कर काम को आगे बढ़ाएं। बैठक में भौतिक सत्यापन के बाद ही डिमांड करवाने पर बल दिया गया। इसके अलावे योजनाओं का समय-समय पर निरीक्षण भी करने को कहा गया है। कहा कि काम करना मजदूरों का अधिकार है और मजदूरों को रोजगार मिलना ही चाहिए। इसमें कहीं कोई दिक्कत नहीं है, अगर परेशानी है तो बताएं समाधान किया जाएगा। बैठक में प्रशांत दुबे, पूजा माझी, पंचायत सचिव व अन्य उपस्थित थे।

### शादी समारोह से युवक की बाइक चोरी, बरही थाना में मामला दर्ज

**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** बरही थाना क्षेत्र के पंचमाधव में शादी समारोह में शामिल होने पहुंचे एक युवक की मोटरसाइकिल चोरी हो गई। घटना को लेकर बरही थाना में अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। मिली जानकारी के अनुसार चलंगा गांव निवासी राजेश कुमार 5 मई की रात अपने भाई मनोज कुमार यादव की काले रंग की हीरो स्प्लेंडर बाइक नंबर जेएच 02 बीजे 4265 लेकर पंचमाधव स्थित एक रिश्तेदार के घर शादी समारोह में शामिल होने गए थे। उन्होंने बाइक को घर के सामने सड़क किनारे खड़ी कर दी थी। राजेश कुमार के अनुसार रात करीब 12 बजे तक बाइक वहीं मौजूद थी। उन्होंने बताया कि 6 मई की सुबह करीब 5 बजे जब वह घर लौटने के लिए बाइक के पास पहुंचे तो मोटरसाइकिल गायब मिली। इसके बाद उन्होंने आसपास काफी खोजबीन की, लेकिन बाइक का कोई सुराग नहीं मिला। मामले को लेकर राजेश कुमार ने बरही थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों पर बाइक चोरी का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराया है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# चोरदाहा पंचायत में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान आयोजित

**●महिलाओं एवं पुरुषों को कानूनी अधिकारों, साइबर अपराध, नशा मुक्ति और लोक अदालत की दी गई जानकारी**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**चौपारण, हजारीबाग, झारखंडः-** चौपारण प्रखंड अंतर्गत चोरदाहा पंचायत में नालसा एवं झालसा के आदेशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकार सचिव डॉ रवि प्रकाश तिवारी के निर्देशन में 90 दिवसीय विधिक जागरूकता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में लोगों को उनके कानूनी अधिकारों एवं सरकारी योजनाओं की जानकारी देकर जागरूक बनाना है। अभियान में पंचायत के महिला एवं पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित लोगों को आपसी विवादों के समाधान, बिजली संबंधी समस्याओं, वाहन दुर्घटना से जुड़े कानूनी प्रावधानों, नशा मुक्ति अभियान, बाल विवाह निषेध कानून एवं साइबर अपराध से बचाव के संबंध में विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही साइबर अपराध से संबंधित हेल्पलाइन नंबर 15100 के उपयोग एवं शिकायत प्रक्रिया के बारे में भी लोगों को बताया गया। जागरूकता अभियान में वक्ताओं ने कहा कि आज के समय में साइबर अपराध तेजी से बढ़ रहे हैं। ऐसे में लोगों को सतर्क रहने एवं किसी भी प्रकार की ऑनलाइन ठगी या धोखाधड़ी होने पर तुरंत संबंधित हेल्पलाइन पर शिकायत दर्ज कराने की आवश्यकता है। इसके अलावा नशा मुक्ति एवं बाल विवाह जैसी सामाजिक कुरीतियों को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास करने की अपील की गई। कार्यक्रम में 9 मई को आयोजित होने वाली लोक अदालत की भी जानकारी दी गई। लोगों को बताया गया कि लोक अदालत के माध्यम से आपसी सहमति से विभिन्न मामलों का त्वरित एवं सरल समाधान किया जाता है, जिससे समय एवं धन दोनों की बचत होती है। इस दौरान घरेलू हिंसा अधिनियम के तहत महिलाओं को मिलने वाले कानूनी अधिकारों एवं सुरक्षा संबंधी प्रावधानों की भी विस्तृत जानकारी दी गई। महिलाओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की घरेलू प्रताड़ना होने पर वे कानूनी सहायता प्राप्त कर सकती हैं। अभियान को सफल बनाने में पीएलवी अश्मिता कुमारी, रेखा देवी, नवीन कुमार, रेहाना खातून एवं हरेंद्र राणा ने सक्रिय भूमिका निभाई। उपस्थित लोगों ने ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों को समाज के लिए उपयोगी बताते हुए इसकी सराहना की। मौके पर राजदेव यादव, राजकुमार यादव, कृष्णा पासवान, गणेश ठाकुर, रुखसाना खातून, शांति देवी, तमन्ना खातून, सुषमा देवी, अमृता कुमारी, प्रियंका कुमारी, तेतरी देवी सहित कई लोगो ने विधिक जागरूकता अभियान में भाग लेकर लाभांवित हुए।

# सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का 60वां जत्था रवाना, 65 श्रद्धालु तीर्थ यात्रा पर निकले

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बरही, हजारीबाग, झारखंडः-** हजारीबाग लोकसभा क्षेत्र के बुजुर्ग श्रद्धालुओं के लिए संचालित सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान के तहत गुरुवार देर शाम 60वें जत्थे को बरही विधानसभा क्षेत्र के बरही पूर्वी मंडल अंतर्गत बरसोत पंचायत से रवाना किया गया। हजारीबाग सांसद Manish Jaiswal ने श्रद्धालुओं को हरी झंडी दिखाकर तीर्थ यात्रा के लिए विदा किया। इस जत्थे में कुल 65 श्रद्धालु शामिल हुए। यात्रा के दौरान पूरे क्षेत्र में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। श्रद्धालुओं के चेहरों पर आस्था, उत्साह और भावनाओं की झलक साफ दिखाई दे रही थी। सांसद मनीष जायसवाल ने वृद्ध महिला एवं पुरुष श्रद्धालुओं के पांव पखार कर उनका आशीर्वाद लिया तथा सभी की सुखद एवं मंगलमय यात्रा की कामना की। इस भावुक क्षण ने उपस्थित लोगों को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर सांसद मनीष जायसवाल ने कहा कि सांसद तीर्थ दर्शन महाअभियान का उद्देश्य उन बुजुर्गों को धार्मिक स्थलों के दर्शन कराना है, जो आर्थिक अथवा अन्य कारणों से जीवन में तीर्थ यात्रा नहीं कर पाते हैं। उन्होंने कहा कि बुजुर्गों की सेवा और उनके चेहरे पर मुस्कान लाना सबसे बड़ा सौभाग्य है। यह अभियान जनसेवा और आस्था का प्रभावी माध्यम बनता जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि अब तक 59 जत्थे विभिन्न पवित्र स्थलों का सफलतापूर्वक दर्शन कर चुके हैं और यह अभियान निरंतर जारी रहेगा। सांसद ने श्रद्धालुओं से यात्रा के दौरान स्वास्थ्य एवं सुरक्षा का विशेष ध्यान रखने की अपील भी की। कार्यक्रम में जिला परिषद उपाध्यक्ष किशुन यादव, सांसद प्रतिनिधि अजय साव, मुकुंद साव, रंजीत चंद्रवंशी, जिला परिषद प्रतिनिधि गुरुदेव गुप्ता, मुखिया संघ अध्यक्ष विजय यादव, मोतीलाल चौधरी, भगवान केशरी, नागेश्वर रजक, आकाश जायसवाल, सुजीत कुमार, दामोदर महतो, रामचन्द्र टुड्डू, रामचन्द्र कुशवाहा, महादेव महतो, इंद्रदेव रजवार, अजय रामराज, संगीता देवी, सुमित्रा देवी, प्रदीप कुशवाहा सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समाजसेवी और पार्टी पदाधिकारी उपस्थित थे। सभी ने श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ देते हुए उनकी सफल एवं मंगलमय यात्रा की कामना की।

# मानवता की सेवा ही सबसे बड़ा धर्म : एसडीएम

**● त्रिवेणीगंज सुपौल स्वंतत्र प्रभात प्रतिनिधि**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



विश्व रेडक्रॉस दिवस के अवसर पर रेडक्रॉस सोसायटी शाखा त्रिवेणीगंज की ओर से शुक्रवार को मुख्यालय स्थित अनुपलाल यादव महाविद्यालय सभागार में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत रेडक्रॉस के संस्थापक जीन हेनरी ड्यूनेंट की जयंती पर उनके चित्र पर एसडीएम, महाविद्यालय प्राचार्य, रेडक्रॉस पदाधिकारियों, सदस्यों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा पुष्पांजलि अर्पित कर की गई। इस अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से पहुंचे छात्र-छात्राओं के बीच 'मानवता को जीवित रखना' विषय पर भाषण प्रतियोगिता आयोजित हुई। प्रतिभागियों ने रेडक्रॉस के उद्देश्य, मानव सेवा और सामाजिक सहयोग के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में आकांक्षा कुमारी ने प्रथम, अशफाक आलम ने द्वितीय तथा पलक अग्रवाल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को एसडीएम, प्राचार्य, चेयरमैन एवं सचिव द्वारा डायरी, कलम सहित अन्य पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। रेडक्रॉस शाखा के अध्यक्ष सह अनुमंडल पदाधिकारी अभिषेक कुमार ने कहा कि विश्व रेडक्रॉस दिवस स्वयंसेवकों द्वारा जरूरतमंद लोगों की सहायता और उनके योगदान को सम्मानित करने के उद्देश्य से मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि रेडक्रॉस सोसायटी हर परिस्थिति में मानवता की सेवा के लिए कार्य करती है। संस्था का उद्देश्य मानवीय मूल्यों को बढ़ावा देना, आपदा के समय राहत पहुंचाना, स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करना तथा समाज में सहयोग और संवेदनशीलता की भावना विकसित करना है। उन्होंने युवाओं से समाज सेवा और रक्तदान जैसे कार्यों में बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील की। रेडक्रॉस के चेयरमैन मनोज रोशन ने कहा कि रेडक्रॉस एक अंतरराष्ट्रीय मानवीय संस्था है, जिसकी स्थापना जीन हेनरी ड्यूनेंट ने की थी। उनके जन्मदिवस 8 मई को पूरे विश्व में रेडक्रॉस दिवस के रूप में मनाया जाता है। संस्था का मुख्य उद्देश्य घायल, पीड़ित एवं आपदा प्रभावित लोगों की सहायता करना है। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. हेमंत कुमार ने छात्रों को रेडक्रॉस के इतिहास से अवगत कराते हुए कहा कि मानवता और सेवा की भावना ही समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों का भी निर्वहन करना चाहिए। जरूरतमंदों की सहायता करना और सहयोग की भावना विकसित करना ही सच्ची मानवता है। रेडक्रॉस के सचिव करण कुमार लड्डू ने कहा कि आज का दिन विशेष महत्व का है, क्योंकि इसी



दिन विश्व में रेडक्रॉस की स्थापना हुई थी। उन्होंने लोगों से प्रतिवर्ष कम-से-कम दो बार रक्तदान करने की अपील करते हुए कहा कि रक्तदान महादान है और इससे मानव शरीर पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन करते हुए एनएसएस कार्यक्रम पदाधिकारी प्रो. विद्यानंद यादव ने कहा कि रेडक्रॉस का मुख्य उद्देश्य मानव सेवा है। उन्होंने स्कूली बच्चों एवं एनएसएस स्वयंसेवकों से मानव सेवा के कार्यों में सक्रिय भागीदारी निभाने की अपील की। मौके पर प्रो. विनोद कुमार विमल, कृष्ण मुरारी अग्रवाल, जसप्रीत कौर, हीरेंद्र कुमार, संत सरोज, जितेंद्र कुमार उर्फ राजेश चौधरी , दीपक कुमार, सतीश कुमार आलोक सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं स्वयंसेवक उपस्थित थे।

# हल्दी रस्म के बीच दूल्हे को सांप ने काटा, शादी से पहले हुई मौत; बरात निकलने से पहले घर में मातम

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**पटना,बिहार ब्यूरो-** बिहार के मुंगेर के असरगंज से दिल दहला देने वाली घटना सामने आ रही है। जहाँ शादी से पहले हल्दी रस्म के दौरान 24 वर्षीय नीरज कुमार को सांप ने डंस लिया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। शुक्रवार को बारात जानी थी, लेकिन हादसे से परिवार और गांव में मातम छा गया। मुंगेर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां शादी की खुशियां देखते ही देखते मातम में बदल गई। हल्दी की रस्म के दौरान दूल्हे को सांप ने डंस लिया, जिसके बाद इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है। जानकारी के अनुसार, असरगंज थाना क्षेत्र के बड़ी कोरियन गांव में बुधवार को 24 वर्षीय नीरज कुमार की शादी की रस्में चल रही थीं। मृतक नीरज, गणेश सिंह और अर्चना देवी का इकलौता पुत्र था। घर में हल्दी और मेहंदी का कार्यक्रम चल रहा था और शादी की तैयारियां जोर-शोर से हो रही थीं। बताया जा रहा है कि इसी दौरान नीरज के मोबाइल पर किसी का फोन आया। फोन पर बात करते हुए वह घर से बाहर निकला, तभी किसी विषैले सांप ने उसे डंस लिया। घटना के बाद परिजनों ने उसे तुरंत असरगंज सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। वहां प्राथमिक इलाज के बाद उसकी हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उसे भागलपुर के मायागंज अस्पताल रेफर कर दिया, जहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। नीरज की मौत की खबर मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। जिस घर में शहनाइयां गूंजने वाली थीं, वहां अब चीख-पुकार और मातम पसरा हुआ है। परिजन शव को गांव लेकर पहुंचे, जहां विषहरी मंदिर में झाड़-फूंक और प्रार्थना का दौर जारी है। माता-पिता अपने बेटे के जीवित होने की मन्नत मांगते नजर आए। परिजनों के अनुसार, नीरज की शादी बेलहर प्रखंड के नवाडीह गांव निवासी मुन्ना प्रसाद सिंह की पुत्री चंपा कुमारी से तय हुई थी। गुरुवार को मंडप पूजन और शुक्रवार को बारात निकलनी थी, लेकिन शादी से पहले ही इस दर्दनाक हादसे ने दोनों परिवारों की खुशियां छीन लीं। परिजनों के मुताबिक, मृतक नीरज वीडियो ग्राफी का काम करता था और उसी से परिवार का भरण-पोषण होता था। घटना के बाद पूरे गांव में शोक का माहौल है और हर आंख नम है।

# 27.12 लाख से बनेगी जोड़ा ईनार स्कूल से कालीबाग मंदिर गेट तक की डबल लेन पीसीसी सड़कःगरिमा सिकारिया।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** महापौर गरिमा देवी सिकारिया ने बताया कि नगर निगम क्षेत्र में वार्ड-03 में जोड़ा इनार मिडिल स्कूल से ऐतिहासिक कालीबाग मंदिर के मेन गेट तक पीसीसी सड़क निर्माण कराया जाएगा। ई टेंडरिंग के माध्यम से इस कार्य की जिम्मेदारी शिवम कंस्ट्रक्शन को सौंपी गई है। महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि इस योजना की कुल प्राक्कलित राशि 27.39 लाख रुपये निर्धारित की गई है, जबकि नगर निगम प्रशासन द्वारा तकनीकी आधार पर कुल 27.12 लाख रूपये की ही स्वीकृत दी गई है। महापौर ने बताया कि वर्षो से जर्जर रही इस सड़क निर्माण को लेकर स्थानीय पार्षद सहमत अली द्वारा महापौर की अध्यक्षता वाली बोर्ड की बैठक में प्रस्ताव लाया गया था।जिसके आलोक में बोर्ड द्वारा पारित कर इस महत्वपूर्ण योजना के कार्यादेश को नगर आयुक्त शिवाक्षी दीक्षित द्वारा जारी किया गया है। नगर निगम, प्रशासन द्वारा जारी इस आदेश के तहत निर्माण कार्य तीन माह के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। कार्य की गुणवत्ता सुनिश्चित करने, निर्धारित मानकों के अनुरूप सामग्री उपयोग करने तथा मजदूरों को न्यूनतम मजदूरी देने की सख्त हिदायत दी गई है। इसके साथ ही महापौर श्रीमती सिकारिया ने बताया कि मापी पुस्तिका के आधार पर ही भुगतान करने, कार्य स्थल के पूर्व एवं पश्चात फोटोग्राफी अनिवार्य करने तथा विभागीय जांच के बाद ही राशि निर्गत करने का प्रावधान किया गया है। समय सीमा का उल्लंघन होने पर आर्थिक दंड की भी चेतावनी दी गई है।

# गुरुवार को शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना।** राजधानी पटना स्थित स्थित इंदिरा गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान (IGIMS) के नर्सिंग कॉलेज में छात्राओं का आक्रोश लगातार दूसरे दिन भी देखने को मिला। गुरुवार को शुरू हुआ विरोध प्रदर्शन शुक्रवार को भी जारी रहा, जहां सैकड़ों छात्राएं सुबह से ही कॉलेज गेट के सामने धरने पर बैठी रहीं और अपनी मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी करती नजर आई। बीएससी नर्सिंग की छात्राओं ने कॉलेज प्रशासन पर मानसिक प्रताड़ना, अपमानजनक व्यवहार, पक्षपातपूर्ण रवैया और परीक्षा परिणामों में अनियमितता जैसे गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रदर्शन में शामिल छात्राओं का कहना था कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, तब तक आंदोलन जारी रहेगा।

**'पढ़ाई के बजाय डर का माहौल '**

धरने में शामिल छात्राओं का कहना था कि वे बेहतर भविष्य और नर्सिंग शिक्षा के सपने लेकर कॉलेज आई थीं, लेकिन यहां उन्हें लगातार मानसिक दबाव और प्रताड़ना का सामना करना पड़ रहा है। छात्राओं ने आरोप लगाया कि छोटी-छोटी बातों पर उन्हें अपमानित किया जाता है और विरोध करने वालों को रिजल्ट व इंटरनल मार्क्स के जरिए दबाव में रखा जाता है।कई छात्राओं ने दावा किया कि कॉलेज और हॉस्टल दोनों जगह भय और असुरक्षा का वातावरण बना हुआ है। प्रदर्शन के दौरान कुछ छात्राएं भावुक भी नजर आई। उनका कहना था कि लगातार तनाव के कारण कई छात्राएं डिप्रेशन की स्थिति में पहुंच चुकी हैं।

**रिजल्ट को लेकर उठे सवाल**

प्रदर्शन कर रही छात्राओं ने विशेष रूप से कुछ विषयों के रिजल्ट पर सवाल खड़े किए। उनका आरोप है कि अच्छे प्रदर्शन के बावजूद कई छात्राओं को कम अंक दिए गए और बड़ी संख्या में छात्राओं को फेल किया गया। इससे छात्राओं के बीच असंतोष लगातार बढ़ता गया। छात्राओं का कहना है कि परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रिया पूरी तरह पारदर्शी होनी चाहिए और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराई जानी चाहिए। फैकल्टी के समर्थन से बढ़ा दबाव आंदोलन को नया मोड़ तब मिला जब कॉलेज की कुछ फैकल्टी टीचर भी छात्राओं के समर्थन में सामने आ गई। शिक्षकों ने भी प्रशासनिक व्यवहार पर नाराजगी जताई और कहा कि कार्य विभाजन तथा ड्यूटी व्यवस्था में भी कई बार अनावश्यक दबाव बनाया जाता है। फैकल्टी सदस्यों के समर्थन के बाद यह मामला केवल छात्राओं की शिकायत तक सीमित नहीं रहा, बल्कि कॉलेज के समग्र प्रशासनिक माहौल पर सवाल उठने लगे हैं। पहले भी उठ चुकी हैं शिकायतें छात्राओं के अनुसार यह पहली बार नहीं है जब कॉलेज प्रशासन के खिलाफ आवाज उठाई गई हो। इससे पहले भी शिकायतें की गई थीं, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। छात्राओं का आरोप है कि शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय उन्हें दबाने की कोशिश की गई। प्रशासन ने बनाई जांच समिति मामले को लेकर कॉलेज प्रशासन ने जांच समिति गठित करने की बात कही है। वहीं छात्राओं ने स्पष्ट कर दिया है कि जब तक उनकी मांगों पर ठोस कार्रवाई नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा।फिलहाल ढ्ढत्नढ्ढरूस् नर्सिंग कॉलेज का यह विवाद राजधानी के शैक्षणिक और स्वास्थ्य संस्थानों में चर्चा का विषय बना हुआ है। छात्राओं की मांग है कि उन्हें सुरक्षित, सम्मानजनक और तनावमुक्त शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराया जाए।

# जिला पदाधिकारी के जनसुनवाई कार्यक्रम में 95 मामलों की हुई सुनवाई। कई मामलों का मौके पर ही हुआ निपटारा।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**बेतिया।** जिला मुख्यालय स्थित समाहरणालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में जिलाधिकारी तरनजोत सिंह ने एक-एक कर सभी फरियादियों की शिकायतें सुनीं और उनके समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। कार्यक्रम के दौरान 95 मामलों की सुनवाई की गई। इनमें भूमि विवाद, राजस्व संबंधी मुद्दे, सामाजिक सुरक्षा पेंशन, प्रधानमंत्री आवास योजना, बिजली आपूर्ति, पेयजल व्यवस्था, सड़क निर्माण व मरम्मत तथा राशन कार्ड से जुड़ी शिकायतें प्रमुख रहीं। कई मामलों में जिलाधिकारी के हस्तक्षेप से मौके पर ही समाधान कर दिया गया, जिससे लोगों को तत्काल राहत मिली। जनसुनवाई में अब्दुल कलाम, कुसुम देवी, शिवजी प्रसाद, शोभा देवी, बच्चा राम, मालती देवी, ललिता देवी, रामदेव महतो, सुरेश साह, पूनम देवी, इंदु देवी, हसरत अली, यमुना यादव सहित अन्य आवेदकों ने अपनी समस्याएं प्रशासन के समक्ष रखीं। यह कार्यक्रम सात निश्चय-3 के तहत चलाए जा रहे सबका सम्मान-जीवन आसान अभियान के अंतर्गत आयोजित किया गया। जिले के विभिन्न प्रखंडों और पंचायतों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं सीधे प्रशासन के समक्ष रखीं। जनसुनवाई के दौरान उप विकास आयुक्त काजले वैभव नितिन, अपर समाहर्ता राजीव रंजन सिन्हा, जिला भू-अर्जन पदाधिकारी अमरेन्द्र कुमार, वरीय उप समाहर्ता, रोचना माद्री, पीजीआरओ, बेतिया, मासूम अंसारी सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एकदिवसीय संगोष्ठी सह जयंती समारोह ।

**बेतिया।** रेड क्रॉस भवन, बेतिया मे प्रथम शांति नोबेल पुरस्कार विजेता सर जिन हेनरी डुनांट जयंती सह विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर एकदिवसीय संगोष्ठी रेड क्रॉस के चेयरमैन डॉ. सुशील प्रसाद चौधरी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। सर्वप्रथम उनके तैल चित्र पर सभी ने पुष्पांजलि एवं श्रद्धा सुमन अर्पित किया। उक्त अवसर पर अध्यक्ष ने कहा, रेड क्रॉस के संस्थापक सर जिन हेनरी डुनांट एक महान मानवतावादी, सामाजिक कार्यकर्ता एवं शांति के प्रथम नोबेल पुरस्कार विजेता थे। रेड क्रॉस पूरे विश्व में मानवता की निस्वार्थ सेवा में सदैव तत्पर रहता है। वाइस चेयरमैन ने कहा, आपदा की घड़ी मे जरूरतमंदों की सेवा में रेड क्रॉस के सदस्य निस्वार्थ, निष्पक्ष सेवा करते हैं। संयुक्त सचिव जगदेव प्रसाद ने कहा सर जिन हेनरी डुनांट की जयंती विश्व रेड क्रॉस दिवस के रूप में प्रत्येक वर्ष 8 मई को पूरे विश्व में मनाया जाता है। रेड क्रॉस बिना भेदभाव के असहायों, अग्निपीड़ित, बाढ़पीड़ित, ठंड एवं शीतलहर मे, स्वास्थ्य शिविर एंव रक्तदान में जरूरतमंदो की निःस्वार्थ सेवा करता है। संगोष्ठी में प्रबंध समिति सदस्य लालबाबू प्रसाद, डॉ. समसुल हक, सैयद शकील अहमद, अनुज कुमार, डॉ. इन्तेसारुल हक रेमी पीटर, प्रेम कुमार दास आजीवन सदस्य, डॉ श्याम चंद्रगुप्त, इमरान कुरेशी, दीपक वर्मा, प्रदीप केसान नंदलाल आर्य, अरुण बरनवाल, कृष्णा प्रसाद स्टॉफ महेंद्र, अजय शामिल हुए।

## संक्षिप्त खबरें

### बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत ,अब स्मार्ट प्रीपेड मीटर होंगे पोस्टपेड



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** –जिलाधिकारी चर्चित गौड़ ने अवगत कराया है कि उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने बिजली उपभोक्ताओं के हित में एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए आर.डी.एस.एस. ऋष्ठस्स् योजना के तहत लगे सभी स्मार्ट प्रीपेड मीटरों को पोस्टपेड मोड में बदलने का आदेश जारी किया है। प्रबन्ध निदेशक उ.प्र. पाकालि0 के निर्देशानुसार अब उपभोक्ताओं को पहले बिजली इस्तेमाल करने और बाद में भुगतान करने की सुविधा मिलेगी। प्रीपेड से पोस्टपेड का बदलाव मुख्यालय स्तर से ऋऋस् बैकएंड के जरिए किया जाएगा, जिसके लिए उपभोक्ताओं को कहीं जाने की आवश्यकता नहीं है। डिजिटल बिलिंग माह मई-2026 का बिल जून में पोस्टपेड पद्धति से जारी होगा। उपभोक्ताओं को उनके बिल एसएमएस और व्हाट्सएप के माध्यम से सीधे मोबाइल पर प्राप्त होंगे। निश्चित समय सीमारू विभाग द्वारा हर महीने की 10 तारीख तक बिल उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाएगा। यदि नेटवर्क समस्या के कारण ऑटोमैटिक रीडिंग नहीं आती है, तो कर्मचारी घर आकर मैनुअल रीडिंग लेंगे। नए कनेक्शन अब से सभी नए बिजली कनेक्शन केवल स्मार्ट पोस्टपेड मोड में ही जारी किए जाएंगे। बकाया भुगतान और किस्तों की सुविधारू उपभोक्ताओं को आर्थिक बोझ से बचाने के लिए विभाग ने किस्तों की विशेष व्यवस्था की है घरेलू उपभोक्ता 30 अप्रैल 2026 तक के पुराने बकाये को 10 आसान किस्तों में जमा कर सकेंगे। सिक्युरिटी राशि पूर्व में जमा की गई सिक्युरिटी धनराशि को जून से अगले 4 महीनों के बिलों में वापस समायोजित किया जाएगा। नियमों के अनुसार, बिल जारी होने के बाद भुगतान के लिए 15 दिन का समय मिलेगा। उपभोक्ताओं की सहायता और शिकायतों के समाधान के लिए विभाग द्वारा 'विशेष कैंपों' का आयोजन भी किया जाएगा।

### जगीं आंस - विभिन्न ट्रेनों के ठहराव को लेकर पलामू झारखण्ड सांसद बी डी राम से दुद्धी का प्रतिनिधि मण्डल मिला



**दुद्धी/ सोनभद्र** –आदिवासी व औद्योगिक बाहुल्य सर्वाधिक राजस्व देने वाला, चार प्रान्तो से घिरा दुद्धी नगर रेलवे स्टेशन जहाँ से हजारों यात्रियों का आवागमन देश की राजधानी दिल्ली, उत्तर प्रदेश के राजधानी लखनऊ, भोपाल, मुंबई,अहमदाबाद तक जाने के लिए विभिन्न सरकारी / अर्द्ध सरकारी संस्थाओं के कर्मचारी के आवागमन के मद्देनजर पलामू झारखण्ड के लोकप्रिय सांसद विष्णु दयाल राम से दुद्धी के चेयरमैन कमलेश मोहन व दुद्धी बार एसोसिएशन अध्यक्ष कुलभूषण पाण्डेय सहित 7 सदस्यी प्रतिनिधिमण्डल ने विभिन्न ट्रेनों रांची-दिल्ली राजधानी एक्सप्रेस ट्रेन नंबर 12453 व 12454 , स्वर्ण जयंती एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 12873 व 12874 , हावड़ा भोपाल एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 13025 व 13026, त्रिवेणी एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -14369 व 14370 , धनबाद मुंबई ( स्नुञ्ज ) एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -13379 व 13380, कोलकाता मदार वाया अजमेर एक्सप्रेस ट्रेन संख्या -19607 व 19608, कोलकात्ता अहमदाबाद एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 19413 व 19414 एवं अन्य प्रस्तावित ट्रेनों के ठहराव को लेकर नगर पंचायत दुद्धी चेयरमैन कमलेश मोहन, दुद्धी बार एसोसिएशन व सिविल बार एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल कुलभूषण पांडे एडवोकेट ( अध्यक्ष ), जितेन्द्र कुमार श्रीवास्तव एडवोकेट , दिनेश कुमार गुप्ता एडवोकेट (सचिव ) एवं भाजपा प्रबुद्ध प्रकोष्ठ मण्डल दुद्धी संयोजक जितेन्द्र कुमार चन्द्रवंशी व अधिवक्ता प्रदीप सिंह एडवोकेट , राजीव रंजन एडवोकेट आदि प्रतिनिधि मंडल ने पलामू झारखंड के सांसद विष्णु दयाल राम उर्फ बी डी राम से निज निवास डॉलटेनगंज (झारखण्ड) में जाकर शिष्टाचार भेंट कर ट्रेनों के ठहराव की मांग की। प्रतिनिधिमंडल के जनहित के मांग पर तत्काल दूरभाष से संबंधित से वार्ता करते हुए रेल मंत्रालय के पटल पर रखने का आश्वासन दिया।

## संभावित सूखे से निपटने हेतु प्रशासन पूरी तरह सतर्क, सभी विभाग समय से पूर्ण करें तैयारियां-मुख्य विकास अधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – जिलाधिकारी चर्चित गौड़ के निर्देशन में शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में संभावित सूखे की स्थिति से प्रभावीढंग से निपटने एवं सूखा राहत कार्य योजना तैयार किए जाने के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी जागृति अवस्थी की अध्यक्षता में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों की तैयारियों की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी ने बैठक के दौरान कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप सूखा राहत योजना से जुड़े सभी विभाग अपनी तैयारियां समयबद्ध एवं प्रभावी ढंग से पूर्ण कर लें, जिससे जनपद में किसी भी प्रकार की आपात स्थिति उत्पन्न होने पर तत्काल राहत उपलब्ध कराई जा सके। उन्होंने जल संरक्षण को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए निर्देशित किया कि तालाबों, पोखरों एवं अन्य जल स्रोतों में पर्याप्त मात्रा में पानी भरने की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। साथ ही ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में आमजन को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु वैकल्पिक व्यवस्थाएं भी समय रहते तैयार कर ली जाएं। उन्होंने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित करते हुए कहा कि गर्मी एवं दूषित जल से फैलने वाली बीमारियों की रोकथाम हेतु व्यापक जनजागरूकता अभियान संचालित किया जाए। चिकित्सा केंद्रों पर आवश्यक दवाओं, ओआरएस, पेयजल जांच किट एवं अन्य जरूरी संसाधनों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाए ताकि आमजन को त्वरित स्वास्थ्य सुविधाएं प्राप्त हो सकें। बैठक में सिंचाई विभाग को निर्देशित किया गया कि नहरों के संचालन के दौरान जल आपूर्ति व्यवस्था सुचारु रखी जाए तथा आवश्यकता अनुसार तालाबों एवं जलाशयों में पानी पहुंचाने की कार्ययोजना तैयार की जाए, जिससे किसानों को सिंचाई संबंधी समस्याओं का सामना न करना पड़े। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी वि0/रा0 वागीश कुमार शुक्ला ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि निर्धारित रोस्टर के अनुसार निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाए। उन्होंने कहा कि विद्युत संबंधी शिकायतों का त्वरित निस्तारण किया जाए तथा गर्मी के मौसम में आमजन को किसी प्रकार की असुविधा न होने पाए। बैठक में सभी संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## शिक्षा जगत में क्रांति ला रहा 'टीचर्स ऑफ बिहार'

**● प्रदेश की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी बनी मिसाल**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**पटना/ बिहार**– बिहार की शिक्षा व्यवस्था में सकारात्मक बदलाव और शिक्षकों के कौशल विकास को लेकर टीचर्स ऑफ बिहार एक सशक्त मंच के रूप में उभरा है। वर्तमान में यह प्रदेश की सबसे बड़ी प्रोफेशनल लर्निंग कम्युनिटी बन चुकी है, जहाँ हजारों शिक्षक तकनीक और नवाचार के माध्यम से एक-दूसरे से सीख रहे हैं।

**तकनीक से सुदृढ़ हो रही शिक्षाः संस्थापक व तकनीकी टीम**

समूह के संस्थापक शिव कुमार एवं टेक्निकल टीम लीडर ई. शिवेंद्र प्रकाश सुमन ने संयुक्त रूप से कहा कि, हमारा मुख्य उद्देश्य बिहार के शिक्षकों को डिजिटल युग की चुनौतियों के लिए तैयार करना है। 'टीचर्स ऑफ बिहार' केवल एक समूह नहीं, बल्कि एक विजन है जहाँ हर शिक्षक को अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने और नई शिक्षण विधियों को सीखने का समान अवसर मिल रहा है। हम तकनीक के माध्यम से शिक्षा को अंतिम पायदान पर खड़े छात्र तक पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध हैं।

मीडिया और सूचना का सशक्त माध्यम संगठन की पहुँच और इसके कार्यों को जन-जन तक पहुँचाने की दिशा में प्रदेश प्रवक्ता रंजेश कुमार एवं प्रदेश मीडिया संयोजक मृत्युंजय कुमार ने कहा कि आज के समय में सूचनाओं का सही और त्वरित आदान-प्रदान बहुत आवश्यक है। 'टीचर्स ऑफ बिहार' न केवल शिक्षकों की समस्याओं को रचनात्मक मंच प्रदान करता है, बल्कि बिहार के सरकारी स्कूलों में हो रहे बेहतरीन कार्यों को दुनिया के सामने सकारात्मक बिहार' के रूप में पेश भी कर रहा है। हमारी टीम निरंतर धरातल पर शिक्षकों की आवाज़ बन रही है।आयोजन और नवाचार की नई राह संगठन द्वारा आयोजित होने वाले कार्यक्रमों पर प्रकाश डालते हुए इवेंट लीडर केशव कुमार ने बताया कि, 'हम समय-समय पर राज्य स्तरीय वेबिनार, कार्यशालाएं और नवाचारी गतिविधियों का आयोजन करते हैं। इन आयोजनों का उद्देश्य शिक्षकों के भीतर छिपे नेतृत्व गुणों को उभारना और उन्हें शिक्षण के आधुनिक तौर-तरीकों से परिचित कराना है। आने वाले दिनों में हम कई और बड़े शैक्षणिक कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार कर रहे हैं। टीचर्स ऑफ बिहार' की मुख्य विशेषताएं-प्रोफेशनल नेटवर्किंगः बिहार के 38 जिलों के शिक्षकों का एक मंच पर जुड़ाव। स्किल डेवलपमेंटः आईसीटी और टीएलएम निर्माण में शिक्षकों को दक्ष बनाना सकारात्मक पत्रकारिताः स्कूलों की सफलता की कहानियों का व्यापक प्रचार-प्रसार। डिजिटल लाइब्रेरीः शिक्षकों के लिए ई-कंटेंट और शिक्षण सामग्री की उपलब्धता। आज टीचर्स ऑफ बिहार' अपनी सक्रियता और रचनात्मकता के कारण न केवल राज्य बल्कि राष्ट्रीय स्तर पर अपनी पहचान बना रहा है। इस मंच ने यह साबित कर दिया है कि यदि शिक्षक ठान लें, तो सरकारी विद्यालयों की तस्वीर और तकदीर दोनों बदली जा सकती है।

## बमरोला में चकबंदी प्रक्रिया पर उठे सवाल

**● लेखपाल पर धांधली और पक्षपात के आरोप**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**ललितपुर।** जनपद की तहसील क्षेत्र के ग्राम बमरोला में चल रही चकबंदी प्रक्रिया अब विवादों के घेरे में आ गई है। गांव के किसानों और ग्रामीणों ने चकबंदी लेखपाल एवं राजस्व कर्मियों पर नियमों की अनदेखी कर मनमानी करने, गरीब किसानों की भूमि में कटौती करने तथा प्रभावशाली लोगों को लाभ पहुंचाने के गंभीर आरोप लगाए हैं। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी को शिकायती पत्र सौंपकर मामले की निष्पक्ष जांच कराने और न्याय दिलाने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि चकबंदी के दौरान गरीब किसानों की भूमि में 20 से 30 डिसमिल तक कटौती की जा रही है, जबकि संपन्न और प्रभावशाली लोगों से कथित सांठगांठ कर उन्हें उनकी पसंद के स्थानों पर चक आवंटित किए जा रहे हैं। किसानों का कहना है कि इस प्रक्रिया में पारदर्शिता नहीं बरती जा रही और नियमों को ताक पर रखकर कार्य किया जा रहा है। शिकायत में ग्रामीणों ने कई उदाहरण भी प्रस्तुत किए हैं। आरोप है कि एक किसान की 9 एकड़ भूमि अभिलेखों में घटाकर 7 एकड़ दर्ज कर दी गई, जबकि मौके पर मात्र 6 एकड़ भूमि ही नापी गई। इसी प्रकार 1.80 एकड़ भूमि के स्थान पर केवल 1.62 एकड़ ही नापे जाने का आरोप लगाया गया है। किसानों ने यह भी कहा कि जिन स्थानों पर उनकी वर्षों से खेती होती रही और जहां सिंचाई के साधन उपलब्ध हैं, वहां चक देने के बजाय उन्हें सड़क के दूसरी ओर या कम उपयोगी स्थानों पर भेजा जा रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि पहले उन्हें पुरानी जोत के आसपास चक देने का आश्वासन दिया गया था, लेकिन बाद में मनमाने ढंग से बदलाव कर दिए गए। ग्रामीणों ने यह भी आरोप लगाया कि जब उन्होंने इस अनियमितता का विरोध किया तो संबंधित कर्मियों द्वारा और अधिक भूमि काटने की धमकी दी गई। इससे किसानों में आक्रोश व्याप्त है। ग्रामीणों ने जिलाधिकारी से मांग की है कि ग्राम बमरोला में चकबंदी प्रक्रिया की निष्पक्ष जांच कराई जाए, भूमि की कटौती समान नियमों के तहत की जाए तथा किसानों को उनकी मूल जोत के आसपास ही चक आवंटित किया जाए। शिकायत दर्ज कराने वालों में जीवनलाल, मोहनलाल, रामलाल, मंतराम, प्रकाश, हीरा, स्वदेश, साधुराम और हरदास सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे।

### भैरों बाबा मंदिर मार्ग पर सीसी रोड निर्माण की मांग विधायक प्रतिनिधि को सौंपा ज्ञापन

**ललितपुर।** शहर के वार्ड संख्या 9 स्थित बसुन्धरा कॉलोनी चांदमारी क्षेत्र के निवासियों ने लंबे समय से बदहाल पड़े कच्चे मार्ग को लेकर आवाज उठाई है। क्षेत्रवासियों ने सदर विधायक के नाम संबोधित ज्ञापन उनके पुत्र श्रीकांत कुशवाहा को सौंपते हुए पी.के.उपाध्याय के मकान से भैंरों बाबा मंदिर तक लगभग 250 से 300 मीटर सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की। क्षेत्रवासियों ने बताया कि उक्त मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों की संख्या में स्थानीय लोग एवं श्रद्धालु आवागमन करते हैं। मार्ग पर स्थित सैकड़ों वर्ष पुराने भैंरों बाबा मंदिर में सुबह-शाम श्रद्धालुओं का आना-जाना लगा रहता है। सुबह के समय कई श्रद्धालु बिना जूते-चप्पल के मंदिर जाते हैं, लेकिन कच्चे और ऊबड़-खाबड़ रास्ते पर कांटे, पत्थर व गंदगी होने के कारण उन्हें परेशानी का सामना करना पड़ता है। स्थानीय लोगों ने बताया कि बारिश के मौसम में मार्ग की स्थिति और भी खराब हो जाती है। घरों से निकलने वाला गंदा पानी रास्ते पर भर जाने से आवागमन बाधित होता है, साथ ही संक्रमण और गंभीर बीमारियों का खतरा भी बना रहता है। क्षेत्रवासियों ने जनहित और श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जल्द से जल्द सीसी रोड निर्माण कराए जाने की मांग की। ज्ञापन सौंपने के दौरान रोहित सुड़ेले, देवेन्द्र राजपूत एड., पूनम, कोमल, रचना सुड़ेले, सौरभ, विशेष त्रिपाठी, विवेक त्रिपाठी, सी.एल. यादव, जितेन्द्र तिवारी, रविशंकर, अभिनव, रामधन सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## पुलिस अधीक्षक सोनभद्र द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में शुक्रवार परेड की सलामी लेकर किया गया निरीक्षण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सोनभद्र / उत्तर प्रदेश** – शुक्रवार दिनांक 08.05.2026 को पुलिस अधीक्षक सोनभद्र अभिषेक वर्मा द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन चुर्क में आयोजित साप्ताहिक शुक्रवार परेड की सलामी ली गयी तथा परेड का गहन निरीक्षण किया गया। परेड निरीक्षण के उपरांत पुलिस कर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से स्वस्थ, सजग एवं अनुशासित बनाए रखने हेतु दौड़ करायी गयी तथा टोलीवार ड्रिल के माध्यम से एकरूपता एवं अनुशासन का अभ्यास कराया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक द्वारा यू0पी0-112 एवं विभिन्न थानों से आये वाहनों की सघन चेकिंग की गयी। इस दौरान पीआरवी वाहनों पर उपलब्ध दंगा नियंत्रण उपकरण, सुरक्षा सामग्री, वायरलेस सेट, प्राथमिक उपचार किट एवं अन्य आवश्यक संसाधनों का निरीक्षण कर उनकी कार्यशीलता परखी गयी। साथ ही वाहन चालकों एवं पुलिस कर्मियों को वाहनों के रख-रखाव, उपकरणों की नियमित जांच एवं तत्परता बनाए रखने हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। तत्पश्चात क्वार्टर गार्द पर तैनात सलामी गार्द द्वारा पुलिस अधीक्षक महोदय को सलामी दी गयी, जिसका अभिवादन स्वीकार करते हुए गार्द रजिस्टर पेशी की गयी। इस अवसर पर महोदय द्वारा पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, परिवहन शाखा, स्टोर, मेस, गैस गोदाम, पुलिस बैरक एवं सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण कर साफ-सफाई, अभिलेखों के सुव्यवस्थित रख-रखाव एवं व्यवस्थाओं को बेहतर बनाए रखने हेतु सम्बन्धित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये। पुलिस अधीक्षक महोदय द्वारा मेस का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता, साफ-सफाई एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया। साथ ही परेड में सम्मिलित पुलिस कर्मियों से शस्त्र खुलवाकर उनकी कार्यकुशलता एवं प्रशिक्षण स्तर की जांच की गयी तथा विभिन्न थानों से आये आरक्षियों की बीट बुक का निरीक्षण कर आवश्यक दिशा-निर्देश प्रदान किये गये।

## सफलता के पायदान तय करने के लिए कठोर परिश्रम है जरूरी- विधायक

**● विद्या मंदिर की मेधावी प्रतिभाएं हुईं सम्मानित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**कोंच(जालौन)**– हाल ही में घोषित यूपी बोर्ड परीक्षा के परिणाम में अपनी मेधा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नगर व जिले में स्थान अर्जित करने वाले छात्रों के अलावा अच्छे नंबरों में हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षा उत्तीर्ण करने वाले सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज के छात्रों को विद्यालय प्रशासन और प्रबंधन द्वारा समारोह आयोजित कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि क्षेत्रीय विधायक मूलचंद्र निरंजन ने कहा, जो आज छात्र हैं वो कल नागरिक बन कर देश की उन्नति में अपना हाथ बंटाएंगे। सफलता के पायदान तय करने के लिए कठोर परिश्रम बेहद जरूरी है क्योंकि एक बार अगर रेस में पिछड़ गए तो भविष्य भी दांव पर लग सकता है। उन्होंने सभी छात्रों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की।

कस्बे के अग्रणी शिक्षण संस्थान सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज परिवार के लिए यह क्षण अत्यंत गौरव एवं हर्ष का रहा जब इसके मेधावी छात्रों ने हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए कोंच नगर में प्रथम व तृतीय तथा जनपद में तृतीय एवं आठवां स्थान प्राप्त कर विद्यालय, नगर एवं जनपद का नाम गौरवान्वित किया। इसके अलावा विद्यालय के प्रतिभाशाली छात्रों द्वारा आईआईटी परीक्षा उत्तीर्ण कर सफलता का नया इतिहास रच डाला। ऐसे मेधावी एवं प्रतिभाशाली छात्रों को सम्मानित करने के लिए विद्यालय परिसर में भव्य सम्मान समारोह का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता प्रो. वीरेंद्र सिंह ने की और बतौर मुख्य अतिथि विधायक मूलचंद्र निरंजन एवं विशिष्ट अतिथि नगर पालिका चेयरमैन प्रदीप गुप्ता मंचस्थ रहे। अतिथियों द्वारा छात्रों को मंच पर सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। समारोह के दौरान बोर्ड परीक्षा एवं प्रतियोगी परीक्षाओं में उत्कृष्ट सफलता प्राप्त करने वाले छात्रों को प्रशस्ति पत्र, स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। हाईस्कूल परीक्षा में देवराज ने 94.33 फीसदी अंकों के साथ जिले में तीसरा एवं सुलभ ने 93.33 प्रतिशत अंक प्राप्त कर जिले में आठवां स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आयुष सिंह 91.66, शिवांशु राठौर व निखिल ने 91.33 तथा नितिन ने 91 फीसदी अंक प्राप्त किए। इंटरमीडिएट परीक्षा में हर्षित गुप्ता 86.20, शिव गुप्ता 85.60, राहुल नगाइच 84.80, संदीप साहू 84.40 तथा निशांत ने 81.60 प्रतिशत अंकों के साथ परीक्षा पास की। इन सभी को प्रशस्ति पत्र एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। संचालन राजेंद्र द्विवेदी ने किया। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रबंधक आनंद समरया, विभाग सेवा प्रमुख राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ पूरनलाल, भारत विकास परिषद के अध्यक्ष रामबाबू निरंजन, एक्सिस बैंक प्रबंधक, नीमा अध्यक्ष डॉ. आलोक निरंजन, शंभू दयाल स्वर्णकार, श्रीकांत गुप्ता, विद्यालय के प्रधानाचार्य नारायण दत्त जोशी आदि मौजूद रहे।

## दूसरी मंजिल पर कमरे में सो रहे बच्चे पर कब्रबिज्जू का हमला, घायल

**●हमले से मोहल्ले में दहशत, सूचना के बाद भी नहीं आयी वन विभाग की टीम**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता





**कोंच(जालौन)**– नगर की बीच बस्ती में बने एक मकान की दूसरी मंजिल पर कमरे के अंदर सो रहे बच्चे पर आधी रात कब्रबिज्जू ने हमला कर दिया। वहीं डर के मारे घायल बच्चे सहित परिजन कमरे से बाहर आए और कब्रबिज्जू को कमरे में बंद कर वन विभाग को सूचना दी, लेकिन सूचना के बाद भी वन विभाग की टीम मौके पर नहीं पहुंची जिसके बाद मोहल्ले वालों की मदद से कब्रबिज्जू को जाल में बंद कर सुरक्षित स्थान पर छुड़वा दिया गया। घटना के बाद मोहल्ले के लोगों में डर का माहौल है। परिजनों ने कोंच सीएचसी में घायल बच्चे को भर्ती कराया जहां प्राथमिक उपचार के बाद एंटी रेबीज की डोज देकर बच्चे की छुट्टी कर दी गई। जानकारी के अनुसार, कस्बे के तिलक नगर निवासी संजीव कुशवाहा गुरुवार की रात अपनी पत्नी रूबी व बच्चों सक्षम (9) और देवास (5) के साथ घर की दूसरी मंजिल पर बने कमरे में सो रहे थे तभी आधी रात छत के रास्ते से कब्रबिज्जू कमरे में घुस आया और परिजनों के साथ सो रहा सक्षम पर हमला कर दिया जिससे वह चीख पड़ा, बच्चे की चीख सुनकर परिजन जाग उठे। माता-पिता दोनों बच्चों को उठाकर कमरे से बाहर निकल आये और कमरे में कब्रबिज्जू को बंद कर दिया। घर में मची चीख-पुकार सुनकर मोहल्ले के लोग भी आ गए और इसकी सूचना वन विभाग को दी, लेकिन काफी देर तक जब वन विभाग की टीम मौके पर नहीं आई तो मोहल्ले वालों की मदद से कब्रबिज्जू को जाल में बंद कर उसे सुरक्षित स्थान पर छुड़वा दिया गया। घायल सक्षम को सुबह सीएचसी में भर्ती कराया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद उसे एंटी रेबीज की डोज देकर उसकी छुट्टी कर दी गई। इस घटना से मोहल्ले में दहशत का माहौल है। लोगों का कहना है कि रात दिन यहां आसपास कब्र बिज्जू घूम रहे हैं जिससे बच्चों को हर समय खतरा बना हुआ है।

## 200 से अधिक लाभार्थियों को 10 करोड़ के ऋण वितरित

**● पीएनबी के मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम आयोजित**

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**ललितपुर।** पंजाब नेशनल बैंक के मंडल कार्यालय एवं अग्रणी बैंक द्वारा शुक्रवार को विकास भवन सभागार में मेगा कृषि आउटरीच कार्यक्रम का आयोजन किया गया। अध्यक्षता मंडल प्रमुख के.एल. भैरवा ने की। मुख्य अतिथि जिलाधिकारी सत्यप्रकाश उपस्थित रहे। साथ ही सीडीओ शेषनाथ, प्रधान कार्यालय से उप महाप्रबंधक दिलीप गहलोत तथा अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही। जिलाधिकारी सत्यप्रकाश ने बैंक की पहल की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं और किसानों को आर्थिक रूप से सशक्त बनाने के लिए ऐसे कार्यक्रम ब्लॉक और ग्रामीण स्तर तक आयोजित किए जाने चाहिए। उन्होंने लोगों से बैंकिंग सेवाओं का अधिकाधिक लाभ लेने, ऋण समय पर जमा करने तथा साहूकारों के चंगुल से बाहर निकलकर संस्थागत बैंकिंग व्यवस्था से जुड़ने का आह्वान किया। सीडीओ शेषनाथ ने शिक्षा और वित्तीय जागरूकता पर जोर देते हुए कहा कि नई पीढ़ी को आर्थिक रूप से शिक्षित करना समय की आवश्यकता है। वहीं जिला कृषि अधिकारी राजीव भारती ने किसानों को कृषि विभाग की योजनाओं और खरीफ फसल के लिए उपलब्ध कराए जा रहे मुफ्त बीजों की जानकारी दी। मंडल प्रमुख के.एल. भैरवा ने बताया कि बैंक का उद्देश्य स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से महिलाओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाना है। उप महाप्रबंधक दिलीप गहलोत ने कहा कि किसान और महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होंगे तभी विकसित भारत का सपना साकार होगा। इस दौरान स्वयं सहायता समूह, किसान क्रेडिट कार्ड, किसान गोल्ड कार्ड, पशुपालन एवं अन्य योजनाओं के तहत 200 से अधिक लाभार्थियों को करीब 10 करोड़ रुपये के ऋण वितरित किए गए। बैंक अधिकारियों ने बताया कि सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के अंतर्गत जिले में अब तक प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना में 4,375, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में 17,095 और अटल पेंशन योजना में 6,175 लाभार्थियों को जोड़ा जा चुका है। कार्यक्रम में बैंक अधिकारियों, नाबार्ड प्रतिनिधियों, शाखा प्रभारियों एवं करीब 250 महिला-पुरुष लाभार्थियों ने सहभागिता की। अंत में अग्रणी जिला प्रबंधक हरीश कुमार ने सभी अतिथियों एवं प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

## संक्षिप्त खबरें

### जनगणना 2027 के तहत शिक्षक विधायक ने किया स्व-गणना



**सिद्धार्थनगर।** स्व -जनगणना अभियान को सफल बनाने के लिए शुक्रवार को तहसील और नगर पंचायत प्रशासन ने जागरूकता कार्यक्रम किया। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी के मथुरा नगर वार्ड स्थित आवास पर पहुंच कर एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य, ईओ अभिनव श्रीवास्तव ने स्व-जनगणना की प्रक्रिया शुरू कराई। शिक्षक विधायक ध्रुव कुमार त्रिपाठी ने कहा कि जनगणना-2027 के तहत 7 से 21 मई तक स्वप्रेरणा से स्व-जनगणना अभियान चलाया जा रहा है। इसके माध्यम से परिवार स्वयं अपनी जानकारी जनगणना पोर्टल पर दर्ज कर सकते हैं। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म व्हाट्सएप, फेसबुक और इंस्टाग्राम आदि पर स्व-जनगणना से जुड़ी जानकारी साझा करने तथा हैशटैग का उपयोग करते हुए सहभागिता बढ़ाने की अपील की। एसडीएम कल्याण सिंह मौर्य ने कहा कि भारत सरकार द्वारा पहली बार नागरिकों को अपने मोबाइल फोन के माध्यम से स्वयं जनगणना करने की सुविधा दी गई है, जिससे प्रक्रिया अधिक आसान, पारदर्शी और समयबद्ध बनेगी। उन्होंने बताया कि स्व-जनगणना का कार्य 21 मई 2026 तक किया जा सकेगा। इसके लिए नागरिकों को जनगणना पोर्टल पर मोबाइल नंबर के माध्यम से पंजीकरण करना होगा। इसके बाद 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणक दल घर-घर पहुंचकर मकान सूचीकरण एवं गणना कार्य करेंगे। इस दौरान रामेश्वर पांडेय, मयंक पांडेय, मजीबुल्लाह, डा. आसिफ आदि मौजूद रहे।

### समर्थन जुटाने के लिए अधिवक्ताओं ने जत्थे के साथ भरी हुंकार, मची गहमागहमी

**लालगंज, प्रतापगढ़।** संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में शुक्रवार को तहसील तथा दीवानी परिसर में प्रत्याशियों की जोर आजमाईश दिखी। अगले दो दिनों शनिवार व रविवार को अवकाश होने के कारण प्रत्याशियों ने समर्थक साथियों के जत्थे के साथ परिसर में घूम घूम कर समर्थन का माहौल खड़ा करने का भरपूर प्रयास दिन भर जारी रखा। परिसर में दिन भर नारेबाजी के साथ प्रत्याशियों के समर्थकों व छत्रपों को पसीने से तर बतर देखा गया। वहीं चुनाव समिति की हुई बैठक में इस बार प्रत्याशियों की अधिक संख्या होने व मतगणना के देर रात तक सम्पन्न होने को लेकर प्रबन्धों की रूपरेखा तय की गयी। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मतदान के दिन प्रत्याशियों अथवा अभिकर्ताओं को समिति अधिकृत पहचान पत्र निर्गत करेगी। वहीं समिति की ओर से 11 मई को होने वाले दक्षता भाषण को लेकर भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का संचालन समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को लेकर समिति की रूपरेखा को मंजूरी प्रदान की। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय व शैलेन्द्र चतुर्वेदी शामिल हुए।

### भगवान की उपासना पवित्र मन से हुआ करती है फलीभूत- आचार्य शक्तिधरनाथ

**लालगंज, प्रतापगढ़।** बाबा बूढ़ेश्वरनाथ धाम के निकट तिना गेट के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को कथाव्यास आचार्य डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का मनमोहक वर्णन किया।उन्होने कहा कि भगवान की उपासना सदैव मन की पवित्रता से करनी चाहिए। उन्होने कहा कि एकाग्र मन ही प्रभु के स्मरण से जीवन के सुमंगल को मजबूत बनाया करता है।कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन अनीति व अत्याचार के विरूद्ध मानव सभ्यता को सदैव संघर्ष का बोध कराया करती है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान सर्वत्र एवं सदैव विद्यमान रहकर पल पल के कर्मो का आकलन किया करते हैं। उन्होने कहा कि कर्म ही मनुष्य के सुख व दुख का कारक है। आचार्य शक्तिधरनाथ ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा के सुनने से आध्यात्म का ज्ञान निखरने के साथ जीवन को सदमार्ग प्रदान करने का सुख दिया करता है।कथा की संयोजिका कुसुमलता श्रीवास्तवा व ज्ञानेश श्रीवास्तव ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ0 श्यामदुलारी सिंह, महेन्द्र पाल, ऐश्वर्य त्रिपाठी, मुदित पाण्डेय, विशम्भरनाथ त्रिपाठी, मृत्युंजय पाण्डेय, अजेन्द्र सिंह, शिवम मिश्र आदि रहे।

## ककरहवा अंतरराष्ट्रीय गेट के पास चेक पोस्ट पर स्थायी कमरा एवं शौचालय निर्माण कार्य का जिलाधिकारी ने किया लोकार्पण

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** क्रिटिकल गैप्स योजनान्तर्गत भारत नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सीसीटीवी कैमरे के अधिष्ठापन कार्य एवं ककरहवा अंतरराष्ट्रीय गेट के पास चेक पोस्ट पर स्थायी कमरा एवं शौचालय निर्माण कार्य का जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन एवं कमान्डेन्ट 43वीं वाहिनी एसएसबी उज्जल दत्ता द्वारा फीता काटकर लोकार्पण किया गया। जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन ने जिला कमान्डेन्ट एवं अन्य अन्य उपस्थित सभी का स्वागत करते हुए कहा कि 09 स्थानों पर पर आधुनिक सीसीटीवी कैमरे की स्थापना कराया गया है। आधुनिक कैमरा का भी आज उद्घाटन किया गया है। 24×7 चेक पोस्ट पर निगरानी करेंगे। एस0एस0बी0 को जो भी सहयोग अपेक्षित होगा जिला प्रशासन द्वारा पूरा सहयोग किया जायेगा। एसएसबी के सहयोग से बार्डर पर तस्करी रोकने हेतु पुलिस विभाग मिलकर कार्य कर रहा है। कमान्डेन्ट 43वी वाहिनी एस0एस0बी0 उज्जल दत्ता ने जिलाधिकारी एवं अन्य उपस्थित अधिकारियों का स्वागत करते हुए कहा कि देश की सुरक्षा को मजबूत करने के लिए भारत नेपाल की अन्तर्राष्ट्रीय सीमा पर सी0सी0टी0वी0 कैमरे के अधिष्ठापन कार्य एवं ककरहवा अन्तर्राष्ट्रीय गेट के पास चेक पोस्ट पर स्थायी कमरा एवं शौचालय निर्माण कार्य का आज लोकार्पण किया गया है। कैमरा लगने से निगरानी और अच्छे से होगी। जिला प्रशासन के साथ मिलकर हमारी टीम कार्य कर रही है। असिस्टेन्ट कमान्डेन्ट एस0एस0बी0 कैलास दान ने जिलाधिकारी, कमान्डेन्ट 43वीं वाहिनी एस0एस0बी0 एवं अन्य सभी का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया । इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी नौगढ़ विश्वजीत सौरयान, अधिशासी अभियन्ता लोक निर्माण विभाग प्रांतीय खण्ड कमल किशोर, व अन्य सम्बधित अधिकारी व एसएसबी के जवान आदि उपस्थित रहे।

## खाद्य सचल दल द्वारा प्रतिष्ठानों का निरीक्षण कर 08 विधिक नमूने किये संग्रहित

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**प्रतापगढ़।** जनपद में 06 मई से 08 मई तक विशेष अभियान के अन्तर्गत बाजारों में विक्रय किये जा रहे विभिन्न ब्राण्डों के घी एवं खाद्य तेल के नमूनों हेतु प्रतिष्ठानों पर विशेष कार्यवाही करते हुए सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-।। अभय कुमार सिंह के निर्देशन एवं मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी अजय कुमार तिवारी के नेतृत्व में खाद्य सचल दल द्वारा जनपद प्रतापगढ़ के विभिन्न बाजारों में स्थित घी व खाद्य तेल के थोक/निर्माण इकाई के साथ-साथ प्रदेश के बाहर बने विभिन्न ब्राण्डों के 08 विधिक नमूनें संग्रहित किये। खाद्य सचल दल द्वारा मल्टी सार्स एडिबिल ऑयल ब्राण्ड-सफोला के मूल पैक्ड, रिफाइण्ड सोयाबीन ऑयलब्राण्ड-फॉर्चून के मूल पैक्ड, कच्चीघानी सरसों का तेल ब्राण्ड-इंडिपेंडेंस के मूल पैक्ड, रिफाइण्ड पालमोलिन ऑयल ब्राण्ड-राग गोल्ड के मूल पैक्ड, कच्चीघानी सरसों का तले ब्राण्ड-शाही परिवार के मूल पैक्ड, फिजिकली रिफाइण्ड राइस ब्रान ऑयल ब्राण्ड-पतंजलि के मूल पैक्ड, गाय का घी ब्राण्ड-अन्नपूर्णा के मूल पैक्ड व गाय का घी ब्राण्ड-अनिक के मूल पैक्ड का एक-एक नमूना संग्रहित किया गया। इस प्रकार कुल 08 विधिक नमूनों को संग्रहित कर विश्लेषण हेतु खाद्य विश्लेषक प्रयोगशाला को प्रेषित किए गए। खाद्य सचल दल में रोशन सिंह, संतोष कुमार दूबे, यादव संजय कुमार नन्हकू, शहाब उद्दीन सिद्दीकी, डा0 तूलिका शर्मा एवं डा0 शमशुन नेहा खाद्य सुरक्षा अधिकारीगण उपस्थित रहे।

## जिलाधिकारी ने अधिकारियों के साथ परिचायात्मक बैठक कर दिये महत्वपूर्ण निर्देश

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**प्रतापगढ़।** नवागंतुक जिलाधिकारी अभिषेक पाण्डेय ने विकास भवन सभागार में अधिकारियों के साथ परिचायात्मक बैठक कर महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिये। उन्होने बैठक में उपस्थित समस्त अधिकारियों से परिचय प्राप्त किया। बैठक में उन्होंने पारदर्शी, संवेदनशील और भ्रष्टाचार मुक्त प्रशासन पर जोर देते हुए शासन की योजनाओं को जन-जन तक पहुँचाने और शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। जिलाधिकारी निर्देशित किया कि बैठक में आईजीआरएस की शिकायतों का निस्तारण खानापूर्ति न किया जाय बल्कि लाभार्थियों का फीडबैक प्राप्त कर शिकायतों का निस्तारण किया जाये जिससे शिकायतकर्ता सन्तुष्ट हो सके। उन्होने निर्देशित किया कि कार्यालयों में जनप्रतिनिधियों का रजिस्टर एक अलग से बना लिया जाय जिसमें उनकी प्राप्त शिकायतों को अंकित कर शिकायत का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर किया जा सके। उन्होने जनपद में ई-आफिस संचालन, जनगणना, सीएम डैशबोर्ड, जीरो टारलेन्स नीति के सम्बन्ध में विशेष दिशा निर्देश दिये। बैठक में जिलाधिकारी ने गौशाला, आशा एवं एएनएम के भुगतान, सामूहिक विवाह, पेंशन, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ, मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना, शौचालय, ग्रामीण पुस्तकालय सहित आदि महत्वपूर्ण योजनाओं के सम्बन्ध में अधिकारियों से फीडबैक प्राप्त कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। जिला पंचायत राज अधिकारी को निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में जो पुस्तकालयों की स्थापना हुई है वहां पर सभी व्यवस्थायें यथा शौचालय, बिजली, पानी, नेट कनेक्टिविटी, यूपीएस आदि रहे जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के बच्चों को अच्छी शिक्षा प्राप्त हो सके। उन्होने अधिकारियों को निर्देशित किया कि निडर होकर नियमानुसार कार्य करें, किसी के दबाव में न आये और गरीब एवं पात्र व्यक्तियों को योजनाओं का लाभ अवश्य दे। उन्होने मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप पात्र लाभार्थियों को सरकारी योजनाओं का शत-प्रतिशत लाभ दिलाने पर जोर दिया। इसके उपरान्त जिलाधिकारी ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक दिशा निर्देश दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी डा0 दिव्या मिश्रा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) आदित्य प्रजापति, मुख्य राजस्व अधिकारी अजय कुमार तिवारी सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र में चार महीने के अंदर हुई तमाम घटनाएं नहीं हुआ एक भी घटना का खुलासा।

● क्षेत्र में हुई घटनाओं का चर्चा पूरे क्षेत्र में आग की तरह फैला हुआ है।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता




**हलिया मीरजापुर।** ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र मे 4 महीने के अंदर हुई तमाम घटनाओं का नहीं हुआ खुलासा घटना को लेकर क्षेत्र में तरह-तरह की चर्चाएं आग की तरफ फैला हुआ है। ग्रामीणों का मानना है कि कब प्रशासन के खुलेंगे नीद 4 महीने के अंदर लगभग कई शव बरामद हुए। एक भी घटना का खुलासा नहीं हुआ। की घटना किस कारण और कैसे हुआ ग्रामीणों ने बताया कि ड्रमंडगंज थाना क्षेत्र के सेमरा गांव के एक कुए मे 11 जनवरी को शव उतराया हुआ मिला। वही ड्रमंडगंज के देवहट मे 22 जनवरी से एक लापता अधेड़ का शव जंगल में जमीन के अंदर गड़ा हुआ 27 जनवरी को बरामद हुआ ठीक उसके पाचवे दिन जंगल में एक पेड़ से लटकता हुआ एक फरवरी को एक शव बरामद हुआ। वही 26 अप्रैल को महुगढ़ी मुरलिया जंगल में एक युवक का शव एक पेड़ से लटकता हुआ मिला इतनी घटनाओं के बाद तमाम रोड एक्सीडेंट में घटनाएं हुई तमाम जगह क्षेत्र में और भी घटनाएं घटी किसी भी घटना का अभी तक सही तरीके से खुलासा नहीं हो पाया जिसको लेकर ग्रामीणों में तरह-तरह की चर्चाएं व्याप्त हैं। इसी सब बातों को लेकर प्रशासन के ऊपर से लोगों का विश्वास उठता जा रहा है। ग्रामीण इसके अलावा कई चीजों के शिकार होते हैं। थाने पर जाते हैं वापस मुंह लटका कर घर चले जाते हैं। नहीं बसता ग्रामीणों के पास कुछ कहने के लिए बात ऐसे में ग्रामीणों ने क्षेत्र की कहानी बताते हुए बताया ड्रमंडगंज क्षेत्र में प्रतिदिन बड़ी से बड़ी घटनाएं होती हैं जिस घटनाओं को छिपाकर प्रशासन अपने आप को बचा ले जाती है। ग्रामीण इस बात को जिले तक नहीं पहुंचा पाते हैं। कि इतनी बड़ी घटना क्षेत्र में हो रही है। ग्रामीणों का शासन प्रशासन से मांग है कि क्षेत्र में हो रहे। क्राइम को रोका जाए और माफिया के ऊपर कारवाई किया जाए। जिससे क्षेत्र में होने वाली घटनाओं पर अंकुश लगाया जा सके।

### किसान उन्नतशील बीजों की बुकिंग कर राजकीय बीज गोदामों से बीज प्राप्त करें

**प्रतापगढ़।** जिला कृषि अधिकारी अशोक कुमार ने बताया है कि आगामी खरीफ सीजन के लिए विकास खण्ड स्तर पर स्थित राजकीय बीज गोदामों पर विभिन्न फसलों के उन्नत प्रमाणित बीज उपलब्ध कराए जाएंगे। कृषक भाई फसलों में धान, उर्द,× मूंग, अरहर (तूअर), तिल, ज्वार, बाजरा, कोदो, सावा एवं रागी (मडुआ) के बीज प्राप्त कर सकते हैं। कृषक फसलों के बीज अनुदान पर प्राप्त कर सकते हैं। उन्होने बताया है कि कृषक कृषि विभाग उत्तर प्रदेश की आधिकारिक वेबसाइट ड्डद्दह्लद्बष्द्गह्लह्वह्म्द्ग.ह्वश्च.द्दश्1.द्बठ्ठ पर जाकर 10 मई तक ऑनलाइन बुकिंग कर सकते हैं।

## पात्रों को शासन की योजनाओं का मिले लाभः जिलाधिकारी

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता






**सिद्धार्थनगर।** जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन की अध्यक्षता विकास खण्ड बर्डपुर के अन्तर्गत ग्राम पंचायत दुल्हा सुमाली में ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। चौपाल कार्यक्रम में जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा ग्राम चौपाल-गांव की समस्या गांव में समाधान कार्यक्रम के अन्तर्गत ग्रामीणों से विभिन्न योजनाओ के बारे में जानकारी प्राप्त की गयी तथा समीक्षा की गयी। जिलाधिकारी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेज सशक्त सीमाएं भारत सरकार की महत्वपूर्ण योजना है।इसके अन्तर्गत योजना बनाकर कार्य किया जा रहा है। बार्डर के गांवों में बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सड़के, व अन्य आवश्यक सुविधाओं का विकास किया जा रहा है। भारत - नेपाल सीमा पर खुला बार्डर क्षेत्र है। बार्डर के गांवों के ग्रामवासियों को जागरूक रहने की आवश्यकता है जिससे तस्करी को रोका जा सके। जिलाधिकारी ने सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिया कि पात्र लाभार्थियों को सभी योजनाओ का लाभ मिलना चाहिए। जिलाधिकारी ने किया कि ग्राम चौपाल के माध्यम से ग्रामीणों को योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। शासन से निर्देश मिले हैं कि पहले से चल रही योजनाओं को और अधिक सुधार कर प्रभावी रूप से लागू किया जाए। कार्यक्रम में मौजूद ग्रामीणों से उन्होंने कहा कि यदि किसी को पेंशन से जुड़ी समस्या है, जैसे वृद्धा पेंशन, विधवा पेंशन या दिव्यांग पेंशन नहीं मिल रही है, तो वे तुरंत जानकारी दें। ब्लॉक स्तर के कर्मचारी मौके पर मौजूद हैं और समस्याओं का समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके अलावा जिलाधिकारी ने स्वयं सहायता समूहों से जुड़ने की अपील करते हुए कहा कि महिलाओं को सरकार की ओर से आर्थिक सहायता और प्रशिक्षण दिया जाएगा, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। जिलाधिकारी ने ग्रामवासियो से पूछा कि गांव की कोई और समस्या हो तो बताए। जिलाधिकारी ने समस्त अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि भारत सरकार/प्रदेश सरकार द्वारा चलायी जा रही सभी योजनाओं का लाभ पात्र लाभार्थियों तक पहुँचाये। इसमें किसी भी प्रकार की हीलाहवाली करने पर संबधित के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जायेगी। ग्राम चौपाल में सम्बन्धित विभाग द्वारा स्टाल लगाकर लोगों को योजनाओं के बारे जानकारी दिया गया। ग्राम चौपाल के दौरान जिलाधिकारी शिवशरणप्पा जीएन द्वारा गर्भवती महिलाओं की गोदभराई कार्यक्रम विधिवत रूप से सम्पन्न कराया गया। जिलाधिकारी द्वारा वृक्षरोपण किया गया। इस अवसर पर उपजिलाधिकारी नौगढ कल्याण सिंह मौर्य, क्षेत्राधिकारी सदर विश्वजीत सौरयान, जिला विकास अधिकारी राजमणि वर्मा, डीसीमनरेगा सन्दीप सिंह, डीसीएनआरएलएम देवनन्दन दूबे, उपकृषि निदेशक राजेश कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, खण्ड विकास अधिकारी बर्डपुर ओमप्रकाश यादव, ग्राम प्रधान नीतू पाण्डेय व अन्य ब्लाक स्तरीय अधिकारी एवं ग्रामवासी आदि उपस्थित थे।

### सुरक्षा सैनिक व सुपरवाइजर भर्ती शिविर 11 मई से कई कालेजों में होगा आयोजन

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**प्रतापगढ़।** जिला विद्यालय निरीक्षक ओमकार राणा ने बताया है कि जिले के बेरोजगार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से एसआईएस इंडिया लिमिटेड के तत्वावधान में सुरक्षा सैनिक, सुपरवाइजर एवं जीटीओ ऑफिसर पदों के लिए भर्ती शिविर का आयोजन किया जाएगा। विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जिले के विभिन्न इंटर कॉलेजों में तिथिवार भर्ती शिविर लगाए जाएंगे, जिसमें इच्छुक अभ्यर्थी अपनी सुविधा अनुसार किसी भी निर्धारित केंद्र पर पहुंचकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होने तिथिवार भर्ती शिविर के सम्बन्ध में बताया है कि 11 एवं 12 मई को लोकमान्य तिलक इंटर कॉलेज व पीएम श्री राजकीय इंटर कॉलेज प्रतापगढ़, 13 एवं 14 मई को श्री चंद्रिका इंटर कॉलेज सण्ड़वा चंद्रिका व रामराज इंटर कॉलेज पट्टी, 15 एवं 16 मई सरदार पटेल इंटर कॉलेज विजयीमऊ संग्रामगढ़ व शिवमंगल इंटर कॉलेज रामपुर दाबी, 17 एवं 18 मई सर्वोदय इंटर कॉलेज सांगीपुर व लीलावती शिक्षा मंदिर इंटर कॉलेज यमुनानगर जूही सांगीपुर,19 एवं 20 मई टी.पी. इंटर कॉलेज कुंडा व सरयू प्रसाद इंटर कॉलेज कुंडा, 21 एवं 22 मई श्री सी.एल. यादव इंटर कॉलेज लौली पोख्ताखाम व बृजेंद्रमणि इंटर कॉलेज कोहड़ौर, 25 एवं 26 मई राय बद्री पाल इंटर कॉलेज बीरापुर व स्वामी करपात्री इंटर कॉलेज रानीगंज, 28 एवं 29 मई बीडी दुबे इंटर कॉलेज पहाड़पुर व राम अंजोर मिश्र इंटर कॉलेज लालगंज में आयोजन किया जायेगा। डिप्टी कमांडेंट रजनीश कुमार राय व भर्ती अधिकारी सतेंद्र कुमार ने बताया कि सुरक्षा सैनिक पद के लिए शारीरिक माप दण्ड जिसमें लम्बाई 167.5 सेंमी, सीना 80-85 सेंमी तथा उम्र 19 से 40 के बीच, वजन 56 से ज्यादा 90 से कम तथा योग्यता हाईस्कूल पास होना चाहिए। वही सुपरवाइजर के लिए इंटर पास होना चाहिए और लंबाई 170 सेमी उम्र 19 से 40 वर्ष जो देखने में होनहार हो। ऐसे इच्छुक बेरोजगार युवको को निर्धारित तिथियों में अपनी सुविधानुसार संबंधित इंटर कॉलेज में निर्धारित तिथिवार शिविर में साक्षात्कार हेतु प्रतिभाग कर सकते है। नौकरी के दौरान पीएफ, ईएसआई, ग्रेच्युटी, सरकारी पेंशन, इंश्योरेंस, की सुविधा मिलेगी। किसी भी जानकारी के लिये मोबाइल नम्बर 7800406043, 7054726330 पर सम्पर्क कर सकते है।

## सिद्धार्थनगर में कार अनियंत्रित होकर बिजली के पोल से टकराई, दूल्हा-दुल्हन समेत पांच घायल


स्वतंत्र प्रभात संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार सुबह तेज रफ्तार कार बिजली के पोल से टकराकर पुलिया में जा घूसी। हादसे में दूल्हा-दुल्हन समेत पांच लोग घायल हो गए। इनमें दुल्हे की साली पुष्पा की हालत गंभीर बताई जा रही है। सभी घायलों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है। गुरुवार को डुमरियागंज से सोंहास के खेखराव गांव बारात आई थी। शुक्रवार सुबह विदाई के बाद दूल्हा दुर्गेश कुमार कार से दुल्हन, अपनी साली पुष्पा तथा दो किशोरों को लेकर घर लौट रहा था। जोगिया-पकड़ी मार्ग पर महदेवा तिवारी चौराहे के पास वाहन चलाते समय दूल्हे को झपकी आ गई। इससे कार अनियंत्रित होकर सड़क किनारे लगे बिजली के पोल से टकराते हुए पुलिया में जा भिड़ी। हादसे में पुष्पा को गंभीर चोटें आई हैं, जबकि दूल्हा दुर्गेश, दुल्हन, किशोर अनमोल और एक अन्य किशोर भी घायल हो गए। हादसे के बाद मौके पर लोगों की भीड़ इकट्ठा हो गई।स्थानीय लोगों ने घायलों को बाहर निकालकर पुलिस की मदद से जिला अस्पताल पहुंचाया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

## सरकार के आदेश का खुलेआम किया जा रहा है उल्लंघन।

● प्राइवेट स्कूल अपनी मनमानी कर रहे हैं नहीं है अधिकारियों का कोई भय।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



कार्यालय जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी मीरजापुर

पत्रांक : बेसिक/ /2025–26 दिनांक 06-04-2026

कार्यालय आदेश

विभिन्न शिकायती पत्रों द्वारा यह संज्ञान में आया है कि अशासकीय प्राथमिक एवं जूनियर हाईस्कूलों में निजी प्रबन्ध तंत्र द्वारा एन0सी0ई0आर0टी0 की पुस्तकों के इतर अपनी स्वेच्छा के अनुसार पुस्तकों का उपयोग कक्षाओं में किया जा रहा है एवं उक्त पुस्तकों के मनमाने शुल्क वसूले जा रहे है जिससे अभिभावकों के ऊपर आर्थिक बोझ पड रहा है। शासनादेश संख्या 575/68–3–2018–2041/ 2023 बेसिक शिक्षा अनुभाग–3 लखनऊ दिनांक 26 सितम्बर 2023 के बिन्दु संख्या (1) (4) में उल्लिखित है कि "मान्यता प्राप्त विद्यालय में बेसिक शिक्षा परिषद द्वारा निर्धारित पाठ्यक्रम या पाठ्य पुस्तकों से भिन्न पाठ्यक्रम में न तो शिक्षा दी जायेगी और न ही पाठ्य पुस्तकों का उपयोग किया जायेगा।" बेसिक शिक्षा परिषदीय विद्यालयों में वर्तमान समय में एन0सी0ई0आर0टी0 की पुस्तकों से शिक्षण कार्य कराया जा रहा है।

उक्त के कम में समस्त निजी विद्यालयों के प्रबन्धकों/प्रधानाध्यापकों को निर्देशित किया जाता है कि शासनादेश में उल्लिखित व्यवस्था के अनुसार एन0सी0ई0आर0टी0 की पुस्तकों का प्रयोग प्रत्येक दशा में किया जाये। किसी भी विद्यालय में एन0सी0ई0आर0टी0 से इतर पुस्तकों के प्रयोग होने की शिकायत प्राप्त होने पर संबंधित विद्यालय के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्यवाही की जायेगी। साथ ही संबंधित विकास खण्ड के खण्ड शिक्षा अधिकारी को उक्त आदेश का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित कराने हेतु नोडल अधिकारी नामित किया जाता है।

(अनिल कुमार वर्मा)
जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी
मीरजापुर

पृ0सं0 : बेसिक/ 115-20 /उसी तिथि को।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
1. महानिदेशक स्कूल शिक्षा उत्तर प्रदेश लखनऊ।
2. शिक्षा निदेशक बेसिक उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**हलिया मीरजापुर।** प्राइवेट स्कूलों की मनमानी पर उठा सवाल अभी एक बच्चे के लिए 2725 की किताबें खरीदी गई सोचने वाली बात है कि एक गरीब परिवार अपने बच्चों को कैसे पढ़ाएगा। सवाल यह है कि हलिया ड्रमंडगंज क्षेत्र मे चल रही प्राइवेट विद्यालयों में। अपनी मनमानी कर रहे हैं जब साफ निर्देश है कि केवल एनसीईआरटी की किताबे ही चलेगी और फीस भी निर्धारित सीमा में होगी तो फिर यह लूट क्यों जो की एनसीईआरटी की बुक जो 45 रुपए से ?60 में मिलती है वही बुक प्राइवेट विद्यालय में ?300 से लेकर 400 तक बेची जाती है यह एक प्रकार की लूट है और इस पर अभिभावक भी नहीं सवाल उठाते क्या प्रशासन पर कार्रवाई करेगा या मुंह मोड़ लेगा क्या गरीब बच्चों का पढ़ने का अधिकार सिर्फ कागजों में ही रहेगा यहां तक की अभिभावक प्राइवेट विद्यालयों से दबे कुचले हैं। विद्यालय में उनके बच्चे पढ़ रहे हैं जो विद्यालय से निर्देश दिया जाता है वह अभिभावक कर्ज़ ले या कुछ गिरवी रखें लेकिन बच्चों के पढ़ाई में किसी भी प्रकार का बर्ताव नहीं करते हैं। ऐसे अभिभावकों का प्राइवेट विद्यालयों के द्वारा शोषण किया जा रहा है। जबकि शासन का सीधा निर्देश है कि विद्यालय में एनसीईआरटी की किताबें चलाई जाए जिससे बच्चों के गार्जियनों के ऊपर किसी भी प्रकार का दबाव न पड़े। लेकिन फिर भी विद्यालय के द्वारा एनसीईआरटी की किताब ना चला कर अभी भी प्राइवेट किताबें बच्चों को दी जा रही है। जिससे अभिभावकों के ऊपर तमाम प्रकार का दबाव बढ़ता जा रहा है ग्रामीणों का शासन से मांग है कि जो शासन का मनसा है उसी के हिसाब से विद्यालयों में बुक चलाया जाए जिससे गार्जियन बच्चों को कर्ज लेकर न पढ़ सके अपने सीमा तक उनकी पढ़ाई करवाए।

## ग्राम चौपाल का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।

स्वतंत्र प्रभात संवाददाता



**सीखड़** संवाद, शुक्रवार को सरकार द्वारा जारी किये गये दिशा निर्देश के अनुसार प्रत्येक शुक्रवार को विकास खण्ड के 2 ग्राम पंचायतों मे जन चौपाल का आयोजन कर जन समस्या सुनने के क्रम मे विकास खण्ड के ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर एवं ग्राम पंचायत छीतकपुर में जिला सेवायोजन अधिकारी के प्रतिनिधि प्रधान सहायक बृजेंद्र राय एवं एडीओ पंचायत अरूण कुमार मिश्रा की अध्यक्षता मे ग्राम चौपाल मे आये विभागीय अधिकारियों , कर्मचारियों द्वारा अपने अपने विभाग से संचालित योजनाओ की जानकारी ग्रामीणों को दी गई तथा उनसे योजनाओं का लाभ लेने का अनुरोध किया गया। तथा अध्यक्षो द्वारा चौपाल मे आये ग्रामीणों के समक्ष ग्राम पंचायत द्वारा कराये गये कार्यों को पढ़ कर सुनाया गया तथा ग्राम पंचायत विठ्ठलपुर में 2 शिकायत पत्र प्राप्त हुए जिसे मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया तथा ग्राम पंचायत छीतकपुर में आए कुल 7 शिकायत पत्रो को सुनकर 5 का मौके पर ही निस्तारण कर दिया गया।और दो के लिए विभागीय अधिकारियों को जल्द से जल्द निस्तारण करने के लिए आदेशित कर दिया गया।ग्राम चौपाल कार्यक्रम में ग्राम सचिव सुधीर दुबे, रश्मि सिंह ग्राम प्रधान मुकेश सिंह, ग्राम प्रधान मनोज कुमार त्रिपाठी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री प्रियंका भारती, तपेसरा देवी, सरिता पांडेय तथा कृषि विभाग , पशुपालन, स्वास्थ विभाग की एनएम प्रिती सिंह आशा सीता देवी ,प्रमिला देवी तथा अन्य विभागों के कर्मचारी तथा सैकड़ों की संख्या में दोनों ग्राम पंचायतों की जनता उपस्थित रही।

## संक्षिप्त खबरें

### अपने-अपने क्षेत्रों में परिवारजनों एवं आमजन को अधिक से अधिक स्व-गणना के लिए प्रेरित करें



**नैनी, प्रयागराज।** शुक्रवार को राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर-रेंजर्स के संयुक्त तत्वावधान में हेमवती नंदन बहुगुणा राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जनगणना-2027 एवं स्व-गणना जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं को डिजिटल जनगणना एवं स्व-गणना की प्रक्रिया, उद्देश्य तथा शासन द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम की अध्यक्षता शासन द्वारा नियुक्त जनपद नोडल अधिकारी (उच्च शिक्षा) एवं महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. ओम प्रकाश ने की। उन्होंने शासन द्वारा संचालित जनगणना-2027 कार्यक्रम हेतु छात्र-छात्राओं को जागरूक किया तथा कहा कि जनगणना राष्ट्र निर्माण की महत्वपूर्ण प्रक्रिया है, जिसमें प्रत्येक नागरिक की सहभागिता आवश्यक है।आयोजित कार्यशाला में डिजिटल जनगणना की प्रक्रिया विस्तार से समझाई गई। जनगणना कार्यों की प्रगति की जानकारी देते हुए छात्राओं से कहा गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में परिवारजनों एवं आमजन को अधिक से अधिक स्व-गणना के लिए प्रेरित करें। वक्ताओं ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म के माध्यम से नागरिक आसानी से अपनी जानकारी दर्ज कर इस राष्ट्रीय अभियान में सहभागी बन सकते हैं।कार्यक्रम का मंच संचालन महाविद्यालय की रोवर रेंजर्स प्रभारी डॉ. मीनाक्षी राठौर ने किया। राष्ट्रीय सेवा योजना के प्रभारी डॉ. आर. के. सिंह तथा सुचित्रा कृष्णमूर्ति ने छात्र-छात्राओं को स्व-गणना की प्रक्रिया को विस्तार से समझाया। उन्होंने बताया कि डिजिटल जनगणना से पारदर्शिता बढ़ेगी तथा आंकड़ों का संकलन अधिक सटीक एवं प्रभावी तरीके से किया जा सकेगा।कार्यक्रम में धन्यवाद ज्ञापन रोवर प्रभारी डॉ. राजेश कुमार यादव ने प्रस्तुत किया।कार्यकर्म आयोजन में डॉ अवधेश आर्य का रहा।कार्यक्रम में प्रो नीतू सिंह,प्रो सुवर्णा सरकार,प्रो सविता कुमारी, प्रो महेंद्र प्रसाद, डॉ भावना सिंह, डॉ प्रिया तिवारी, डॉ रफ़त अनीस, डॉ हेमलता, डॉ ऋषि सिंह, डॉ मंजरी मिश्रा, डॉ इफ़्तिकार अंसारी, डॉ असित जायसवाल, डॉ अमित मिश्रा आदि उपस्थित रहे।इस अवसर पर महाविद्यालय के प्राध्यापकगण, राष्ट्रीय सेवा योजना एवं रोवर रेंजर्स के स्वयंसेवकों सहित बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएँ उपस्थित रहे। कार्यक्रम में उपस्थित सभी विद्यार्थियों को तथा प्राध्यापकों को अपने परिवार एवं समाज में जनगणना एवं स्व-गणना के प्रति जागरूकता फैलाने हेतु प्रेरित किया गया।

### दिल्ली प्री-स्कूल दुष्कर्म मामला: कोर्ट से 57 साल के केयरटेकर को मिली जमानत

**दिल्ली।** जनकपुरी स्थित एक प्री-स्कूल में साढ़े तीन साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म के मामले में बृहस्पतिवार को द्वारका कोर्ट में सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद एडिशनल सेशन जज रोहित की अदालत ने 57 वर्षीय आरोपित स्कूल केयरटेकर को मामले की परिस्थितियों को देखते हुए आरोपित को जमानत दे दी। यह मामला 30 अप्रैल का है। पीड़िता की मां ने जनकपुरी थाने में शिकायत दर्ज कराई थी कि उनकी बच्ची स्कूल में नामांकन के दूसरे दिन स्कूल पढ़ने गई थी। स्कूल से लौटने के बाद बच्ची ने अपने गुप्तांग में दर्द होने की शिकायत की। जब बच्ची को निजी अस्पताल में ले जाया गया तो वहां को डाक्टरों ने जांच के बाद बच्ची को डीडीयू ले जाने की सलाह दी, जहां डाक्टरों ने बताया कि बच्ची के साथ दुष्कर्म हुआ है। पूछने पर बच्ची ने बताया कि स्कूल की एक महिला शिक्षिका उसे बेसमेंट में लेकर गई थी, जहां मौजूद अंकल ने उसके साथ गलत हरकत की, जिससे उसे दर्द हो रहा है। जिसके बाद वह थाने पहुंच शिकायत दी। शिकायत पर पुलिस ने बच्ची के मेडिकल के आधार पर पाक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया। बच्ची की पहचान के बाद 1 मई को 57 वर्षीय आरोपित स्कूल के केयरटेकर को गिरफ्तार कर लिया गया था। बाद में उसे कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया था। जांच के दौरान पुलिस को स्कूल परिसर में लगे अधिकांश सीसीटीवी कैमरे चालू हालत में नहीं मिले। बेसमेंट जहां घटना हुई वहां जाने व उसके अंदर कोई सीसीटीवी नहीं मिला। पर बच्ची खुद पुलिस को उस स्थान पर ले गई। साथ ही आरोपित की पहचान भी की। इधर जमानत के बाद पीड़िता की मां ने स्कूल की महिला शिक्षिका पर भी गंभीर आरोप लगाए हैं। उनका कहना है कि बच्ची के अनुसार शिक्षिका ही बच्ची को स्कूल के बेसमेंट में लेकर गई थी, जहां यह कथित वारदात हुई। पर पुलिस ने उस शिक्षिका के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की है। मां ने पुलिस की कार्यप्रणाली पर भी सवाल उठाए हैं। मां का आरोप है कि शिकायत दर्ज होने के बाद पुलिस ने दो दिनों तक बच्ची से पूछताछ की इस दौरान बच्ची ने आरोपित की पहचान की। इसके बावजूद उन्हें बच्ची के साथ कई-कई घंटों तक थाने में बैठाकर रखा। उनका कहना है कि घटना से पहले ही मानसिक रूप से आहत बच्ची इस प्रक्रिया के कारण और सदमें में चली गई है। महिला द्वारा पुलिस पर लगाए आरोपों को लेकर पश्चिमी जिला उपायुक्त से संपर्क करने की कोशिश की गई पर उनकी ओर से कोई जवाब नहीं मिला।

# ग्रेटर नोएडा में डबल मर्डर से सनसनी! हॉस्टल में मिले 2 शव, धारदार हथियार से हमला

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

ग्रेटर नोएडा के नॉलेज पार्क थाना क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई, जब एक निर्माणाधीन हॉस्टल के अंदर दो युवकों के शव मिलने की सूचना सामने आई. दोनों की बेरहमी से धारदार हथियार से हत्या की गई. शव कमरे के अंदर लहूलुहान हालत में पड़े मिले, जिसके बाद पूरे इलाके में हड़कंप मच गया. घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और आला अधिकारी मौके पर पहुंचे. शुरुआती जांच में मामला हत्या का माना जा रहा है। पुलिस ने शवों और घटनास्थल को कब्जे में लेकर आसपास के लोगों से पूछताछ शुरू कर दी है. जानकारी के अनुसार यह घटना नॉलेज पार्क क्षेत्र स्थित सीताराम इंस्टीट्यूट के निर्माणाधीन हॉस्टल की है. बताया जा रहा है कि डायल 112 पर आज सुबह पुलिस को सूचना मिली थी कि हॉस्टल के एक कमरे में दो लोगों के शव एक साथ पड़े हुए हैं। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंची. कमरे के अंदर का दृश्य देखकर पुलिस भी सन्न रह गई. दोनों के शव खून से लथपथ पड़े थे और कमरे में कुछ संदिग्ध चीजें भी दिखाई दीं, जिन्हें कब्जे में लेकर पुलिस अब इस पूरे मामले की जांच कर रही है।

**ठेकेदार ने की मृतकों की पहचान**

मौके पर मौजूद ठेकेदार ने दोनों मृतकों की पहचान की. मृतकों में एक की पहचान इंद्र निवासी अब्दुल्लापुर, मेरठ के रूप में हुई है, जबकि दूसरे की पहचान शीशपाल निवासी इंचोली गांव, मेरठ के तौर पर हुई है. दोनों की उम्र करीब 40 से 45 वर्ष के बीच बताई जा रही है. पुलिस के अनुसार दोनों मजदूर हाल ही में यहां काम करने आए थे और निर्माणाधीन परिसर में ही रह रहे थे। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि इंद्र और शीशपाल दो-तीन दिन पहले ही इंस्टीट्यूट में मिस्त्री का काम करने पहुंचे थे. दोनों स्थायी रूप से हॉस्टल परिसर में ही रह रहे थे. पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि आखिर इतनी कम अवधि में उनके साथ ऐसी खौफनाक वारदात कैसे हो गई।

**धारदार हथियार से हमला करने की आशंका**

घटनास्थल की स्थिति को देखकर पुलिस आशंका जता रही है कि दोनों की हत्या किसी धारदार हथियार से की गई है. दोनों के शवों पर गहरे चोट के निशान पाए गए हैं, जो इस बात का इशारा कर रहे हैं कि वारदात के दौरान संघर्ष भी हुआ होगा. हालांकि पुलिस अभी पोस्टमार्टम रिपोर्ट का इंतजार कर रही है, जिससे मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा। घटना की गंभीरता को देखते हुए फॉरेंसिक टीम और फील्ड यूनिट को भी मौके पर बुलाया गया. टीम ने कमरे से कई महत्वपूर्ण साक्ष्य जुटाए हैं. फॉरेंसिक विशेषज्ञों ने खून के नमूने, फिंगरप्रिंट और अन्य सबूत इकट्ठा किए हैं. पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है, ताकि वारदात से जुड़े किसी भी संदिग्ध की पहचान की जा सके।

**पुलिस कर रही कई एंगल से मामले की जांच**

फिलहाल नॉलेज पार्क थाना पुलिस हत्या के हर पहलू से मामले की गहन जांच कर रही है. पुलिस यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि घटना के वक्त हॉस्टल परिसर में कौन-कौन मौजूद था और मृतकों से आखिरी बार किसने बात की थी. इसके अलावा पुलिस मृतकों के मोबाइल फोन, कॉल डिटेल और उनके परिचितों से जानकारी भी जुटा रही है। ग्रेटर नोएडा के डीसीपी डॉ. प्रवीण रंजन ने बताया कि पुलिस आसपास काम करने वाले अन्य मजदूरों और कर्मचारियों से भी पूछताछ कर रही है. कुछ लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है. फिलहाल पुलिस ने दोनों के शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**इलाके में दहशत, पुलिस ने बढ़ाई सुरक्षा**

डबल मर्डर की घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है. निर्माणाधीन हॉस्टल और आसपास के क्षेत्र में पुलिस बल तैनात कर दिया गया है. इस पूरी घटना का खुलासा करने के लिए पुलिस ने दो टीमों का गठन किया है. डीसीपी ग्रेटर नोएडा का कहना है कि सीसीटीवी और अन्य फुटेज के माध्यम से संदिग्धों की पहचान की जा रही है. उनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम का गठन किया गया है. जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर इस पूरे मामले का खुलासा किया जाएगा।

## रिश्वत केस में जमानत मिलने के बाद श्रीलंकन एयरलाइंस के पूर्व CEO की मौत




**● विमान खरीद घोटाले का था मामला**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**दिल्ली।** श्रीलंकन एयरलाइंस के पूर्व सीईओ कपिला चंद्रसेना संदिग्ध परिस्थितियों में अपने घर में मृत पाए गए। पुलिस के अनुसार उनकी मौत फांसी लगने से हुई है। यह घटना ऐसे समय सामने आई है, जब कुछ दिन पहले ही उन्हें विमान खरीद घोटाले और रिश्वत मामले में जमानत मिली थी। चंद्रसेना मार्च में गिरफ्तार किए गए थे और उन पर राष्ट्रीय एयरलाइन के लिए विमान खरीद में कमीशन लेने का आरोप था। मामले ने उस समय और सनसनी फैला दी थी, जब अभियोजन पक्ष ने अदालत में दावा किया कि चंद्रसेना ने स्वीकार किया था कि उन्होंने तत्कालीन राष्ट्रपति महिंदा राजपक्ष को 2015 में तीन बार में कुल छह करोड़ श्रीलंकाई रुपये की रिश्वत दी थी।

**कहां पहुंचाई गई थी रकम?**

उनके मुताबिक यह रकम राजपक्ष के दक्षिणी श्रीलंका स्थित घर पर पहुंचाई गई थी। हालांकि बाद में चंद्रसेना के वकीलों ने अदालत में कहा कि यह बयान दबाव में लिया गया था और उन्होंने इस संबंध में शपथपत्र भी दायर किया था।

## चीन की पटाखा फैक्ट्री धमाके से मरने वालों की संख्या बढ़कर हुई 37, एक अभी भी लापता

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**दिल्ली।** चीन के प्रांत के लियुआंग शहर में सोमवार दोपहर पटाखा फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके में मरने वालों की संख्या बढ़कर 37 हो गई है, जबकि एक व्यक्ति अभी भी लापता है। घटनास्थल पर तलाशी और बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है। यह हादसा हुआशेंग फायरवर्क्स मैन्युफैक्चरिंग एंड डिस्प्ले कंपनी के प्लांट में हुआ। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। दुर्घटना में अब तक 37 लोगों की मौत हो चुकी है। 51 लोग घायल हुए हैं, जिनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

घायलों में से पांच की हालत गंभीर बताई जा रही है, हालांकि उनके वाइटल साइन स्थिर हैं। घटना के तुरंत बाद स्थानीय अधिकारियों ने आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली को सक्रिय कर दिया। एक टास्क फोर्स गठित की गई और बचाव-राहत कार्यों के लिए 1,500 से अधिक कर्मियों को मौके पर तैनात किया गया। अब तक घटनास्थल पर तलाशी और बचाव अभियान लगभग पूरा हो चुका है। पुलिस ने लापरवाही के आरोप में आठ लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। प्रारंभिक जांच में इनकी लापरवाही को हादसे की मुख्य वजह माना जा रहा है। धमाका बारूद (गनपाउडर) के दो गोदामों के निकट हुआ था। किसी भी बड़े हादसे से बचने के लिए बचाव दलों ने आसपास के निवासियों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचा दिया है। घटनास्थल के चारों ओर एक बफर जोन भी बनाया गया है।

## रिश्वतखोरी मामले में नगर निगम उपायुक्त अभिषेक मिश्रा की जमानत याचिका खारिज



**दिल्ली।** दिल्ली में राउज एवेन्यू कोर्ट ने नगर निगम के उपायुक्त लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी है। इससे पहले अदालत ने इस पर फैसला सुरक्षित रख लिया था। विशेष न्यायाधीश सुधांशु कौशिक ने दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद अभिषेक मिश्रा की जमानत याचिका खारिज कर दी। लेफ्टिनेंट कर्नल अभिषेक कुमार मिश्रा को सीबीआई ने निगम के प्रशासनिक अधिकारी देवांशु गौतम के साथ रिश्वतखोरी के मामले में गिरफ्तार किया था। इससे पहले एक अप्रैल को अदालत ने दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

## प्रिंस यादव तो बड़े शातिर निकले, विराट कोहली की सलाह को उनके ही खिलाफ बनाया हथियार

**● लखनऊ सुपर जायंट्स के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने आईपीएल में विराट कोहली को बिना खाता खोले आउट कर दिया। प्रिंस ने ये काम कोहली की सलाह को उनके ही खिलाफ इस्तेमाल करते हुए किया।**



**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

**नई दिल्ली।** विराट कोहली का विकेट मौजूदा समय में हर गेंदबाज का सपना है। उनकी विरोधी टीम का हर गेंदबाज चाहता है कि विराट का विकेट मिल जाए, लेकिन सभी जानते हैं कि ये आसान नहीं है। विराट अव्वल दर्जे के बल्लेबाज हैं जो गेंदबाजों पर हावी रहते हैं, लेकिन प्रिंस यादव ने विराट को उनके ही सिखाए हथियार में फंसा सभी को हैरान कर दिया। आईपीएल-2026 में गुरुवार को विराट कोहली की रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरू का सामना लखनऊ सुपर जायंट्स से था। इस मैच में प्रिंस ने विराट को खाता तक खोलने नहीं दिया और दूसरी ही गेंद पर आउट कर दिया। प्रिंस ने विराट का विकेट उसी ट्रिक से लिया जो कोहली ने उन्हें बताई थी। प्रिंस ने विराट को पहली गेंद आउटस्विंगर फेंकी। वहीं अगली गेंद उन्होंने इनस्विंग करा दी जिस पर विराट चकमा खा गए और बोल्ड हो गए। मैच के बाद प्रिंस ने बताया कि वह पिछले मैच के बाद विराट से बात कर रहे थे और उस समय जो उन्होंने सिखाया था वही करते हुए उनका ही विकेट ले लिए।प्रिंस ने कहा, 'पिछले मैच के बाद मैं विराट भाइया से बात कर रहा था और उन्होंने मुझसे कहा था कि अगर गेंद ऑफ स्टम्प की लाइन पर मूव कर रही है तो फिर यही लाइन डालते रहो। ' लखनऊ ने अपने घर इकाना स्टेडियम में खेले गए मैच में आरसीबी को नौ रनों से हरा दिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए लखनऊ ने 19 ओवरों में तीन विकेट खोकर 209 रन बनाए।

बारिश के कारण ये मैच 19 ओवर प्रति पारी कर दिया गया था। आरसीबी 19 ओवरों में छह विकेट खोकर 203 रन ही बना पाई। लखनऊ के लिए मिचेल मार्श ने शानदार शतक जमाया। उन्होंने 56 गेंदों पर नौ चौके और छह छक्कों की मदद से 111 रनों की पारी खेली। आरसीबी के लिए कप्तान रजत पाटीदार ने 31 गेंदों पर 61 रन बनाए।

## तीन दिवसीय विशाल कार्यक्रमों के साथ 53वां सिलापथार केंद्रीय बोहाग उत्सव का आयोजन

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**







**असम धेमाजी।** सिलापथार राजीव गांधी खेल और सांस्कृतिक प्रकल्प सिलापथार मे आज से यानी 24,25 और 26 बोहाग 1984 शक। 8,9 और 10 मई 2026 को तीन दिवसीय विशाल कार्यक्रमों के साथ 53वां सिलापथार केंद्रीय बोहाग उत्सव का आयोजन किया गया है। सुबह सफाई कार्यकम और वृक्ष पौधे लगाने के बाद, बिहू आयोजन समिति के जो पूर्व कार्यकर्ता जो इन दिनों दुनिया से विदा ले ली इनमेसे स्वर्गीय टिपेश्वर गोगोई, मथुरा चुटिया, शशि गोगोई और हाल ही में दिवंगत हुए कृष्ण फुकन को श्रद्धांजलि दिया 10 बजे आयोजक समिति के साथ बिहू का झंडा फहराकर, स्मृति तर्पण किया गया। इस अवसर पर असम के जानेमाने गायक दिवंगत जुबीन गर्ग की प्रतिच्छवि पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दिया गया। 11 बजे सिलापथार आंचलिक बिहू हुचोरी दलों की हुचरी ओर बिहू नाम से मंच का उद्घाटन किया गया। दोपहर में आयोजक समिति के कार्यकारी अध्यक्ष योगेन भुयान ने अंडे फोड़ना प्रतियोगिता के जरिए बांसुरी बजाना, पेपा बजाना, ढोल बजाना, गगना बजाना, हरु बिहुवती, चेमानिया बिहुवती, और चेमानिया हुचोरी प्रतियोगिता किया गया। 25 बहाग 9 मई को असम स्तर पर झेंग बिहू, हुचोरी बिहू, बिहुवती, और बर बिहुवती प्रतियोगिता अनुष्ठित किया जाएगा । समांतर रूप में 26 मई 2026 को दोपहर 1 बजे ह मिचिंग ऐनीःटैम और मिचिंग हुचोरी बिहू प्रतियोगिता किया जाएगा। इसके बाद एक आम बैठक का आह्वान किया गया सांसद प्रदान बरुआ के अध्यक्षता में होने वाले बैठक में कई वरिष्ठ महानुभावों को आमंत्रित किया गया है। इसी अनुष्ठान में 53वां सिलापथार केंद्रीय बहाग बिहू उत्सव में आयोजित प्रतियोगिताओं के पुरस्कार वितरण किया जाएगा। बिहू में अयोजित हर प्रकार के कार्यक्रम को सफ़ल बनाने के लिए गणमाध्यम के जरिए वृहत्तर सिलापथार इलाके के हर वर्ग के लोगों से 53वा सिलापथार केंद्रीय बोहाग उत्सव आयोजक समिति के अध्यक राजीव गोगोई और उपाध्यक्ष गंगा पेगू ने आह्वान किया।

## पूछताछ में ISI की बड़ी आतंकी साजिश का खुलासा

**● दिल्ली के मंदिर समेत औद्योगिक इकाइयों की भी की थी रेकी**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**



**दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल द्वारा गिरफ्तार किए गए पाकिस्तान खुफिया एजेंसी आइएसआइ के एजेंट और आतंकी शहजाद भट्टी माडुयल के पकड़े गए 9 गुर्गो ने पूछताछ में कई सनसनीखेज जानकारी दी है। दिल्ली का एक बहुत ऐतिहासिक मंदिर था आइएसआइ के निशाने पर था। भट्टी के एक गुर्गे ने उस मंदिर की कुछ समय पहले रैकी की थी। उसने इस मंदिर की फोटो पाकिस्तान में मौजूद इंटरनेट मीडिया हैंडलर्स को भेजे थे।

**बड़े औद्योगिक इकाइयों की भी की थी रेकी**

मंदिर पर मौजूद पुलिस कर्मी और अर्धसैनिक बलों पर गोली चलाकर मंदिर को निशाना बनाना टारगेट में शामिल था। बड़े औद्योगिक इकाइयों की भी रेकी की थी। इसके अलावा दिल्ली-सोनीपत हाइवे पर मौजूद एक ढाबे पर हैंड ग्रेनेड से हमला कर भारी तबाही मचाना भी टारगेट में शामिल था। हिसार में मौजूद एक सैन्य कैंप भी आइएसआइ के निशाने पर था। उसकी भी रेकी के वीडियो पाकिस्तान हैंडलर्स को भेजे गए थे। यूपी के कुछ पुलिस थाने पर मौजूद पुलिसकर्मियों को निशाना बनाना भी टारगेट में शामिल था। बृहस्पतिवार को सेल ने पंजाब समेत कई राज्यों के 9 गुर्गो को सेल ने हथियारों के साथ गिरफ्तार किया था।

## पटना जा रहा विमान लखनऊ डायवर्ट मौसम खराब होने की वजह से चौधरी चरण सिंह एयरपोर्ट पर कराई लैंडिंग



**लखनऊ।** पटना में मौसम खराब होने के कारण वहां जा रहे एक विमान को लखनऊ डायवर्ट कर दिया गया। बुधवार रात को भी पटना में मौसम खराब होने से एक विमान की सुरक्षित लैंडिंग लखनऊ के चौधरी चरण सिंह अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट पर हुई थी। इस विमान के कैप्टन पूर्व केंद्रीय मंत्री और सांसद राजीव प्रताप रूडी थे। शुक्रवार को इंडिगो एयरलाइन का विमान 6ई 6917 दोपहर 2:45 बजे की जगह 3:08 बजे कोलकाता से पटना के लिए रवाना हुआ था।विमान खराब मौसम के कारण पटना में नहीं उतर सका। इसके बाद लखनऊ एटीसी से संपर्क कर शाम 5:28 बजे विमान को लखनऊ में उतारा गया।

## असम के बराक घाटी में गुवाहाटी उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ स्थापना की मांग तेज

**● जनकल्याण के हित में उच्च न्यायालय से जरूरी कदम उठाने की अपील**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**




**श्रीभूमि:** बराक घाटी के उधारबंद कांचाकांति सेवा समिति की ओर से शुक्रवार, 8 मई को असम के बराक घाटी क्षेत्र में गुवाहाटी उच्च न्यायालय की एक स्थायी पीठ स्थापित करने की मांग को लेकर गुवाहाटी उच्च न्यायालय के माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय के नाम डाक माध्यम से एक स्मारक पत्र प्रेषित किया गया। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि बराक घाटी के लोगों को न्यायिक कार्यों के लिए गुवाहाटी तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे उन्हें समय और आर्थिक दोनों प्रकार की कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। विशेष रूप से गरीब एवं सामान्य नागरिकों के लिए यह प्रक्रिया अत्यंत कष्टदायक साबित हो रही है। स्मारक पत्र में कहा गया है कि बराक घाटी की भौगोलिक स्थिति, बढ़ती जनसंख्या तथा न्यायिक मामलों की संख्या को देखते हुए यहां गुवाहाटी उच्च न्यायालय की स्थायी पीठ की स्थापना समय की मांग बन चुकी है। इससे क्षेत्र के लोगों को शीघ्र, सुलभ एवं किफायती न्याय प्राप्त करने में सुविधा होगी।

समिति ने माननीय मुख्य न्यायाधीश महोदय से जनहित को ध्यान में रखते हुए इस विषय पर सकारात्मक पहल करने तथा आवश्यक कदम उठाने की अपील की है। इस अवसर पर समिति के कई सदस्य एवं स्थानीय गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

## बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या, बाहर निकली आंख, कटा मिला कान... शव देख कांप गए लोग

**● पूर्णिया के अमौर थाना क्षेत्र में 70 वर्षीय बुजुर्ग की बेरहमी से हत्या कर दी गई. मक्का खेत में मिला शव क्षत-विक्षत हालत में था. घटना के बाद इलाके में दहशत और आक्रोश का माहौल है. पुलिस एफएसएल और डॉग स्क्वॉयड की मदद से जांच में जुटी है।**

**स्वतंत्र प्रभात संवाददाता**

पूर्णिया जिले के अमौर थाना क्षेत्र से हत्या की एक ऐसी सनसनीखेज घटना सामने आई है. यहां अपराधियों ने एक 70 वर्षीय बुजुर्ग की इतनी बेरहमी से हत्या की कि शव की हालत देखकर ग्रामीणों की रूह कांप उठी. मृतक का शव मक्का के खेत के अंदर लहूलुहान हालत में पड़ा मिला. शव की एक आंख बाहर निकली हुई थी, जबकि एक कान भी कटा हुआ था. घटना के बाद पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है और ग्रामीणों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। मृतक की पहचान बंगरा मेहदीपुर पंचायत के कजरा टोला निवासी मो. इलियास (70 वर्ष) के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि मो. इलियास बुधवार की देर शाम अपने खेत में लगी मक्के की फसल को देखने के लिए घर से निकले थे. घर से निकलते समय उन्होंने अपनी पत्नी नसीमा खातून से चाय बनाने को कहा था और जल्द लौट आने की बात कही थी. मगर काफी देर बीत जाने के बाद भी जब वह वापस घर नहीं लौटे, तो परिजनों को चिंता होने लगी। परिवार वालों ने पहले आसपास के इलाकों में खोजबीन शुरू की. देर रात तक रिश्तेदारों और गांव के लोगों की मदद से उन्हें ढूंढने की कोशिश की गई, लेकिन उनका कोई पता नहीं चल पाया. पूरी रात परिवार के लोग परेशान होकर गांव और खेतों में उन्हें तलाशते रहे। गुरुवार की सुबह गांव के कई लोग भी खोजबीन में जुट गए. इसी दौरान घर से कुछ दूरी पर स्थित मक्का के खेत के पास से गुजर रहे ग्रामीणों को खेत के अंदर एक व्यक्ति का शव दिखाई दिया. शव पूरी तरह खून से लथपथ था. ग्रामीणों ने जब पास जाकर देखा, तो वहां का दृश्य बेहद भयावह था. शव की आंख बाहर निकली हुई थी और एक कान कटा हुआ था. यह देखकर ग्रामीण दहशत में आ गए और शोर मचाने लगे. कुछ ही देर में मौके पर बड़ी संख्या में लोग जुट गए. बाद में शव की पहचान मो. इलियास के रूप में की गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में कोहराम मच गया. मृतक के घर में चीख-पुकार शुरू हो गई. पत्नी नसीमा खातून बेसुध होकर रोने लगीं. परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है. गांव की महिलाएं और आसपास के लोग परिजनों को संभालने में लगे रहे। ग्रामीणों ने तुरंत घटना की सूचना अमौर थाना पुलिस को दी. सूचना मिलते ही अमौर थाना प्रभारी अवधेश कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे. कुछ ही देर बाद बायसी एसडीपीओ जितेंद्र पांडेय भी घटनास्थल पर पहुंचे और पूरे मामले की जानकारी ली. पुलिस ने घटनास्थल को चारों तरफ से घेरकर जांच शुरू कर दी। मामले की गंभीरता को देखते हुए एफएसएल टीम को भी मौके पर बुलाया गया. एफएसएल की टीम ने घटनास्थल से कई अहम साक्ष्य जुटाए हैं. वहीं डॉग स्क्वॉयड की मदद से भी अपराधियों तक पहुंचने की कोशिश की जा रही है. पुलिस आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है और हत्या के पीछे के कारणों का पता लगाने में जुटी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है




कि जिस तरह से बुजुर्ग की हत्या की गई है, उससे साफ लगता है कि अपराधियों ने बेहद क्रूरता के साथ वारदात को अंजाम दिया है. ग्रामीणों में इस घटना को लेकर भारी नाराजगी है. लोगों ने प्रशासन से जल्द से जल्द हत्यारों की गिरफ्तारी कर कड़ी सजा देने की मांग की है। घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल बना हुआ है. लोग इस बात को लेकर चिंतित हैं कि आखिर इतनी बेरहमी से हत्या क्यों की गई. वहीं पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर जांच कर रही है. हत्या के पीछे आपसी रंजिश, जमीन विवाद या अन्य किसी कारण की भी जांच की जा रही है। फिलहाल पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और मामले की तफ्तीश तेज कर दी गई है. पुलिस अधिकारियों का कहना है कि जल्द ही मामले का खुलासा कर अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।